

■ किसी महिला को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता - 12



■ मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा - 12



■ अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की दी चेतावनी- 13



■ ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार- 14



आज का मौसम
24.0°
अधिकतम तापमान
11.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.57
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:54 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 7 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 74, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये



## परीक्षा बोझ नहीं, अंकों के बजाय बेहतर जीवन पर ध्यान दें : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण को किया संबोधित

प्रधानमंत्री ने बोर्ड परीक्षाओं से पहले शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को अनेक मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बोझ नहीं समझें और केवल अंकों पर नहीं, बल्कि जीवन बेहतर करने पर ध्यान नहीं दें। मोदी ने यह भी कहा कि परीक्षाएं उत्सव की तरह होती हैं और इनकी खुशी मनाई जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती।



छात्र से संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए।



इंग्लैंड को रिकॉर्ड छठी बार फाइनल में हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

## भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठवीं बार अंडर-19 विश्व कप जीता

हरारे। युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑल आउट हो गया।

● वैभव सूर्यवंशी ने खेली तूफानी पारी

## 5.25% ही रहेगा रेपो रेट, डिजिटल फ्रॉड पर अब 25,000 का मुआवजा

### आरबीआई ने एमपीसी की बैठक में लिया फैसला, वृद्धि अनुमान 7.4% किया

मुंबई, एजेंसी

● महंगाई में नरमी और अमेरिका से व्यापार समझौते पर बनी सहमति के कारण नहीं बदला रेपो रेट

आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी। वहीं, छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा की घोषणा की।

केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय लिया। इसके साथ आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को बरकरार रखा, जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय



मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बाहरी चुनौतियां बढ़ गई हैं, लेकिन अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का सफल समापन अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। आरबीआई ने फरवरी, 2025 से रेपो दर में अब तक कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है। यह 2019 के बाद से सबसे आक्रामक कटौती है। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीती औसतन 2.1% रहने का अनुमान है, जो केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

गवर्नर मल्होत्रा ने छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा लाने की घोषणा की। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए अंतिम द्विमासिक नीति की घोषणा करते हुए कहा, हम डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाने के लिए संभावित उपायों पर एक परिचर्चा पत्र भी प्रकाशित करेंगे। इन उपायों में विलंब से क्रेडिट और वरिष्ठ नागरिकों जैसे विशिष्ट वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण शामिल हो सकते हैं।

### 1,000 करोड़ से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी को छूट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन नहीं लगा होना चाहिए। उन्होंने इसके पीछे इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया। (विस्तृत कारोबार पर)

### गोल्ड लोन में उच्च वृद्धि के बावजूद चिंता नहीं

**मुंबई।** सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच आरबीआई ने कहा कि वह वित्तीय प्रणाली में कीमती धातु के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) को लेकर पूरी तरह सहज है और इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। स्वर्ण ऋण को लेकर हम बहुत सहज हैं। नवंबर 2025 तक के दो वर्षों में पूरी वित्तीय प्रणाली में कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया है, क्योंकि सोने की कीमतों में उछाल ने ऋणदाताओं को अधिक सहज बना दिया है।

## एसआईआर की समय सीमा बढ़ी अब 10 अप्रैल को जारी होगी सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● दावे और आपत्तियां 6 मार्च तक मैपिंग नोटिस 27 मार्च तक

**अमृत विचार :** यूपी में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान को लेकर चुनाव आयोग ने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की समय सीमा बढ़ा दी है।

अभी तक यह सीमा छह फरवरी थी, अब यह समय सीमा छह मार्च तक रहेगी। इसके अलावा, मैपिंग से जुड़े सभी नोटिसों की प्रक्रिया अब 27 फरवरी की बजाय 27 मार्च तक पूरी की जाएगी । अंतिम मतदाता सूची अब 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

लोकभवन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी



नवदीप रिणवा ने बताया कि फार्म-6 के आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं। मैपिंग को लेकर भी बड़ी संख्या में नोटिस भेजे गए हैं। राजनीतिक दलों ने समय बढ़ाने की मांग की थी। अब तक कुल 3.26 करोड़ लोगों को नोटिस भेजा गया है। 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट हो चुके हैं।

## सांड़ों की लड़ाई में बाइक सवार की मौत, पत्नी-बेटी घायल

● फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर हादसा ससुराल से लौट रहे थे सब्बू

**कलान (शाहजहांपुर)।** फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर दो साड़ों के बीच हो रही लड़ाई की चपेट में आकर बाइकसवार की मौत हो गई, जबकि पत्नी-बेटी घायल हो गई। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

कलान थाना क्षेत्र के मोहल्ला घूमनाथ निवासी सब्बू (45) की ससुराल बदायूं में है। वह पत्नी सारजहां और पुत्री अलीशा को बाइक से लेकर ससुराल गए थे। गुरुवार रात 10:30 बजे वह कलान लौट रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर कुदरासी मोड़ पर दो सांड़ आपस में लड़ रहे थे। अचानक सांड़ इधर-उधर भागे तो सब्बू की बाइक एक सांड़ से टकरा गई जिससे दंपती और उनकी बेटी घायल हो गई। हादसा उनके मकान से तीन किलो मीटर दूरी पर हुआ। सूचना पर कलान पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों घायलों को कलान सीएचसी पर भेज दिया। यहां डॉक्टर ने सब्बू को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी और बेटी का सीएचसी पर इलाज चल रहा है। मृतक अपने पीछे पत्नी व बेटी अलीशा के अलावा दो पुत्र साहिल, आहिल और बेटी अलीना को छोड़ गया है।

## 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक पर रिपोर्ट

● नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म में जाति विशेष को बनाया निशाना, अन्य पर भी रिपोर्ट दर्ज मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**लखनऊ।** ब्राह्मण को निशाना बनाते हुए बनाई गई वेब सीरिज 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक नीरज पांडेय व उसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। इस वेब सीरीज में जाति विशेष को निशाना बनाया गया है। जिसका टीजर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं इसके खिलाफ लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने खुद ही वादी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज घूसखोर पंडत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने फिल्म के निर्देशक व उसके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया। जान लें, एक्टर मनोज बाजपेयी अभिनीत ओटीटी फिल्म घूसखोर पंडत एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है।

### शीर्षक हटाने के निर्देश

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज को प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली किसी भी टिप्पणी से बचने के लिए कहा है।

## बाघ ने युवक को मार डाला अधखाया शव बरामद

● फूस काटने के लिए पड़ोस के जंगल में गया था सुमित गुप्ता

**पलिया कलां।** गौरीफंटा थाना क्षेत्रांतर्गत एक थारू ग्राम निवासी के फूस काटने जंगल गए व्यक्ति को बाघ द्वारा अपना निवाला बना लिया। जानकारी के अनुसार थारू ग्राम छेदिया पश्चिम निवासी मुंशी राम (35) शुक्रवार को दोपहर बाद फूस काटने के लिए पड़ोस के जंगल में गया था। जहां बाघ ने उसे अपना शिकार बनाकर मौत के घाट उतार दिया। उसके देर तक नहीं दिखने पर साथियों ने जब तलाश की तो उसका अधखाया शव कुछ दूर पड़ा मिला। जिसे वे किसी तरह उठाकर बाहर लाए और वन विभाग, पुलिस तथा गांव में सूचना दी। इस पर उसके घर में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

समारोह | हरिद्वार में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की मूर्ति स्थापना समारोह में बोले मुख्यमंत्री

## रामभक्तों का अपमान विरासत का अपमान : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामभक्तों का अपमान केवल किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि भारत की सनातन विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान है। यूपी में एक दौर ऐसा था, जब विरासत को कोसा जाता था।

आस्था को लांछित किया जाता था और रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। इसका दुष्परिणाम प्रदेश अराजकता, लूट और दंगों का केंद्र बन गया। गुंडागर्दी चरम पर थी, न बेटियां सुरक्षित थीं और न व्यापारी। लेकिन भाजपा सरकार आते ही दंगा-दंगाई दोनों गायब हैं। योगी शुक्रवार



को हरिद्वार में आयोजित स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की श्री विग्रह मूर्ति स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न अराजकता है, न फसाद और न ही गुंडागर्दी। न दंगा है, न कर्फ्यू यूपी में अब सब चंगा है। दंगा और दंगाई दोनों गायब हो गए हैं, कर्फ्यू अब दंगाइयों पर लगता है। यह परिवर्तन स्पष्ट नीति, साफ नीयत और बिना भेदभाव के सख्त कार्रवाई का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि क्या किसी ने कल्पना की थी कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होगा, लेकिन आज यह सपना साकार हो चुका है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार, बदरीनाथ और केदारनाथ जैसे आस्था केंद्र अब केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बन गए हैं। समारोह को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के सीएम धामी और निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज ने भी संबोधित किया।

### संत बोले- शेर हैं मुख्यमंत्री योगी

संत समाज ने मुख्यमंत्री को 'उत्तर प्रदेश का शेर' बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यूपी में रामराज्य जैसा वातावरण है। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओं के नेतृत्व में भारत पुन: अपने वैभव को प्राप्त करेगा।


rlrc
ROHILKHAND LABORATORY & RESEARCH CENTRE

क्या आपने पीने के पानी का परीक्षण कराया?



"स्वस्थ जल-सुरक्षित कल"

दूषित पानी से लगातार अनेक बीमारियां और अप्रिय घटनाएं हो रही हैं।
इसीलिए अपनी और अपनों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए पानी की व्यापक जाँच अत्यंत आवश्यक है।
रोहिलखंड लेबोरेटरी एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड (RLRC), एक NABL मान्यता प्राप्त लैब है।
हमारे अनुभवी रसायनज्ञ और तकनीशियन द्वारा पीने के पानी का परिक्षण कराएं
और 48 घंटों के भीतर सटीक और विश्वसनीय परिणाम सुनिश्चित पाएं।

**हमारी सेवाएँ:**
हम अत्याधुनिक मशीनों और वैज्ञानिक मानकों के आधार पर पानी की व्यापक जाँच प्रदान करते हैं।
**pH स्तर और TDS:** पानी का खारापन और अम्लता की जाँच।
**बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीव:** हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई.कोलाई व कोलीफॉर्म) की उपस्थिति का पता लगाना।
**धातु/धातुएं:** आयरन, आर्सेनिक, लेड, फ्लोराइड आदि की मात्रा।
**अन्य पैरामीटर्स:** कड़वाहट, ताजगी, गंध, रंग और स्वाद की जाँच।

सभी परीक्षणों के लिए किफायती शुल्क

**कैसे करें परीक्षण?: बस अपनी पानी की बोतल (1 लीटर नमूना) हमारी प्रयोगशाला में लाएं या हमारी टीम को सैंपल लेने के लिए नीचे दिए गये नंबर पर कॉल करके बुलाएं।**

संपर्क करें: **रोहिलखंड लेबोरेटरी एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड**
**(RLRC PRIVATE LIMITED)**
रोड संख्या 1, बी-4 यूनिट, परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया, बरेली (यूपी) | **फोन: 9258211462, 6397871160**
info@rlrcindia.com | qcnabl@rlrcindia.com | www.rlrcindia.com

जन स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है।

## शहर में आज

- भाकियू भानु की ललौरीखेड़ा ब्लॉक में बैठक सुबह 11 बजे।
- जिला संयुक्त बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण दोपहर 1.30 बजे से।
- सीएमओ कार्यालय स्थित आरोग्य सभागार में वर्कशॉप दोपहर 3 बजे।
- इकरा पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह सुबह 11 बजे।
- जिले की तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम कॉलोनी ईदगाह में हवन दोपहर 12 बजे।
- स्प्रिंगडेल कॉलेज में शतरंज प्रतियोगिता का समापन सुबह 10 बजे।

## शतरंज में शामिल हुए 150 विद्यार्थी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** माधोटांडा रोड पर स्थित स्प्रिंगडेल कॉलेज में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनपद के अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। करीब 150 छात्र छात्रा शामिल हुए।

कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता, उपप्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार यादव को कार्ड देकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने कहा कि शतरंज विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास के लिए उपयोगी खेल है। छह वर्गों में विभाजित करके प्रतियोगिता कराई गई। स्प्रिंगडेल कॉलेज, स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल, लिटिल एंजेल्स स्कूल, लायंस बाल विद्या मन्दिर, इनीशियम ग्लोबल स्कूल आदि के बच्चे शामिल हुए। पहले दिन सभी वर्गों के क्वार्टर फाइनल मैच हुए। सेमीफाइनल में चयनित प्राइमरी बालिका वर्ग में आराध्या, कैलिश, अवरीत कौर, बंधन, बालक वर्ग में अभिराज, अब्दुल्ला, सार्थ, अदम्य रहे। जूनियर बालिका वर्ग में लक्षिता, देवांशी, नमामि, अंशिका, बालक वर्ग में कौशतुभ, लक्ष्य, राघव, सौरीश रहे, जबकि सीनियर वर्ग में मयंक, पानव, अजान, मोहम्मद सुव्हान हैं। सेमीफाइनल और फाइनल मैच शनिवार को होंगे।


शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## बिलंदपुर अशोक में बनेगा पंचायत उत्सव भवन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 1.40 करोड़ की लागत से होगा भवन का निर्माण, मिली मंजूरी
- पहली किश्त के रूप में 70 लाख रुपये का बजट आवंटित
- विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्यों की मिलेगी सहूलियत

**अमृत विचार :** अब ग्रामीण अंचलों में लोगों को बेटे-बेटियों के विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्यों के लिए इधर उधर नहीं भटकना होगा। सरकार अब प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पंचायत उत्सव भवन बनवाने जा रही है। इधर, शासन ने जिले का पहला पंचायत उत्सव भवन पूरनपुर के बिलंदपुर अशोक में बनाने को मंजूरी भी दे दी है। निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 70 लाख रुपये भी आवंटित कर दिए हैं। अफसरों के मुताबिक टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

ग्रामीण अंचलों में आयोजित होने वाली शादी विवाह के साथ अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए भले ही बारातघरों का निर्माण कराया गया हो, मगर अधिकांश गांवों में अभी भी इनका अभाव है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अंचलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए पंचायत उत्सव भवन बनाने का निर्णय लिया है। शासन के निर्देशानुसार पंचायत राज विभाग की ओर से जनपद की सदर विधानसभा, पूरनपुर, बीसलपुर एवं बरखेड़ा विधानसभा में एक-एक पंचायत उत्सव भवन बनाने का प्रस्ताव पूर्व में शासन को भेजा गया था। इधर, शासन ने अब जिले में एक पंचायत उत्सव भवन को मंजूरी दे दी है। यह पंचायत उत्सव भवन पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक में बनाया जाएगा। इसके निर्माण में 1.41 करोड़ रुपये खर्च होगें। शासन की ओर से भवन निर्माण के लिए 70 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है।

### पंचायत उत्सव भवन में होंगे ये निर्माण कार्य

पंचायत उत्सव भवन 522 वर्ग मीटर में बनाया जाएगा। एक हॉल के साथ एक स्टेज भी बनाया जाएगा। इसमें 100 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता होगी। तीन कमरों का निर्माण भी कराया जाएगा। शौचालय के साथ ही रसोई घर का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। पंचायत उत्सव भवन लेने के लिए लोगों को निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। पंचायत विभाग की निगरानी में इसका संचालन किया जाएगा।

> शासन ने पूरनपुर विधानसभा के बिलंदपुर अशोक में पंचायत उत्सव भवन बनाने को मंजूरी दी है। इसको लेकर 70 लाख रुपये की धनराशि भी जारी की गई है। टेंडर प्रक्रिया समेत अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भवन निर्माण शुरू कराया जाएगा। – **रोहित भारती**, डीपीआरओ

## न्यूज ब्रीफ

### सीसी रोड की चौड़ाई कम रखने की शिकायत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पिपराखास के निवासी सोहनलाल, सोमपाल, जगदीश प्रसाद आदि ग्रामीणों ने शुक्रवार को बीडीओ वेदप्रकाश को शिकायत पत्र सौंपा। जिसमें बताया कि गांव में सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के द्वारा सीसी रोड की चौड़ाई काफी कम रखी गई है। चौड़ाई कम होने के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसकी जांच कराकर समाधान की गुहार लगाई।

### ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम नसरुल्लापुर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन फरवरी की सुबह साढ़े पांच बजे उसका भाई हरीश कुमार गांव से डनलप में गन्ना भरकर चीनी मिल बीसलपुर जा रहा था। इसी बीच ट्रक की टक्कर से हरीश कुमार और डनलप के बैल की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### नगर पालिका ने जारी की एनओसी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** नगर पालिका की निगरानी में संचालित नेहरू ऊर्जा उद्यान की बिजली गुल किए जाने के बाद संचालक ने नगर पालिका ईओ संजीव कुमार को पत्र भेजा है। पत्र में पार्क में बिजली आपूर्ति के लिए मीटर लगवाने की अनुमति मांगी है। ईओ ने मीटर लगवाने के लिए एनओसी जारी कर दी है।

# सैलानियों की जेब ढीली करेगी पीटीआर की सैर, स्कूली बच्चों का नहीं लगेगा प्रवेश शुल्क

### सैलानी व वाहन प्रवेश शुल्क पर 50 %, पार्किंग शुल्क में तीन गुना की बढ़ोत्तरी, नई दरें अगले सप्ताह से लागू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आने वाले सैलानियों को पहले की अपेक्षा अब अधिक जेब ढीली करनी होगी। टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन की बैठक में प्रस्तावों को मिले अनुमोदन के बाद अब सैलानियों और वाहनों के प्रवेश शुल्क से लेकर पार्किंग शुल्क में बढ़ोत्तरी की जा रही है। टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक सैलानी एवं वाहनों के प्रवेश शुल्क में 50 फीसदी तक इजाफा किया गया है। वहीं पार्किंग शुल्क तीन गुना तक बढ़ाया गया है। वीकडेज और वीकेंड पर अलग-अलग शुल्क लिया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैवविविधता के दम पर पर्यटन के क्षेत्र में देश-दुनिया में विख्यात है। बाघों की बढ़ी आबादी को लेकर अंतरराष्ट्रीय अवार्ड हासिल कर चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र के दौरान साल-दर-साल सैलानियों की संख्या तेजी बढ़ रही है। बीते पर्यटन सत्र के दौरान विदेशी सैलानियों की आमद ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए थे। सैलानियों की सुविधा के लिए पिछले पर्यटन सत्र तक दो पर्यटन गेट संचालित किए जा रहे थे।

इन्हीं दोनों गेटों के माध्यम से सैलानियों को प्रवेश दिया जाता था। इधर चालू पर्यटन सत्र सैलानियों की सुविधाओं में इजाफा करते हुए तीसरा बराही पर्यटन गेट खोला गया है। अब टाइगर रिजर्व में आने वाले सैलानियों को महोफ के गेट नंबर एक, मुस्तफाबाद और बराही पर्यटन गेट से प्रवेश दिया जा रहा है। टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से सैलानियों को टाइगर रिजर्व ले जाने की लिए 80 से अधिक सफारी वाहनों की व्यवस्था की गई है। टाइगर रिजर्व में आने वाले सैलानी निर्धारित शुल्क देकर इन्हीं सफारी वाहनों के माध्यम से सैलानी चूका बीच, सप्त सरोवर समेत अन्य टूरिज्म प्वाइंटों तक पहुंचते हैं। हालांकि अब टाइगर रिजर्व आने वाले सैलानियों के लिए जंगल में सैर करना थोड़ा महंगा साबित होगा। दरअसल गत वर्ष पहली नवंबर को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में पीलीभीत टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन के शासी निकाय की दूसरी बैठक हुई थी। इस बैठक में सैलानियों, वाहनों आदि के प्रवेश शुल्कों में बढ़ोत्तरी के साथ ही सैलानियों से अब वीकडेज (सोमवार से शुक्रवार तक) और वीकेंड (शुक्रवार व शनिवार) अलग-अलग शुल्क लेने का निर्णय लिया गया था। इधर, अनुमोदित प्रस्ताव पर शासन ने अपनी मुहर लगा दी है। आगामी नौ फरवरी से सैलानियों से शुल्क की बढ़ी दरों के साथ ही वीकेडेज और वीकेंड के हिसाब से शुल्क देना होगा। टाइगर रिजर्व प्रशासन ने इसकी तैयारी भी कर ली है।


टाइगर रिजर्व में जाने को सफारी वाहनों पर सवार होते सैलानी। ● अमृत विचार

### वीकडेज पर 120 और वीकेंड पर 150 रुपये देना होगा प्रवेश शुल्क

टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक अभी तक प्रति सैलानी महज 100 रुपये प्रवेश शुल्क लिया जा रहा था। अब नई व्यवस्था के अनुसार वीकडेज में प्रति सैलानी 120 रुपये और वीकेंड पर 150 रुपये प्रवेश शुल्क देना होगा। स्थानीय स्कूलों के बच्चों से कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह निशुल्क सुविधा स्कूल प्रबंधन की ओर जारी अनुरोध पत्र पर ही मिल सकेगी। जिप्सी व जीनॉन सफारी वाहनों के प्रवेश शुल्क में बढ़ोत्तरी की गई है। अब सफारी वाहनों को वीकडेज पर 400 रुपये और वीकेंड पर 600 रुपये प्रवेश शुल्क देना होगा। अभी तक 300 रुपये प्रति सफारी वाहन प्रवेश शुल्क लिया जा रहा था। इसी तरह अभी तक कार, जीप समेत हल्के चौपहिया वाहन पार्किंग शुल्क 100 रुपये प्रति वाहन लिया जा रहा था। अब वीकडेज पर 200 रुपये और वीकेंड पर 300 रुपये प्रति वाहन पार्किंग शुल्क देना होगा।

> पीटीआर के पर्यटन सत्र के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ सैलानियों की सुविधाओं पर भी खासा ध्यान दिया जा रहा है। शासी निकाय की बैठक में प्रवेश शुल्क आदि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया था। अब उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार संशोधित दरों के अनुसार शुल्क लिया जाएगा। – **मनीष सिंह**, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

## बच्चों ने खुद प्रतियोगिता कर जी-20 राष्ट्रों के बारे में जाना



गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में हुआ वैश्विक शिविर सम्मेलन सप्ताह

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोस्वामी मॉम्स प्राइड स्कूल में वैश्विक शिविर सम्मेलन सप्ताह का आयोजन किया। इसमें कक्षा तीन से 11 तक के छात्र-छात्राओं ने स्वयं प्रतियोगिता कर जी-20 राष्ट्रों के बारे में जाना। साथ ही अप्रवासन वीजा व दूतावास को लेकर ज्ञान बढ़ाया।

लेजेंडस, विक्टर, सुप्रीम और एलीट्स क्लब के बच्चे नाइजीरिया, इटली, फ्रांस, ब्राजील, भारत, जापान आदि देशों के निवासी बने। कार्यक्रम का मेजबान भारत रहा। पहले दिन विभिन्न राष्ट्रों की संस्कृति, सभ्यता, रहन -सहन, वेशभूषा को रोचकता से प्रदर्शित किया गया। दूसरे दिन अलग-अलग राष्ट्रों के पर्यावरण भौगोलिक स्थिति के बारे में प्रश्न पूछे गए। तीसरे दिन अलग-अलग राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक वातावरण, असमानता, जनसंख्या वृद्धि विषय पर वाद विवाद किया। चौथे दिन पान आर्ट कला एवं संस्कृति, लोक संगीत का प्रदर्शन किया। पांचवें दिन सामूहिक चर्चा कर वैश्विक समस्याओं का समाधान निकाला। निर्णायक मंडल में प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी, प्रधानाचार्य जया घोष, विष्णु प्रिया, सुखवंत आदि शामिल रहे। ॠतिक सिंह, अपाला शर्मा, उला कुरैशी, काव्यांजलि त्रिवेदी, नीता भटनागर, इशिता गोयल, आयुष, शिशांत मिश्रा आदि ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## 6.34 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत की बैठक संपन्न

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत की प्रबंध कमेटी की बैठक अध्यक्ष दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। प्रभारी सचिव प्रदीप कुमार अग्निहोत्री ने संचालन किया।

सर्वप्रथम सदस्यों को एजेंडा पढ़कर सुनाया गया। गत बैठक की कार्यवाही बिंदुवार सुनाई गई और सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। समिति बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 को बिंदुवार पढ़कर सुनाया गया। 6.55 करोड़ से अधिक रुपये के आय के सापेक्ष 6.34 करोड़ से अधिक रुपये का बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक हुए व्ययों को मदवार पढ़कर सुनाया गया और स्वीकृति दी गई। सहायक प्रधान प्रबंधक एलएच चीनी मिल को उन्नतशील बीज किसानों को गन्न बुवाई के लिए उपलब्ध कराने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके साथ ही प्रतिदिन की गन्ना खरीद की सूचना कार्यालय को मुहैया कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र, प्रबंध कमेटी सदस्य सत्य प्रकाश गंगवार, भजनलाल गंगवार, विजयपाल गंगवार, धर्मपाल, मोहन सिंह, सोमपाल, अभय शर्मा, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


गन्ना समिति की बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

## मानव-हाथी संघर्ष कम करने के लिए निभाई जाएगी भूमिका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वन एवं वन्यजीव प्रभाग ने विश्व प्रकृति निधि-भारत के सहयोग से की कार्यशाला आयोजित
- बाघ मित्रों, प्रधानों समेत ईको-विकास समितियों के प्रतिनिधियों से लिया जाएगा सहयोग

**अमृत विचार :** मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन को लेकर वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा विश्व प्रकृति निधि-भारत के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें वन अफसरों ने बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष को रोकने के लिए एलीफेंट कॉरिडोर को सुदृढ करने एवं इसमें बाघ मित्रों, प्रधानों समेत ईको-विकास समितियों के प्रतिनिधियों की सहयोग लेने की बात कही गई। मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर पहुंचे वरिष्ठ परियोजना अधिकारी एवं एलीफेंट एक्सपर्ट दबीर हसन ने हाथियों के व्यवहार, प्राकृतिक आवास, कॉरिडोर समेत दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक उपायों की जानकारी दी।

शहर स्थित मरौरी ब्लाक सभागार में शुक्रवार को हुई मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला में वन विभाग के अलावा कृषि विभाग, राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं विकास, सिंचाई, विद्युत विभाग समेत ग्राम प्रधानों, बाघ मित्रों एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायेक्टर मनीष सिंह ने कहा कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। बाघ मित्रों, ग्राम प्रधानों एवं ईको-विकास समितियों के प्रतिनिधियों को सशक्त बनाकर मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन में उनका सहयोग लिया जाएगा। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने कहा कि यह कार्यशाला पीलीभीत के लिए अत्यंत आवश्यक है। जनपद में मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और इस प्रकार की कार्यशालाओं से प्रशिक्षित बाघ मित्र एवं विभागीय कर्मचारी संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका ने बताया कि जंगल के किनारे औषधीय फसलों की खेती कर मानव-हाथी संघर्ष को कम किया जा सकता है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाथी प्रभावित क्षेत्रों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सीओ ट्रैफिक विधि भूषण मौर्य ने कहा कि पुलिस विभाग हमेशा सहयोग के लिए तत्पर है। उत्तर खीरी वन प्रभाग की डीएफओ कीर्ति चौधरी ने हाथियों के कॉरिडोर को सुदृढ़ करने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के बीच समन्वय पर जोर दिया।


मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन कार्यशाला में जानकारी देते डीएफओ भरत कुमार डीके।

### हाथी अपने पूर्वजों के इलाको में करते है भ्रमण

डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने कहा कि हाथियों का पुराना इतिहास रहा है। हाथी अपने अनुवांशिक गुणों के कारण अपने पूर्वजों के इलाको में भ्रमण करते है। कार्यशाला में कर्तनिया घाट से आए वरिष्ठ परियोजना अधिकारी/एलीफेंट एक्सपर्ट दबीर हसन ने तराई एलिफेंट रिज़र्व, हाथियों के व्यवहार, प्राकृतिक आवास, कॉरिडोर, दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक उपायों की जानकारी दी। संचालन डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने किया। कार्यशाला में उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, शारदा सागर खंड के जेई दीपक शुक्ल, बीडीओ मरौरी लियाकत अली, बीडीओ अमरिया दिनेश सिंह, बीडीओ ललौरीखेड़ा लक्ष्मण प्रसाद, डिप्टी रेंजर शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज : जिम्मेदारों की लापरवाही कहीं कर न दे बीमार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डायलिसिस यूनिट के पास ही जमा हो रहा दूषित पानी संक्रमण का खतरा गहराया
- बीते दिनों राज्यमंत्री जता चुके नाराजगी, फिर भी नहीं सुधर रहे हालात

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में अभी कुछ दिन पहले ही कूड़े के ढेर और मेडिकल वेस्ट के खुले में पड़े होने का मामला सुर्खियां बना रहा। इसके बाद जिम्मेदारों ने निगरानी बढ़ाने के साथ ही स्थायी डलावघर के इंतजाम कर बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने के दावे किए थे। मगर, इन तमाम दावों के बीच एक बड़ी लापरवाह तस्वीर बंदोबस्त पर सवाल खड़े कर रही है। डायलिसिस यूनिट और ऑक्सीजन प्लांट के बीच के खाली स्थान पर दूषित पानी का जमावड़ा है। बताते तो ये भी हैं कि ये डायलिसिस यूनिट से निकलने वाला दूषित पानी है। ऐसे में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इसका लंबे समय बाद भी समाधान नहीं हो सका है। आलम ये है कि स्वस्थ रहने के लिए एक तरफ मरीज और तीमारदारों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ जिम्मेदार ही परिसर में स्वच्छता की अनदेखी कर रहे हैं।

बता दें कि पहले जिला संयुक्त अस्पताल संचालित हो रहा था। बीते साल जिले को मेडिकल कॉलेज मिला। इसके बाद तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त भी कराई जा रही हैं। मगर, जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में कई जगह फैली गंदगी संक्रमण की वजह बनती दिख रही है। अभी कुछ दिन पहले ही परिसर में जहां-तहां कूड़े के ढेर लगे थे। इसमें मेडिकल वेस्ट खुले में पड़े होने का भी शोर मचा रहा। फजीहत के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए स्थाई डलावघर बनाते हुए सीसीटीवी से निगरानी कराने की बात कही गई थी। हालांकि इसके बाद संबंधित स्थान पर कूड़े का ढेर नहीं लगा है। वहां पर पहले से काफी साफ सफाई कर दी गई। मगर, परिसर में ही स्थित डायलिसिस यूनिट के पास की तस्वीर जिम्मेदारों की लापरवाही की बानगी बयां कर रही है। बता दें कि दिसंबर 2022 में डायलिसिस यूनिट शुरू की गई थी। यह यूनिट पीपीपी मॉडल पर संचालित है। यहां 10 बेड में संचालन किया जा रहा है। इनमें एक बेड हेपेटाइटिस सी के लिए संरक्षित है। यहां पर तीमारदारों के साथ मरीज पहुंचते हैं। ठीक बराकर की खाली जगह पर दूषित पानी जमा हो रहा है। इसमें कीड़े बगैराह भी देखे जाते हैं। दुर्गंध के चलते नजदीक तक जाना ही मुश्किल है।


डायलिसिस यूनिट से सटी खाली जगह में जमा दूषित पानी। ● अमृत विचार

> डायलिसिस यूनिट पीपी मॉडल पर संचालित हो रही है। इसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित संस्था की है। अगर ऐसा कोई मामला है, तो इसके बारे में अभी तक किसी ने अवगत नहीं कराया है। सीएमएस से जानकारी मांगी जाएगी। इसका सुधार कराएंगे। – **डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज



### कॉलोनी की तरफ की नालियों में भी नहीं की सफाई

बताते हैं कि ये दूषित जल डायलिसिस यूनिट से ही निकलता है। अगर ऐसा है तो ये संक्रमण को लेकर किसी खतरे से कम नहीं कहा जा सकता। बिन बारिश दूषित पानी का जमावड़ा होने की समस्या पर जिम्मेदार निगाहें फेरे हुए हैं। कई बार तो तीमारदार इसी के पास इंतजार को खड़े दिखाई देते हैं। वहीं, जिस स्थान पर स्थायी डलावघर बनाया गया है, वहां पर भी पीछे की तरफ खुले में कूड़ा पड़ा हुआ है। कॉलोनी की तरफ की नालियों में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं कही जा सकती। फिलहाल इस दिशा में कोई उचित कदम नहीं उठाया जा सका है।

## विद्यार्थियों ने पशु-पक्षियों के बारे में जाना


संग्रहालय का भ्रमण करने पहुंचे स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आईवीआरआई बरेली में बच्चों ने किया प्रयोगशालाओं का भ्रमण

**अमृत विचार :** ब्लॉक बिलसंडा के छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत एक्सपोजर विजिट पर शुक्रवार को आईवीआरआई बरेली ले जाया गया। बच्चों ने पशु पक्षियों के बारे में जाना और प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया।

एक्सपोजर विजिट खंड शिक्षाधिकारी बिलसंडा शिव शंकर मौर्य के निर्देशन में किया गया। एक्सपोजर विजिट का आयोजन विकास खंड बिलसंडा और पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय बमरौली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कुल तीन बसों से 100 बच्चे ब्लॉक स्तर और पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बमरौली के 30 बच्चों द्वारा भ्रमण किया गया। बच्चों ने स्टाफ के मार्गदर्शन में संग्रहालय, चिकित्सालय आदि को उत्सुकता से देखा। बच्चों ने पशु अनुसंधान, प्रशिक्षण संस्थान, नाभिकीय अनुसंधान प्रयोगशाला पशु आनुवंशिकी विभाग, केंचुआ पालन और जैविक खाद बनने की प्रक्रिया को देखा। इस मौके पर शिव प्रकाश मिश्रा, शैलेन्द्र , सोमपाल राठौर, गजेंद्र सिंह, फैजान अली, अमित वर्मा, नरेंद्र सिंह, प्रेमपाल, रामवीर, महेश, संजय कुमार, गोपेश शर्मा, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### सीमावर्ती गांवों में लगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**पीलीभीत,अमृत विचार** : एनएमओ भारत ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6 .0 के तहत भारत–नेपाल सीमा से सटे दूरस्थ गांवों में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों का उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीणों को उनके गांव के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। नारायणपुर, इटारिया, गुलड़िया खास, रुद्रपुर, भवानीगंज, राजपुर, लाह आदि गांवों में लगाए गए शिविरों में सामान्य रोगों के साथ नेत्र, त्वचा, स्त्री एवं बाल रोगों की जांच की गई। मरीजों की बीपी व आरबीएस जांच कर नि :शुल्क दवाएं दी गईं। शिविरों के माध्यम से 1025 से अधिक मरीजों की जांच व परामर्श किया गया। कार्यक्रम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने अपने गांव में ही उपचार मिलने पर खुशी जताई।

### गांधी प्रेक्षागृह में मेगा शिविर 22 को

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एक मेगा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को गांधी प्रेक्षागृह में किया जाएगा। प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव सतीश कुमार ने बताया कि इस शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जाएगा। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना आदि योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

### तेजाब से हमला करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गांव भिखारीपुर की एक महिला पर तेजाब से हमला करने के आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी गई तहरीर में ग्राम मुस्कान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति के किसी अन्य महिला से संबंध थे। ससुरालियों की शह पर उसने छह दिन पूर्व एक नाबालिग से दूसरा निकाह कर लिया। जब इसका विरोध किया गया तो ससुरालियों ने मारपीट की। आरोप है कि ननद के उकसाने पर पति जाबिर ने एसिड से हमला कर दियाप। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# एसडीएम की गाड़ी का घेराव, जलाईं फार्म-7 की प्रतियां

## सपा नेत्री ने कार्यकर्ताओं संग किया प्रदर्शन, फर्जी प्रपत्र की मदद से एक वर्ग के वोट काटने का लगाया आरोप, मिला जांच का आश्वासन

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार** : पिछले कई दिनों से समाजवादी पार्टी के नेता एसआईआर के दौरान फार्म नंबर सात के जरिए एक वर्ग के वोट काटने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दे रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मामला तूल पकड़ गया। समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर बीसलपुर एसडीएम को घेराव कर दिया। इतना ही नहीं फार्म-7 की प्रतियां फाड़कर जलाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन देकर मामला किसी तरह शांत कराया। हालांकि इसके बाद जिलाध्यक्ष की अगुवाई में सपा नेताओं ने जिले में पहुंचे कमिश्नर से भी मामले की शिकायत की।

बता दें कि समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव व पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को तहसील बीसलपुर पहुंची। उनका कहना था कि आगामी विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए एसआईआर प्रक्रिया के दौरान फर्जी फार्म-7 भरकर दिए जा रहे हैं। जिसकी मदद से एक वर्ग के वोट काटने का काम किया जा रहा है। इसके साक्ष्य भी उन्होंने अपने पास होने का दावा किया। बीसलपुर एसडीएम नागेंद्र पांडेय जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके तो विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। सपा नेत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ तहसील गेट पर एसडीएम की गाड़ी को घेर लिया और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान फार्म -7 की प्रतियां फाड़कर जलाते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कई बीएलओ भी साथ थे। बताते हैं कि पहले उन्होंने एसडीएम ने वार्ता की और फर्जी फॉर्म को जमा करने वालों पर कार्रवाई की मांग रखनी चाही। मगर एसडीएम अपनी गाड़ी से नीचे नहीं उतरे तो मामला तूल पकड़ गया। बूथ संख्या 24, 394, 392, 414, 380,389, 390, 406, 486 की बीएलओ ने आरोप लगाया कि उनके पास फर्जी तरीके से फार्म जमा किए गए। आरोप था कि भाजपा के कुछ नेताओं ने वोट काटने का दबाव बनाया। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसी तरह मामला शांत हो सका।


बीसलपुर तहसील में कार्यकर्ताओं संग फार्म –7 के प्रपत्र की प्रतियां जलातीं दिव्या गंगवार।


गांधी सभागार में कमिश्नर को ज्ञापन देने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा व अन्य।

### पूरनपुर में युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : पूरनपुर में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का दौरा कर मतदाताओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद अपने आवास पर प्रेसवार्ता की गई। इसमें उन्होंने भी फार्म –7 को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि निरीक्षण के दौरान अधिकांश बूथ पर संबंधित बीएलओ के पास 250 से 450 तक भरे हुए फॉर्म–7 मिले। प्रारंभिक तौर पर इन फॉर्मों में दर्ज अधिकांश आपत्तियां संदिग्ध एवं फर्जी प्रतीत होती हैं। ये भी आरोप लगाया कि अधिकांश आपत्तियां एक ही व्यक्ति के नाम से दर्ज कराई गई हैं, जबकि दूरभाष पर बातचीत के दौरान संबंधित व्यक्ति ने स्वयं ऐसी किसी भी आपत्ति करने से इनकार किया। मांग की गई कि संदिग्ध एवं सामूहिक रूप से भरे गए फॉर्म–7 को तत्काल निरस्त किया जाए। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। खुद के लगाए आरोपों को लेकर उन्होंने साक्ष्य होने का भी दावा किया। इस मौके पर पूर्व विधायक अरशद खां, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव, संजय सिंह यादव, छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी, ओम शर्मा आदि मौजूद रहे।



### सपा जिलाध्यक्ष बोले - पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरा नहीं कार्य

शुक्रवार को जिले में कमिश्नर आए हुए थे। उनसे भी सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की अगुवाई में पहुंचकर सपा नेत्री ने शिकायत की। बताते हैं कि एसआईआर को लेकर कमिश्नर, जिला प्रशासन व राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने फॉर्म–7 की गड़बड़ी से संबंधित सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर फॉर्म छह व सात का दुरुपयोग किया जा रहा है। आरोप लगाया कि फर्जी प्री–प्रिंट फॉर्म और फर्जी शिकायतकर्ताओं के माध्यम से एक वर्ग के मतदाताओं के वोट गलत तरीके से कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है। ये भी आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन ने एसआईआर की प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरा नहीं किया। इस मौके पर सपा नेत्री दिव्या गंगवार, चौधरी प्रदीप पटेल, अमित पाठक एडवोकेट, रूपलाल गंगवार, भगवान दास वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शुरू हुई कुष्ठ रोगियों की जांच

**पीलीभीत, अमृत विचार** : स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा कुष्ठ रोग की जांच सुविधा शुरू कर दी गई है। विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका वर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु से होता है। इसके लक्षणों में त्वचा पर दाग-धब्बे, सुन्नता, नसों में सूजन और संवेदनशीलता में कमी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि समय रहते जांच और उपचार होने पर इस रोग का पूर्ण इलाज संभव है। प्राचार्या डॉ. संगीता अनेजा ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को लंबे समय से बुखार, त्वचा पर ऐसे दाने जिनमें सुन्नता हो या संवेदना कम हो, जैसी समस्या हो तो मेडिकल कॉलेज के त्वचा रोग विभाग में परामर्श लें। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी ने बताया कि अब स्लिट स्किन स्मीयर जांच के माध्यम से बैक्टीरियोलॉजिकल इंडेक्स और मॉर्फोलॉजिकल इंडेक्स का आकलन किया जाएगा। इससे रोग की गंभीरता का सटीक निर्धारण संभव होगा और उसी आधार पर उपचार योजना व रोग की भविष्यवाणी ( प्रग्नोसिस ) की जा सकेगी।

## ईको की टक्कर से पेट्रोल पंप सेल्समैन की जान गई

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव लाडपुर निवासी 21 वर्षीय मुकेश शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे बाइक से गांव महमूदपुर रसुला स्थित पेट्रोल पंप पर ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही ईको ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर हादसे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने से परिजनों को जानकारी हुई।इस पर वह भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक चार भाई-बहनों में सबसे छोटा था। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ईको चालक की तलाश की जा रही है।

## धान खरीद के संबंध में नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन


नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन शुक्रवार को नायब तहसीलदार पूरनपुर को सौंपा।

इसमें इसमें कहा कि पूरनपुर मंडी समिति में सरकारी धान खरीद की निर्धारित समय सीमा के भीतर करीब 45 दिनों से कई किसान धान लेकर तौल के इंतजार में रहे। मगर किसानों की फसल की तौल नहीं कराई गई और केंद्र पहले ही बंद कर दिए गए। आने-पौने दाम पर धान राइस मिलर्स को बेचना पड़ा। अभी भी कई किसानों का ाान तौल नहीं हो सका है। जिसकी तौल कराने और भुगतान की मांग की गई। ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, बलजीत सिंह, सर्वेश कुमार आदि थे।

## बंद मकान से चोर समेट ले गए नकदी जेवर और बर्तन

**गजरौला, अमृत विचार** : पुलिस गश्त को धता बताते हुए चोरों ने एक बार फिर दस्तक दी। इस बार भी निशाने पर बंद मकान रहा। चोर मकान में घुसे और नकदी-जेवरात समेट ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। हालांकि कोई साक्ष्य जुटाया नहीं जा सका है।

घटना गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया में हुई। यहां की रहने वाली गुलाबो देवी ने बताया कि उनका बरखेड़ा रोड पर मकान है। गुरुवार रात मकान बंद था। ताले तोड़कर चोर भीतर घुसे। तीन हजार नकद, जेवर, बर्तन समेत सवा लाख कीमत का सामान समेट ले गए। महिला ने बताया कि दो साल पहले पति की मौत हो चुकी है। वह घर पर अकेली रहती है। तीन पुत्र बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच कराई जा रही है।

## गोमती जीवन यात्रा के संबंध में हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : यूथ इन एक्शन के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह पीलीभीत पहुंचे। उन्होंने आगामी गोमती जीवन यात्रा के संदर्भ में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से भी मुलाकात की। यात्रा की रूपरेखा साझा करते हुए आवश्यक प्रशासनिक सहयोग का आग्रह किया।

उन्होंने शहर के एक रेस्टोरेंट में गोमती जीवन यात्रा के जिला संयोजक अंशुमन तिवारी ने साथियों संग शतरुद्र प्रताप सिंह का स्वागत किया और आगामी यात्रा के संबंध में बैठक की गई। इसमें राष्ट्रीय संयोजक ने बताया कि गोमती नदी प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई नगरों की जीवनरेखा है, लेकिन समय के साथ वह लुप्त होती जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से हम गोमती नदी के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने और कचरे व अतिक्रमण से व्यथित गोमती नदी की पुकार बनने का प्रयास करेंगे। गोमती उद्गम स्थल से शुरू होकर गोमती मां के मार्ग में पड़ने वाले भिन्न भिन्न ग्रामों, नगरों, शैक्षणिक इकाइयों, घाटों, तीर्थ क्षेत्रों आदि पर स्वच्छता कार्यक्रम, नदी संरक्षण को जनजागरुकता गोष्ठी, पौधारोपण, जनसंवाद करते हुए यात्रा गाजीपुर के कैथी घाट पर समाप्त होगी। इस मौके पर सहसंयोजक आकाश पांडेय, सुखवीर सिंह भदौरिया, अकलीम अहमद मलिक, दिवाकर वर्मा, हिमांशु जैसवार, शिवम माथुर, ललित श्रीवास्तव, सचिन ठाकुर, अर्पित भटनागर, राम औतार वर्मा, गौरव पांडेय आदि मौजूद रहे।


डीएम से मुलाकात करते यूथ इन एक्शन के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह और जिला संयोजक अंशुमन तिवारी। ● अमृत विचार

● यूथ इन एक्शन के राष्ट्रीय संयोजक शतरुद्र प्रताप सिंह का किया स्वागत

## किसान खड़ी फसल पर दानेदार फास्फेटिक उर्वरकों का न करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पूरनपुर के औद्यानिक उत्पादन एवं विपणन सहकारी समिति इंद्रानगर में आगामी बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अंतर्गत नैनो उर्वरको के प्रयोग और जागरुकता के लिए किसान सभा आयोजित की गई।

इफको के क्षेत्र अधिकारी दीपक चौधरी ने किसानों को जानकारी दी। कहा कि नैनो डीएपी से गन्ना के बीज पर स्प्रे करके करके 30-40 मिनट तक छायादार स्थान पर सुखाकर बुवाई करने और एनपीके या डीएपी की मात्रा आधी करके बुवाई करे।

इससे लागत कम होगी और अधिक जमाव एवं फुटाव होगा। उन्होंने आगे कहा कि किसानों को कभी भी खड़ी फसल पर दानेदार फास्फेटिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस मौके परएसएफए अंकुर कुमार ने न्यूट्रैक्स जल विलय उर्वरकों के बारे में जानकारी दी। अंत में किसानों को निःशुल्क बायो डी-कंपोजर का वितरण किया गया।



किसान सभा में जानकारी देते इफको के क्षेत्र अधिकारी दीपक चौधरी।

● जागरूक करने के लिए किसान सभा का किया आयोजन

## पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार** : ग्राम सिरसा सरदाह निवासी सपना देवी पुत्री जगमोहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी 16 मार्च 2024 को ग्राम महुआ के विजय सिंह यादव से हुई थी। शादी में करीब दस लाख रुपये खर्च हुए थे। दिए गए दान दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में दो बीघा जमीन और कार की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने लगे। बीते साल सात माह की गर्भवती हालत में ससुर ने फरवरी माह में मारपीट की। तबीयत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पुत्र का जन्म हुआ। मायके वालों ने ही खर्च किया। इसके बाद ससुराल वाले ले गए और प्रताड़ित करते रहे। 13 जनवरी को पीटकर घर से निकाल दिया। एसओ बृजवीर सिंह ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## मृतक पर दर्ज की दुष्कर्म की रिपोर्ट

दियोरियाकलां, संवाददाता

**अमृत विचार** : ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद चचेरे चाचा द्वारा खुदकुशी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं, बच्ची के पिता की ओर से दी गई तहरीर पर मृतक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को हुई थी। घर पर खेल रही ढाई साल की मासूम बच्ची से उसके चचेरे चाचा ने दुष्कर्म किया था और फिर आरोपी ने खुदकुशी कर ली थी। देर रात ही एएसपी विक्रम दहिया, सीओ प्रगति चौहान समेत कई अधिकारियों ने पहुंचकर जानकारी की थी। आरोपी और पीड़ित का परिवार एक ही मकान में रहता है। आत्मग्लानि में आरोपी के खुदकुशी करने की बात पुलिस मान रही है।

**पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज : बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर के रहने वाले लाल बिहारी पुत्र नेमचंद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री ज्योति देवी की शादी वर्ष 2005 में जनपद बरेली के थाना प्रेम नगर क्षेत्र के गांव छोटी बिहार निवासी आकाश पुत्र रामचंद्र से हुई थी। ससुराल वाले दिये गए दान दहेज से खुश नहीं थे। आए दिन मांग की जाती रही। 12 जनवरी को पति आकाश, ससुर रामचंद्र, सास माया देवी ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : एसपी के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि वर्ष 2020 में थाना सुनगढ़ी में उसने दुष्कर्म व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोपी नितिन सिंघल लंबे समय से फरार चल रहा था। तीन दिसंबर 2025 को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद से आरोपी के परिजन पीड़िता पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।आरोप है कि 17 दिसंबर 2025 को आरोपी के परिजनों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पीड़िता के मोबाइल पर कई बार कॉल कर दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी का भाई मनोज, बहन रीतू, पत्नी रेखा और एक अज्ञात व्यक्ति निवासी फफराना जिला गाजियाबाद ने उसे कचहरी में घेर कर गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी । मारपीट कर धक्का देकर गिरा दिया गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## व्यापारी नेता के प्रतिष्ठान पर हुई शोकसभा

**पीलीभीत, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर शुक्रवार को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय खंडेलवाल, उद्योगपति लक्ष्मी नारायण अग्रवाल और खाद व्यापारी संदीप अग्रवाल के असमायिक निधन पर शोक सभा हुई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। दस मौके पर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, मोहम्मद जाहिद खान, विजयपाल विक्की, नवीन अग्रवाल, तारिक़ कुरैशी, बलजीत सिंह खैरा, राजू खंडेलवाल, दीपक बंसल, रणजीत सिंह, सलमान खान, रविंद्र भारद्वाज, ऋग्वेद खंडेलवाल, विजय नागी, संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, सुशील वर्मा आदि रहे।

## मंडलायुक्त ने एसआईआर के संबंध में अफसरों संग की बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के साथ एसआईआर से संबंधित रिपोर्ट साझा करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद मंडलायुक्त बीसलपुर तहसील पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों का गहनता से अवलोकन करने के साथ लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी शुक्रवार अपरान्ह पीलीभीत पहुंचे। गांधी सभागार में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में एडीएम वित्त /उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में एसआईआर से संबंधित एईआरओ, ईआरओ के बारे में बताया। साथ ही मतदाताओं को जारी किए गए नोटिस एवं नोटिस प्राप्तकर्ताओं की सुनवाई के संबंध में जानकारी दी। अब तक जमा किए गए फार्मों के बारे में अवगत कराया। बताया कि पांच राजनीतिक पार्टियों के द्वारा बीएलए नियुक्त किए गए हैं। इस पर मंडलायुक्त ने एसआईआर से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट प्रतिदिन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से साझा करने के निर्देश दिए गए। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने मंडलायुक्त को आश्वस्त करते हुये कहा कि आप द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


बीसलपुर तहसील का निरीक्षण करते मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी। ● अमृत विचार

● राजनीतिक दलों के साथ एसआईआर से संबंधित रिपोर्ट साझा करने के निर्देश

### निरीक्षण कर एक वर्ष से पुराने सभी लंबित प्रकरण शीघ्रता से निस्तारित करने को कहा

बैठक के बाद मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी बीसलपुर तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर का निरीक्षण करने के साथ दैनिक वसूली रजिस्टर, तालाब आवंटन रजिस्टर, पट्टा आवंटन रजिस्टर, तहसील दिवस आदि से संबंधित अभिलेखों को गहनता से देखा। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक वर्ष से पुराने सभी लंबित प्रकरण शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने पट्टा आवंटन पर वृक्षारोपण की स्थिति जांचने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अभिलेखागार, कंप्यूटर रूम, कार्यालय रजिस्ट्रार कानूनगो एवं संग्रह कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसडीएम नागेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## रटने के बजाय सीखने पर दें ध्यान


प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनते स्प्रिंगडेल कॉलेज में छात्र–छात्राएं। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : स्प्रिंगडेल कॉलेज में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण का सीधा प्रसारण उत्साहपूर्वक देखा गया। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के संवाद के माध्यम से परीक्षा के तनाव को दूर करने और उसे उत्सव की तरह मनाने के गुर सीखे। सुबह 10 बजे से कॉलेज परिसर में प्रधानमंत्री के संबोधन को डिजिटल स्क्रीन के जरिए दिखाया गया। इसमें छात्रों को सलाह दी गई कि वे रटने के बजाय सीखने पर ध्यान दें और परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखें। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। इस कार्यक्रम से जुड़ी पूर्व प्रतियोगिताओं में स्प्रिंगडेल के छात्र पानद्र जगोता ने प्रथम स्थान पाया।

● प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान दिए टिप्स

न्यूज ब्रीफ

### पांच केंद्रों पर होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

बरेली, अमृत विचार : मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी, मौलवी (सेकंडरी) एवं आलिम (सीनियर सेकंडरी) की परीक्षाएं 9 से 14 फरवरी तक पांच केंद्रों पर होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित कराई जाएंगी। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। जिले में कुल 1930 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। प्रथम पाली में मुंशी एवं मौलवी सेकंडरी की परीक्षा सुबह आठ से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली में आलिम सीनियर सेकंडरी की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

### लोकतंत्र की रक्षा समाजवादी पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता

बरेली, अमृत विचार : एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बरेली पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सर्किट हाउस में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईआर में फॉर्म-7 से संबंधित स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ स्तर पर फॉर्म-7 की गंभीरता से जांच करें। प्रत्येक बूथ पर यह सुनिश्चित किया जाए कि कितने मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और यह कटौती सही है या नहीं।

# अब पूरनपुर तक नहीं लगानी होगी दौड़ कलीनगर में बनेगा रजिस्ट्री कार्यालय

## शासन स्तर से मिली स्वीकृति, सफल संचालन के लिए पदों का भी होगा सृजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : कलीनगर तहसील क्षेत्र में गुजर बसर कर रही बड़ी आबादी के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद की ओर से शासन स्तर पर किए गए प्रयासों के बाद तहसील कलीनगर में उपरजिस्ट्रीकरण कार्यालय की स्थाना की स्वीकृति शासन स्तर से कर दी गई है। इसका सफल संचालन हो सके, इसके लिए प्रदेश सरकार ने पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी है। अब जल्द ही उपनिबंधक कार्यालय कलीनगर पूरी क्षमता के साथ संचालित हो सकेगा।

बता दें कि जिले के तहसील कलीनगर क्षेत्र के लोगों को रजिस्ट्री संबंधी कार्यों के लिए पूरनपुर तहसील तक दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे समय और धन दोनों का भार पड़ता था। एक कार्य में कई चक्कर लगाने के दौरान लोग परेशान हो जाते थे। इसके बाद कलीनगर में उपरजिस्ट्रीकरण कार्यालय की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही थी। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद ने इसका संज्ञान लिया और शासन स्तर पर प्रयास किए गए। इसके बाद अब इसकी मंजूरी मिल गई है। कलीनगर में उपरजिस्ट्रीकरण कार्यालय खुलने से क्षेत्र के करीब 170 गांवों की बड़ी आबादी को लाभ मिल सकेगा।

भूमि क्रय विक्रय, पंजीकरण समेत अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अब पूरनपुर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। कलीनगर में ही उनके राजस्व संबंधी कार्य हो जाएंगे। धन और समय दोनों की वचत होगी। इसे क्षेत्र के विकास से जोड़कर भी देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों ने इसे लेकर आभार जताया है।



तहसील कलीनगर का भवन।



"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार ग्रामीण विकास से संबंधित कार्य हो रहे हैं। इसका सीधा लाभ ग्रामीण जनमानस को मिल रहा है। कलीनगर तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय का निर्माण क्षेत्र के विकास एवं जनहित में लिया गया एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।
– **जितिन प्रसाद**, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद

- **केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किए थे प्रयास, 170 गांवों की आबादी होगी लाभान्वित**

### चार साल पहले भेजा गया था प्रस्ताव

बता दें कि वर्ष 2016 में कलीनगर को तहसील का दर्जा मिला था। इसमें 170 गांवों को समायोजित किया गया है, जोकि पहले पूरनपुर तहसील क्षेत्र में आते थे। बताते हैं कि इसके लिए करीब चार साल पहले ग्रामीणों की मांग पर एआईजी स्टांप की ओर से उप निबंधक कार्यालय खोलने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। जिसको आखिरकार अब स्वीकृति मिल गई है। बता दें कि कलीनगर की तरह अमरिया को भी तहसील का दर्जा मिल चुका है। यहां पर भी रजिस्ट्री कार्यालय को लेकर उसी दौरान प्रस्ताव भेजा गया था। जिम्मेदारों की मानें तो इसे लेकर भी जल्द निर्णय लिया जा सकता है।

## आईपीएस अधिकारी बताकर महिला से ठगे 15.30 लाख

बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों ने सैनिक की विधवा को दिल्ली पुलिस का आईपीएस अधिकारी बनकर कॉल किया और 15.30 लाख रुपये की ठगी कर ली।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गायत्री नगर गली नंबर 8 की रहने वाली सुनीता सिंह के पति सेना में थे और उनकी मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2025 को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस में आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार गौतम बताते हुए कहा कि आपका बैंक खाता फ्राड में इस्तेमाल हुआ है और पुलिस कार्रवाई की बात कहकर फोन पर डराने लगा। डर की वजह से उसने अपने तीन अलग अलग बैंक खातों से कॉल करने वाले युवक के बताए खातों में 20 अगस्त को 5 लाख रुपये, 21 अगस्त को 80 हजार रुपये, 23 अगस्त को 50 हजार रुपये, 8 सितंबर को 9 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता लगा कि उसके साथ साइबर फ्राड हुआ है। महिला की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में अज्ञात पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कला और संगीत क्षेत्र में योगदान देने वाले सम्मानित


कार्यक्रम में पुरस्कृत की जातीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : संस्कार भारती के तत्वावधान में महर्षि भरत मुनि के जन्मदिवस और स्वर कोकिला लता मंगेशकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित की गई। डॉ. ऋचा वार्ष्णेय के आवास पर हुई गोष्ठी में कला और संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान लायंस बाल विद्या मंदिर की संगीत अध्यापिका नीलम सक्सेना और वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश चंद्र मिश्रा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. नीलेश कटियार ने किया। डॉ. रेनू सक्सेना ने महर्षि भरत मुनि के जीवन और नाट्य शास्त्र की महत्ता पर प्रकाश डाला।

नेहा पंत ने सभी रसों की भावपूर्ण नाट्य प्रस्तुति देकर जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. पूनम चंद्रा, पुष्पा सिंह, योगेंद्र गोस्वामी, देवेंद्र गोस्वामी और अविनाश मिश्र ने उत्कृष्ट रचना पाठ किया। डॉ. उपेंद्र नाथ ने वीर रस की कविताएं पेश की। द्वितीय सत्र में भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. भरत कंचन, डॉ. आदित्य पाण्डेय, डॉ. दीपा मिश्रा, अलका मालपनी आदि मौजूद रहे।

# जिला क्षय रोग अस्पताल में एक्स रे फिल्म नहीं होने से मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **टनकपुर हाईवे पर संचालित अस्पताल में मोबाइल से फोटो खींचकर चला रहे काम**
- **सीबी नॉट की कार्ट्रिज न होने से जांच प्रभावित, फेफड़ों की स्थिति स्पष्ट रूप से देखना मुश्किल**

अमृत विचार : टीबी अस्पताल इन दिनों खुद संकट से घिरा हुआ है। दो माह से मरीजों की जांच के बाद एक्सरे की फिल्म और 15 दिनों से सीबीनॉट जांच ठप है। बताते हैं कि अभी शासन स्तर से कॉर्टिज और फिल्म उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। ऐसे में मरीजों को परेशानी हो रही है। वह जांच कहीं और से कराने के बाद यहां दवा लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

टनकपुर हाईवे पर संचालित जिला क्षय रोग अस्पताल में जिलेभर से मरीज पहुंचते हैं। वर्तमान में करीब 1200 के आसपास टीबी मरीज हैं।

जिनको यहां से ही दवा और जांच आदि की सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। नए मरीजों की पुष्टि करने के लिए मशीनें आदि लगी हुई है। जिनसे जांच की जाती है। मगर दो माह से फेफड़ों का एक्सरे करने के लिए लगाई गई मशीन की फिल्म खत्म है। ऐसे मरीजों को एक्सरे करने के बाद टेक्नीशियन रिपोर्ट के नाम पर मोबाइल फोन में फोटो खींचकर थमा रहे हैं।

एक्सरे फिल्म न होने से फेफड़ों की स्थिति स्पष्ट रूप से देखना मुश्किल हो रहा है। टीबी के मरीजों में एक्सरे के माध्यम से बीमारी की गंभीरता और असर का आकलन किया जाता है। मोबाइल में खींचे गए फोटो एक्सरे की स्पष्टता नहीं दे पाते, जिससे इलाज में अनुमान का सहारा लेना पड़ रहा है।

कई बार मरीजों को मजबूरी में बाहर से भी एक्सरे कराना पड़ रहा है। इतना ही नहीं टीबी की पुष्टि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाने वाली सीबीनॉट जांच भी 15 दिन से ठप है।

बताया जा रहा है कि सीबीनॉट जांच में प्रयुक्त होने वाली आवश्यक किट ( कार्ट्रिज) उपलब्ध न होने के कारण जांच नहीं हो पा रही है।

इससे नए संदिग्ध टीबी मरीजों की समय पर पुष्टि नहीं हो पा रही है। सीबीनॉट जांच का उपयोग टीबी के बैक्टीरिया की त्वरित पहचान और यह जानने के लिए किया जाता है कि मरीज को दवा प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर) तो नहीं है। यह जांच कम समय में सटीक रिपोर्ट देती है, जिससे सही दवा और इलाज तय किया जा सके।

### कॉर्टिज और फिल्म जल्द मिलने की उम्मीद

जांच ठप होने से मरीजों को या तो सामान्य जांच के भरोसे इलाज शुरू करना पड़ रहा है या फिर जिला अस्पताल में लगी ट्रूनॉट मशीन से कराना पड़ रही है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एक्सरे फिल्म और सीबीनॉट जांच किट की मांग उच्च स्तर पर भेजी जा चुकी है। आपूर्ति होते ही व्यवस्था को सामान्य कर दिया जाएगा। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मरीजों का इलाज जारी रखा जा रहा है। एसीएमओ डॉ. एस के सिंह ने बताया कि कॉर्टिज और फिल्म के लिए डिमांड की गई है। जल्द ही मिलने की उम्मीद है।

# आसाराम के आश्रम पर कार्रवाई का रास्ता साफ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **गुजरात हाईकोर्ट के फैसले पर शाहजहांपुर में पीड़िता के पिता ने जताई संतुष्टि**
- **सरकारी जमीन पर बने आश्रमों पर उठे सवाल, अन्य स्थानों पर भी हो कार्रवाई**

अमृत विचारः दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिए गए आसाराम के अहमदाबाद स्थित आश्रम पर प्रशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। गुजरात हाईकोर्ट की ओर से आश्रम से जुड़ी याचिका खारिज किए जाने के बाद शाहजहांपुर में रहने वाली पीड़िता के पिता ने इस निर्णय को न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उनका कहना है कि इस फैसले से सच्चाई सामने आने की उम्मीद और मजबूत हुई है।

पीड़िता के पिता ने कहा कि आसाराम ने देश के अलग-अलग हिस्सों में सरकारी भूमि पर कब्जा कर आश्रम खड़े किए। ऐसे सभी मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जहां भी सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हुआ है, वहां कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल अहमदाबाद के आश्रम पर बुलडोजर चलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क की पड़ताल जरूरी है।

उनका कहना है कि अहमदाबाद में बना आश्रम भी सरकारी भूमि पर था, जिसे खाली कराने के आदेश पहले ही दिए जा चुके थे। इसी आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका को गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आसाराम पहले एक एकड़ जमीन खरीदता था और फिर उसके आसपास की सरकारी जमीन पर कब्जा कर वहां आश्रम का विस्तार कर लेता था। पीड़िता के पिता ने यह भी बताया कि शाहजहांपुर में स्थित आसाराम के आश्रम की जमीन उनके परिवार की ओर से खरीदी गई थी। उस समय उनका परिवार आसाराम का अनुयायी था और जमीन उसके नाम दर्ज करा दी गई थी। उन्होंने कहा कि तब उन्हें यह अंदेशा नहीं था कि आगे चलकर उनका परिवार इतने बड़े दुख और संघर्ष से गुजरेगा।

# वीर शिवाजी के जीवन को जरूर पढ़ें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पूरनपुर में विराट हिंदू सम्मेलन में बोलीं साध्वी सरस्वती**

अमृत विचार : पूरनपुर के सिरसा चौराहा के पास स्थित मैदान पर शुक्रवार को विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि साध्वी सरस्वती, मुख्य वक्ता क्षेत्रीय प्रचार प्रसार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पदम सिंह और विशिष्ट अतिथि सरदार शेर सिंह रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता महाराज राघव दास ने की।

सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की गई। विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविताएं सुनाई। मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर देश भर में विराट हिन्दू सम्मेलन हो रहे हैं।

मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन को पढ़ना होगा। मातृशक्ति से निवेदन करते हुए कहा कि हमें जीजाबाई बनना होगा। हमें अपने बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करना होगा। उनके मन मस्तिष्क में यह भाव प्रकट करना होगा। ये भी कहा कि बॉर्नविटा दूध छोड़कर गाय का शुद्ध दूध देकर अपने बच्चों की परवरिश करें और संस्कार को जीवित रखें। सिख समाज का नमन करते हुए चार साहिबजादों को नमन किया। कहा कि उन्होंने अपने गुरुओं की वाणी को सत्यापित करते हुए धर्म परिवर्तन नहीं किया अपितु बलिदान स्वीकार किया। संचालन जगदीश सक्सेना ने किया। इस मौके पर सह प्रांत प्रचारक विनोद कुमार, विभाग संघचालक ओमप्रकाश, सह विभाग प्रचारक अमित कुमार, जिला संघचालक शिव कुमार, जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, नगर प्रचारक कुलदीप कुमार, स्वतंत्र देवल, राहुल गजवानी, देवेश कुमार, प्रखर शुक्ला, शिवांशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।



संबोधित करतीं साध्वी सरस्वती।

## न्यूज डायरी

### भूमि पूजन के साथ शुरू किया भौरुआ पुल का निर्माण

बीसलपुर, अमृत विचार : शासन से स्वीकृति के बाद भौरुवा गांव में देवहा नदी पर पुल व सुरक्षित मार्ग निर्माण कार्य की शुरुआत कराई गई। शुक्रवार को विधायक विवेक वर्मा ने अपने पिता पूर्व मंत्री रामशरण वर्मा के साथ भूमि पूजन किया। इसी के साथ निर्माण कार्य शुरू कराया गया इस पुल के निर्माण के लिए 31.69 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गईहै। पुल निर्माण के लिए प्रथम किस्त 8.74 करोड़ मंजीर कर दी थी। ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा ने भी यज्ञ में आहुति दी। एक साल में कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था को दी गई। पुल का निर्माण होने से बरेली तक का सफर 10 किलोमीटर कम हो जाएगा। मीरपुर बाहनपुर, राजुपुर कुंडरी, किशनी, परेवा समेत दो दर्जन गांवों का आवागमन सुगम होगा।



### 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई



मझोला, अमृत विचार : एसके पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कक्षा 11 के छात्रों ने नृत्य, गीत और भावुक प्रस्तुतियों से सीनियर्स को अलविदा कहा। प्रिंसिपल एमसी तिवारी ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से परीक्षा और जीवन दोनों में सफलता हासिल की जा सकती है। प्रशासकीय अधिकारी राजेंद्र सिंह ने नेक इंसान बनने पर जोर दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर जगजीत सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उर्स में उमड़े अकीदतमंद, अमन-चैन की दुआ की



अमरिया, अमृत विचार : ग्राम पिंजरा वमनपुरी में हजरत अब्दुल कुद्दूस शाह मियां और हजरत सैयद मियां के 128वें सालाना उर्स का शुक्रवार को कुल शरीफ के साथ समापन हुआ। गुरुवार रात मजार पर अकीदतमंदों की भीड़ रही। दूर-दराज से आए ज़ायरीनों ने मजार पर चादरपोशी की और अमन, चैन की दुआ की। कव्वाली का कार्यक्रम शुक्रवार सुबह चार बजे तक चला। सुबह 11 बजे कुल शरीफ संपन्न हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी रियाज अहमद के पुत्र शाने अली भी शामिल हुए।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर पांच ग्राम प्रधान सम्मानित



दियोरियाकलां, अमृत विचार : उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच ग्राम प्रधानों को बरेली में वन मंत्री डॉ .अरुण सक्सेना द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें बड़ागांव के ग्राम प्रधान सचिन गंगवार, जादौपुर नथा के प्रधान संजय कुमार, दियोरियाकलां के ग्राम प्रधान अजय सिंह, बेहटी के ग्राम प्रधान नितिन कुमार और ओड़ाझार के प्रधान सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर नेमचंद्र गंगवार शामिल रहे। शुक्रवार को बरेली में वन मंत्री ने पांचों ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। बता दें कि ग्राम प्रधान अजय सिंह राष्ट्रीय स्तर के शूटर हैं। वह तमाम पदक हासिल कर चुके हैं।

# सीसी मार्ग और नाली निर्माण का लोकार्पण

पीलीभीत, अमृत विचार : शहर के वार्ड नंबर 23 में बाबूराम के मकान से सरोज के मकान तक बने सीसी मार्ग और नाली निर्माण कार्य का शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शुक्रवार को लोकार्पण किया। उन्होंने फीता काटकर इसकी शुरुआत कराई व शिलापट का अनावरण किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मोहल्ले वासियों को बेहतर आवागमन मुहैया कराने के लिए गली का निर्माण कराया गया है। मोहल्ले के लोगों ने आभार जताया। सरोज, पप्पू, राम सिंह, विपिन मिश्रा, तारीक हुसैन, किरन, विधि, करन प्रजापति, सभासद साकेत सक्सेना आदि मौजूद रहे।


लोकार्पण करतीं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल।

# यूपी बोर्ड : परीक्षा में नहीं उतरवाए जाएंगे परीक्षार्थियों के जूते-मोजे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **परीक्षार्थियों का समय बर्बाद न हो इसके लिए केवल परीक्षा केंद्र के गेट पर होगी जांच**

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा होने में मात्र 12 दिन शेष रह गए हैं। परीक्षार्थी तैयारी में जुटे हैं। वहीं माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षार्थियों की सहूलियत को लेकर निर्देश जारी किए जा रहे हैं। नए निर्देशों में बोर्ड ने राहत प्रदान करते हुए परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के जूते मोजे न उतरवाने का आदेश दिए हैं। बीते सालों में परीक्षा के दौरान केंद्रों पर जूते मोजे उतरवा कर परीक्षा लेने की शिकायत मिलने के बाद परिषद ने बदलाव किया है। इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश दिए गए हैं।

बता दें कि 18 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार जिले में कुल 41821 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 23241 और इंटरमीडिएट के 18580 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। पहले की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के जूते मोजे उतरवाए जाते थे, लेकिन इस बार बोर्ड ने इससे साफ इंकार कर दिया है। किसी भी तरह की परेशानी परीक्षार्थियों को नहीं होने दी जाए।

इसको लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ प्रशासन को मिले आदेश में कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। परीक्षार्थियों का परीक्षा के दौरान समय बर्बाद न हो इसके लिए उनकी जांच केवल परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर की जाए। जिससे बच्चों को बार-बार जांच से गुजरना नहीं पड़े। वहीं महिला परीक्षार्थियों की जांच सिर्फ महिला शिक्षक ही करेंगी। पुरुष शिक्षक किसी भी दशा में छात्राओं की तलाशी नहीं लेंगे।

इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और वॉइस रिकॉर्डर सही हालत में रखने को कहा गया है। उनके खरात की होने की जानकारी केंद्र व्यवस्थापक द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को दी जाएगी। ताकि उसकी समयबद्ध तरीके से व्यवस्था की जा सके।

डीआईओएस डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड की ओर दी गई गाइडलाइन का पालन कराया जाएगा। परीक्षा की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। अब अभ्यास चल रहा है। ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक घायल

**भानपुर, अमृत विचार :** थाना भीरा के गांव बीबीपुर निवासी मुन्नालाल और कपिल बिजुआ की तरफ से बाइक से भानपुर की ओर साप्ताहिक बाजार करने जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार बृजेश, निवासी मुड़ियाहेम सिंह भीरा की तरफ से आ रहे थे। कन्नापुर के पास अचानक मोड़ पर दोनों बाइकों में तेज़ टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तीनों घायलों को अजीत गुप्ता ने अपने निजी वाहनों से सीएचसी बिजुआ में भर्ती कराया है।

### सुकईपुरवा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ के गांव सुकईपुरवा मजरा लौकिहा निवासी राजकुमार ने बताया कि रात करीब 11 बजे गांव के ही देशराज, नितिन कुमार देशराज व किरन देवी बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर पीड़ित की जान बच सकी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लाठी-डंडा व फरसे से मारपीट और तोड़फोड़

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के कोरैय्याछीट गांव निवासी में अंशू वर्मा ने बताया दोपहर करीब तीन बजे वह घर में मौजूद था। तभी पड़ोस के शोभित, सर्वेश, अंकेश, सतीश, दिलीप और सुशीला देवी सहित अन्य लोग अचानक घर में घुस आए और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में उसकी चाची भी घायल हो गईं। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर भागा तो आरोपी उसके पीछे दौड़े और जान से मारने की धमकी देते रहे। जाते-जाते आरोपियों ने घर का सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

### बकाया रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

**खमरिया, अमृत विचार :** थाना खमरिया के गांव निवासी रितेश भार्गव ने बताया कि गांव के ही निरंजन ने उससे करीब एक वर्ष पूर्व 5,000 रुपए उधार लिए थे, लेकिन अब तक वापस नहीं किए। शाम करीब 7 बजे जब वह आरोपी के दरवाजे पर रुपये मांगने गया तो निरंजन ने गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

---

**पलिया, मझगईं, उत्तर निघासन, धौरहरा ज्यादा संवेदनशील, पिंजरे के भरोसे वन विभाग**

# वफर जोन में बाघ-तेंदुआ बेकाबू, ट्रैंकुलाइज गन तक नहीं

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** दुधवा नेशनल पार्क से सटे वफर जोन में हिंसक बाघ और तेंदुओं से निपटने के लिए वन विभाग पूरी तरह असहाय नजर आ रहा है। हालात यह हैं कि जिले के सबसे अधिक संवेदनशील वफर जोन क्षेत्रों में एक भी ट्रैंकुलाइज गन उपलब्ध नहीं है। किसी बाघ या तेंदुए के हिंसक होने की स्थिति में वन विभाग आज भी वर्षों पुरानी पद्धति पिंजरा लगाकर उसके फंसने का इंतजार के भरोसे है।

पलिया, मझगईं, उत्तर निघासन



दुधवा टाइगर रिजर्व गेट।

और धौरहरा रेंज को विभाग स्वयं हाई रिस्क जोन मानता है, इसके बावजूद यहां ट्रैंकुलाइज गन जैसी बुनियादी व्यवस्था अब तक नहीं की गई। अधिकारियों ने कभी इसकी

**● तीन साल में 24 मौतें, फिर भी संसाधनों पर गंभीरता नहीं**

जरूरत ही नहीं समझी, जबकि आंकड़े बताते हैं कि यही क्षेत्र मानव-वन्यजीव संघर्ष का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। बीते तीन वर्षों में जिले में हुई कुल 30 मौतों में से 24 मौतें वफर जोन में बाघ व तेंदुओं के हमलों से हुई हैं। गांवों से सटे गन्ने के खेत और झाड़ियां तेंदुओं की सुरक्षित पनाहगाह बन चुके हैं। दिन में खेतों में छिपे रहने वाले तेंदुए रात होते ही गांवों में मवेशियों, बच्चों और महिलाओं पर हमला कर रहे हैं। वन विभाग के

> वफरजोन प्रशासन के पास ट्रैंकुलाइज गन नहीं है। जब भी कभी जरूरत पड़ती है यानी हमलावर वन्य जीव को बेहोश करने की नौबत आती है तो दुधवा नेशनल पार्क से मंगाई जाती है।
>
> **-कीर्ति चौधरी**, उप निदेशक वफर जोन।

मुताबिक पिछले डेढ़ वर्षों में वफर जोन से 14 बाघ व तेंदुओं को पिंजरे में कैद कर जंगल में छोड़ा गया है, लेकिन यह उपाय हर हालात में कारगर नहीं है। चार वर्ष पूर्व मझरा पूरब की घटना इसकी भयावह मिसाल है, जब एक अस्वस्थ बाघिन ने 22 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान स्थानीय स्तर पर ट्रैंकुलाइज गन न होने से हालात और बिगड़ गए थे। बाद में दुधवा नेशनल पार्क से गन मंगाकर बाघिन को बेहोश किया गया और उसे कतर्नियाघाट भेजा गया।

### मझगईं रेंज में लगा एआई आधारित सिस्टम

मझगईं रेंज में वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एआई आधारित सिस्टम लगाया गया है, लेकिन इसकी पहुंच महज साढ़े चार सौ मीटर तक सीमित है। इतने बड़े और संवेदनशील वफर जोन में यह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है।

### शारदा नगर रेंज में छह महीने में छह की मौत

धौरहरा, पलिया और मझगईं के साथ ही शारदानगर रेंज में हालात और भयावह हैं। यहां छह महीनों में तेंदुओं के हमलों में पांच बालिकाओं समेत एक बुजुर्ग महिला की जान जा चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि सबसे अधिक जोखिम वाले वफर जोन में ट्रैंकुलाइज गन का न होना वन विभाग की तैयारियों पर बड़ा सवाल है।

### ट्रैक्टर पलटने से किशोर का हाथ टूटा

**फूलबेहड़, अमृत विचार:** इंदिरा वन मनोरंजन पार्क के पास शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव हजरतपुर निवासी एहसान ट्रैक्टर से गांव के जाबिर अली का गन्ना खंभारखेड़ा चीनी मिल ले जा रहे थे। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक ट्रैक्टर के डाले में फंस गया, जिससे ट्रैक्टर कुछ दूर घिसटता गया और बाद में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक एहसान (19) के सिर में हल्की चोट आई, जबकि ट्रैक्टर पर सवार 12 वर्षीय शहनवाज का हाथ टूट गया। आरिफ अली को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

---

# बेखौफ दौड़ रहे गन्ना भरे ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन

**मोहम्मदी में हादसे के बाद ताबड़तोड़ वाहनों के चालान का भी असर नहीं, नौ दिन पहले मोहम्मदी में ओवरलोड गन्ना वाहन स्कूली वैन पर पलट गया था**

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख सड़कों पर इन दिनों ओवरलोड गन्ना भरे ट्रकों की बेकाबू आवाजाही आम लोगों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। आलम यह है कि गन्ना क्रय केंद्रों से चीनी मिलों को फर्राटा भरते गन्ना भरे वाहन नियमों की परवाह नहीं करते। 29 जनवरी को मोहम्मदी में ओवरलोड गन्ना भरा वाहन स्कूली वैन पर पलट गया था। गनीमत रही कि वैन में सवार 19 बच्चे बच गए। गन्ना भरे वाहनों से अब तक अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी है, लेकिन चीनी मिलों के जिम्मेदार इस ओर से आंखें मूंदे रहते हैं।

जिले में बजाज ग्रुप की पलिया, गोला और खंभारखेड़ा में चीनी मिलें हैं। बलरामपुर ग्रुप की कुंभी और गुलरिया में चीनी मिल है। इसी तरह श्रीराम ग्रुप की डीएससीएल चीनी मिल अजबापुर, बिड़ला ग्रुप की ऐरा चीनी मिल और सहकारिता की बिलरायां व संपूर्णानगर सहित कुल आठ चीनी मिलें हैं। वहीं, सीतापुर में लगी हरगांव चीनी मिल के भी सेंटर जिले में हैं। इस तरह चीनी उत्पादन का हब होने के कारण पेराई सत्र के दौरान हर प्रमुख सड़क पर गन्ना भरे वाहन नजर आते हैं। इसके लिए तमाम नियम बनाए गए हैं, ताकि दुर्घटनाएं न हों, लेकिन अनदेखी के कारण आए दिन दुर्घटनाओं से लोग परेशान रहते हैं और जनहानि तक होती हैं।

गन्ना लदे अधिकांश ट्रकों में क्षमता से कहीं अधिक ऊंचाई तक गन्ना भरा जा रहा है। परिणामस्वरूप चलते ट्रकों से गन्ना सड़क पर गिरता रहता है, जिससे पीछे आ रहे वाहन असंतुलित होकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। संकरे मार्गों और व्यस्त चौराहों पर ऐसे ट्रकों के गुजरने से आमजन में भय का माहौल बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दोपहिया वाहन चालकों को गिरते गन्ने से बचने के लिए अचानक ब्रेक लगाने या दिशा बदलने पर मजबूर होना पड़ता है, जिससे हादसों की आशंका और बढ़ जाती है। वहीं पैदल चलने वाले लोग भी इन ओवरलोड वाहनों से स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।


गुलरिया चीनी मिल को जा रहे ओवरलोड गन्ना भरा वाहन। ● अमृत विचार

### हर दिन बढ़ रही दुर्घटनाएं, विभाग बेखबर

जिले में शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता हो जब ओवरलोड और अनियंत्रित वाहनों के कारण किसी की मौत या गंभीर चोट का मामला सामने न आए। दुर्घटना स्थल पर पुलिस मौके पर पहुंचकर औपचारिकताएं पूरी कर देती है, लेकिन हादसों को रोकने के लिए ठोस कार्रवाई कहीं नजर नहीं आती। स्थानीय लोग बताते हैं कि पुलिस भी इन वाहनों पर कार्रवाई करने से कतराती है क्योंकि अधिकांश वाहन परिवहन विभाग की छत्रछाया में चलते हैं। ऐसे में कार्रवाई के अभाव का खामियाज़ा आम जनता को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है।

### मोहम्मदी विधायक की बैठक में हुए निर्णय पर जिले में हो कार्रवाई

मोहम्मदी में हादसे के बाद विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रशासन और मिल प्रबंधन के साथ बैठक कर ये आदेश पारित किया था, जिसमें 8 टायरा ट्रक पर 160 क्विंटल और 10 टायरा ट्रक पर 200 क्विंटल से अधिक गन्ना किसी भी हाल में नहीं तौला जाएगा। तय सीमा से अधिक भार होने पर ट्रक को सीधे मिल गेट से वापस किया जाएगा। भूसी लदे ओवरहाइट ट्रकों को लेकर भी कड़ा फैसला लिया गया। सड़क पर खतरा बनने वाले ऐसे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग और पुलिस संयुक्त अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। इस निर्णय का पालन जिले भर में होना चाहिए। ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

> ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों की रोकथाम के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस साल अब तक बिना रिफ्लेक्टर के 125 और ओवरलोडिंग पर 733 वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।
>
> **-शांति भूषण पांडेय**, एआरटीओ।

### ओवरलोड गन्ना वाहनों से रहता है हर क्षण खतरा

**पलिया कलां,अमृत विचार :** गन्ना क्रय केंद्रों से स्थानीय चीनी मिल आने वाले ओवरलोड ट्रकों से जहां सड़कों से गुजर रहे बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को हरक्षण खतरा बना रहता है, वहीं बिना रिफ्लेक्टर लगाए सड़कों पर दौड़ रहीं गन्ना भरी डबल ट्राली ट्रैक्टर कोहरे एवं अंधेरे में पीछे से आ रहे वाहनों के लिए खतरा बने हुए हैं। क्षेत्र की चीनी मिलें चलते ही ओवरलोड गन्ना भरे वाहनों से दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। आए दिन इन ओवर लोड, ओवर हाइट गन्ना भरे वाहनों से एक्सीडेंट होने की खबरें यहां अखबारों की सुर्खियां बनती रहती हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इन पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता है। लोगों की मांग है कि ऐसे ओवरलोड गन्ना भरे ट्रकों व ट्रालियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए और चीनी मिलों को यह निर्देशित किया जाए कि ओवरलोड गन्ना भरे वाहनों की तौल मिल के अंदर नहीं होगी।



### भीरा थाना क्षेत्र में हाईवे पर ओवरलोड वाहनों का खतरा, प्रशासन उदासीन



**भानपुर, अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र से गुजरने वाले हाईवे पर इन दिनों ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का बेखौफ संचालन आम लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। खासतौर पर ट्रैक्टरों के साथ दो-दो ट्रॉलियां जोड़कर और उनमें क्षमता से कहीं अधिक गन्ना भरकर चलाया जा रहा है, जिससे आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में स्थित गुलरिया चीनी मिल को लेकर दूर-दराज और नजदीकी गन्ना क्रय केंद्रों से ओवरलोड गन्ना ट्रैक्टरों के माध्यम से लाया जा रहा है। वहीं, क्रेशर पर भी ट्रैक्टरों के साथ दो दो ट्रालियां लेकर जाते हैं। इस दौरान कई बार तेज रफ्तार और अधिक भार के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद आरटीओ प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

---

## कोरिया के नागरिक से ठगी के प्रयास में दो पर रिपोर्ट

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** दक्षिण कोरिया के नागरिकों को रेड मर्करी का झांसा देकर ठगी के प्रयास मामले में निघासन पुलिस ने कैब चालक की तहरीर पर गिरफ्तार दो आरोपियों के खिलाफ तो रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन फरार तीसरे आरोपी को अभयदान देकर पुलिस सवालों में घिर गई है।

अलीगढ़ निवासी मुकेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 4 फरवरी को उन्होंने उबर एप से लखीमपुर जाने के लिए राइड बुक की थी। उनके साथ कोरिया देश के नागरिक ओह जिनशोक एवं ली इंचेओल भी थे। चालक ने पहले लखीमपुर खीरी, फिर निघासन ले जाकर पेट्रोल पंप के पास उतार दिया। इसके बाद थाना पढ़ुवा के गांव सुठियाना निवासी कुछ लोगों ने

**● फरार आरोपी को मिला अभयदान, सवालों के घेरे में आई निघासन पुलिस**

अपना नाम बदलकर विदेशी नागरिकों को लाल मर्करी बेचने का झांसा दिया और ठगी के इरादे से सुनसान स्थान पर बुलाया। आरोपियों ने धोखाधड़ी की कोशिश की, लेकिन आसपास के लोगों की सक्रियता से सभी सतर्क हो गए, जिससे घटना होने से बच गई।

आरोपी विदेशी नागरिकों से ठगी करने की योजना बना रहे थे। इस बीच पुलिस ने छापा मारकर मौके से वसीक और रिहान को गिरफ्तार किया था, जबकि तीसरा आरोपी बाइक समेत भाग गया था। पुलिस ने गिरफ्तार वसीक और रिहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तीसरे आरोपी का नाम रिपोर्ट में न आने से लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

## कार्यालयों में नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करना अनिवार्य

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत लंबित अपीलों और शिकायतों की समीक्षा की। बैठक में जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर संबंधित जन सूचना अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया


बैठक को संबोधित करते राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी। ● अमृत विचार

**● राज्य सूचना आयुक्त ने की आरटीआई मामलों की समीक्षा पारदर्शिता पर दिया जोर**

जाए, जिससे आमजन को सूचना प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो।

आयुक्त ने विभागाध्यक्षों से कहा कि वे विभागीय बैठकों के साथ-साथ आरटीआई से जुड़े लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें, ताकि जनपद में अपीलों और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो सके। उन्होंने यह भी जाना कि सूचना उपलब्ध कराने में अधिकारियों को किन व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में आयुक्त ने साफ तौर पर कहा कि जनता के अधिकारों की रक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, एएसपी पश्चिमी, मुख्य कोषाधिकारी अमित कुमार राय, जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जन सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक के सामने आया तेंदुआ

**संवाददाता, मझगईं**

**अमृत विचार:** मझगईं वन रेंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत धर्मापुर के पचपेड़ा गांव के पश्चिम घर जा रहे बाइक सवार के सामने अचानक तेंदुआ आ गया। उसने भाग कर जान बचाई।

बम्हनपुर चौराहे पर मेडिकल स्टोर संचालित आदित्य कुमार दुकान बंद कर रात में नौ बजे घर लौट रहे थे। पचपेड़ा गांव के पास तेज नरायन के खेत में चारे के पास तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। बाइक सवार को आता देख तेंदुआ आगे की ओर बढ़ने लगा।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए आदित्य कुमार ने तुरंत बाइक की रफ्तार बढ़ाई और गांव की ओर निकल गए। गांव के भीतर पहुंचने

**● किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई, रात में घर लौट रहा था मेडिकल संचालक**

के बाद जब उन्होंने दोबारा बाइक की लाइट जलाई, तो तेंदुआ रास्ते के बीचो-बीच खड़ा दिखाई दिया। गनीमत रही कि किसी तरह कोई अनहोनी नहीं हुई और वह सुरक्षित घर पहुंच गया।

वन क्षेत्राधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि इस संबंध में विभाग को पूर्व में कोई सूचना नहीं मिली थी। एहतियातन टीम को अलर्ट कर दिया गया है और क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और अकेले खेतों की ओर न जाएं, समूह बनाकर ही बाहर निकलें।

---

**विकास कार्य** | **शहर के प्रवेश द्वार को मिलेगा नया स्वरूप, नगर पालिका परिषद कराएगी सौंदर्यीकरण**

# जल्द बनेगा एलआरपी चौराहे पर भव्य स्वागत द्वार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** सीतापुर मार्ग से शहर में प्रवेश करते ही पड़ने वाला एलआरपी चौराहा जल्द ही नई पहचान के साथ नजर आएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा यहां भव्य स्वागत द्वार के निर्माण और चौराहे के समग्र सौंदर्यीकरण की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। यह पहल शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ लखीमपुर शहर को एक आकर्षक और व्यवस्थित प्रवेश बिंदु प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नगर पालिका परिषद की योजना के अनुसार प्रस्तावित स्वागत द्वार को आधुनिक वास्तुकला और तकनीक के अनुरूप तैयार किया जाएगा। द्वार में आकर्षक डिजाइन, एलईडी लाइटिंग और सजावटी पैनलों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे यह दिन के साथ-साथ रात के समय भी दूर से ही चमकता हुआ दिखाई देगा। स्वागत द्वार पर बड़े और आकर्षक अक्षरों में वेलकम लखीमपुर खीरी अंकित किया जाएगा, जो शहर की पहचान को और मजबूत करेगा।

सौंदर्यीकरण के तहत केवल स्वागत द्वार ही नहीं, बल्कि चौराहे के आसपास की व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जाएगा। इसमें हरियाली, सजावटी पौधे, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और यातायात को सुचारु रखने के लिए संरचनात्मक सुधार शामिल हो सकते हैं। इससे न सिर्फ चौराहा देखने में सुंदर होगा, बल्कि आमजन और राहगीरों के लिए भी अधिक सुविधाजनक बनेगा।


एलआरपी चौराहा : इसी पर बनेगा भव्य स्वागत द्वार। ● अमृत विचार

> हमारा उद्देश्य शहर के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं को और अधिक सुंदर व आकर्षक बनाना है। एलआरपी चौराहे पर प्रस्तावित स्वागत द्वार शहर की पहचान बनेगा। इसमें एलईडी लाइट, आधुनिक डिजाइन और सजावटी पैनल लगाए जाएंगे, जिससे यह दिन और रात दोनों समय आकर्षक दिखाई देगा। नगर पालिका एलआरपी चौराहे के सौंदर्यीकरण को लेकर गंभीर है और जल्द ही इस योजना पर काम शुरू किया जाएगा।
>
> **-डॉ. इरा श्रीवास्तव**, नगर पालिकाध्यक्ष।



**● आकर्षक डिजाइन, एलईडी लाइटिंग और सजावटी पैनलों का होगा प्रयोग**

नगर पालिका परिषद द्वारा इस परियोजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और अंतिम स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि एलआरपी चौराहा लंबे समय से शहर का प्रमुख प्रवेश मार्ग रहा है और इसके सौंदर्यीकरण से शहर की छवि में सकारात्मक बदलाव आएगा। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि यह परियोजना शहर को आधुनिक स्वरूप देने की नगर पालिका की व्यापक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि लखीमपुर खीरी में प्रवेश करने वाला हर व्यक्ति शहर की स्वच्छता, सुंदरता और व्यवस्थित स्वरूप से प्रभावित हो।

## लापरवाही मिलने पर लिपिक निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** सफाई कर्मियों की देयताओं के भुगतान में लगातार हो रही लापरवाही आखिरकार भारी पड़ गई। पंचायती राज विभाग में तैनात लिपिक मनोज शुक्ला को सीडीओ अभिषेक कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कार्रवाई की सूचना मिलते ही विकास भवन में हड़कंप मच गया।

जिले के 10 विकास खंडों में कार्यरत सफाई कर्मियों के स्थापना से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी मनोज शुक्ला के पास थी। लंबे समय से वेतन व अन्य देयताओं के निस्तारण में अनावश्यक देरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। पूर्व में उन्हें चेतावनी भी दी गई थी और कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके स्थिति में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्वयं संज्ञान लिया। प्रारंभिक जांच में


स्वच्छ भारत मिशन के दफ्तर में उपस्थिति पंजिका चेक करते सीडीओ अभिषेक कुमार।

**● सफाई कर्मियों की देयताओं के भुगतान में लापरवाही पर सीडीओ ने की कार्रवाई**

लापरवाही की पुष्टि होने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि कर्मचारियों की देयताओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ के सख्त रुख से विकास अन्य कर्मचारियों को भी संदेश गया है कि कार्यों में समयबद्धता और पारदर्शिता अनिवार्य है। सूत्रों के अनुसार विभागीय कार्यों की नियमित और कड़ी समीक्षा की जाएगी, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उल्लेखनीय है कि सीडीओ द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए एक विशेष दिवस भी निर्धारित किया गया है, जिसमें संबंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतें सुनकर समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।




# पल्हनापुर गांव की मुख्य सड़क का हाल बदतर

## स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रही गांव में गंदगी, जिम्मेदारों को नहीं मतलब

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत मिशन की जमीनी हकीकत विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत पल्हनापुर में साफ तौर पर देखी जा सकती है, जहां गांव की मुख्य सड़क बदहाली की कहानी खुद बयां कर रही है। विकास और स्वच्छता के तमाम सरकारी दावे यहां आकर दम तोड़ते नजर आते हैं। गांव के बीचो-बीच बनी इंटरलॉकिंग सड़क गंदगी, कूड़े और घूरों का अड्डा बन चुकी है।

मुख्य सड़क पर जगह-जगह कूड़े के ढेर, गोबर, प्लास्टिक कचरा और बजबजाती नालियां आम बात है। हालात इतने खराब हैं कि सड़क पर गंदा पानी जमा रहता है, जिससे दुर्गंध फैलती है और मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे डेंगू,


पल्हनापुर में सड़क पर लगा गंदगी का ढेर।

मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का सड़क से गुजरना दूभर हो गया है। दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोग मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से परेशान हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब सड़क कीचड़ और गंदे पानी में तब्दील हो जाती है।

शिकायत करने के बाद भी इस गांव में कोई ध्यान देने वाला नहीं है। ग्राम पंचायत की लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण ग्रामीणों का जीवन नारकीय परिस्थितियों में बदल गया है।
**–जसकरन लाल**, पल्हनापुर।





गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। सफाई कर्मी के न आने से नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता है। मजबूरन ग्रामीणों को ही नालियां साफ करनी पड़ती हैं।
**–छोटेलाल**, गांव निवासी।

गंदगी और जलभराव के कारण गांव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। सफाई कर्मी न आने से गांव की सफाई व्यवस्था नदारद है। सड़क के ऊपर लगे घूरे से उठती दुर्गंध में जीना मुश्किल है।
**–इतवारी लाल**, ग्रामीण।





गांव के मुख्य रास्ते पर गंदगी के अंबार के कारण जिम्मेदारों की उदासीनता और लचर व्यवस्था ग्रामीणों की आम समस्या बन गई है जिससे शिकायत के बाद भी निजात नहीं मिल पा रही है।
**–मूलचंद**, ग्रामीण।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और ग्राम पंचायत से शिकायत की गई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। सड़क पर घूरा डालने से मना करने पर कुछ लोग विवाद पर उतारू हो जाते हैं, जिससे आम ग्रामीण खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। गांव में नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। सफाई व्यवस्था की

> गांव वालों को कई बार मना किया गया कि इंटरलॉकिंग सड़क के ऊपर गोबर, घूरा आदि न डालें। सड़क के ऊपर से गंदगी हटवाई भी गई और साफ-सफाई भी कराई गई, लेकिन गांव वालों ने फिर सड़क के ऊपर घूरा गोबर आदि डाल दिया है। पुनः उनसे कहा जाएगा कि सड़क के ऊपर घूरा गोबर आदि न डालें।
> **–विजय पाल**, ग्राम विकास अधिकारी, बिजुआ।

लापरवाही के चलते गांव में संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार मंडरा रहा है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी रोष व्याप्त है और वे जल्द से जल्द प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए ढांचे की दुर्दशा से ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश दोनों बढ़ता जा रहा है।

# नवागत एसपी ने संभाला कार्यभार, किया निरीक्षण


पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण करतीं नवागत एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** नवागत एसपी ख्याति गर्ग ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक का कार्यभार ग्रहण किया। शुक्रवार को कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पूरे कार्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा, रिट सेल, एलआईयू, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ, मॉनिटरिंग सेल, चुनाव सेल सहित विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में की जा रही व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली भी देखी। विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की। साथ ही कार्यालयों में तैनात पुलिसकर्मियों से कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। एसपी ने कार्यों में पारदर्शिता, अनुशासन एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

# वंचितों के साथ मजबूती से खड़ी है कांग्रेस पार्टी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के आह्वान पर जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में दलितों, वंचितों और शोषित वर्गों पर हो रहे कथित अत्याचारों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला गया।

अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर प्रमोद जयंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलितों, वंचितों और शोषित समाज के अधिकारों की रक्षा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में दलितों पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ दलित समाज के साथ मजबूती से खड़ी है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने हमेशा दलितों के शोषण


पत्रकारों से बातचीत करते प्रमोद जयंत।

का काम किया है। सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान के लिए कांग्रेस ने अपने हर कार्यकाल में ठोस कदम उठाए हैं। साथ ही उन्होंने दलित समाज को कांग्रेस की जयंती एवं कार्यक्रमों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। भाजपा सरकार देश का सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का कार्य कर रही है। महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर हैं, लेकिन सरकार इन मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए समाज को जातियों में बांटने का काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश

### संगठनात्मक मजबूती व कार्यक्रमों पर की चर्चा

प्रेस वार्ता के बाद जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शिवम राज महासचिव, पप्पू राज, अवधेश कुमार कनौजिया, उमाशंकर राज एडवोकेट, ब्लॉक अध्यक्ष सुंदरलाल राज, मनोज कुमार, शबनम खान, अनुराग राज, अभिषेक राज, मोहित राज, पवन कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **दलितों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ कांग्रेस ने किया ऐलान**

कुमार आर्य ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी कांग्रेसजन एकजुट होकर दलित, वंचित और शोषित समाज को कांग्रेस पार्टी से जोड़ें। कांग्रेस ही दलितों की सच्ची हितैषी पार्टी है और अपने शासनकाल में कांग्रेस ने दलितों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग त्रस्त है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। जिला अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष रामजीवन राज ने अपने संबोधन में कहा कि दलितों और वंचितों की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही लड़ती आई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पार्टी की विचारधारा और नीतियों को लेकर दलित बस्तियों में जाकर जनसंपर्क किया जाएगा, रात्रि प्रवास कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। इस दौरान प्रवक्ता रवि तिवारी, मोहन चंद्र उप्रेती, सत्ती सरन गौतम, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, अब्दुल रहीम, सुमित उपाध्याय, शिवम राज सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत सिंगहा कला स्थित प्राचीन श्री सिद्ध बाबा शिव मंदिर में शुक्रवार को आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। शिवलिंग के खंडित हो जाने के पश्चात विधिवत पुनः प्राण प्रतिष्ठा के संकल्प के साथ क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

कलश यात्रा का आरंभ श्री सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना

- **सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर निकाली यात्रा**

के बाद किया गया। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारों से गांव की गलियां गूंज उठीं। पीले व केसरिया वस्त्रों में सजी सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे गांव की परिक्रमा की।

ढोल-नगाड़ों और भक्ति भजनों की मधुर धुनों ने वातावरण को पूरी तरह शिवमय बना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि श्री सिद्ध बाबा शिव मंदिर वर्षों से क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। शिवलिंग के खंडित होने से भक्तों में लंबे समय से चिंता व्याप्त थी, जिसके समाधान हेतु सर्वसम्मति से आचार्य प्रयागदत्त शास्त्री ने शास्त्रोक्त विधि से नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष लव कुमार दीक्षित, ग्राम पंचायत सिंगहा कला के प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान प्रत्याशी पप्पू वर्मा, झबबूलाल तिवारी, प्रधान प्रत्याशी वीरेंद्र निषाद, एडवोकेट रजनीश जायसवाल सहित ग्राम के सैकड़ों श्रद्धालु एवं भक्तजन मौजूद रहे।

# जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने एक वीडियो वायरल किया है, जिसमें उसने नगर पंचायत भीरा की चेयरमैन के पति समेत कई लोगों पर बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वीडियो में युवक ने आरोप लगाया है कि इन लोगों ने उसे बंधक बनाया था। उसने सोने के कुछ सामान को लेकर हुए विवाद का भी जिक्र किया है।


मृतक सुमित गुप्ता।

युवक ने मैलानी थाना क्षेत्र की पीआरवी को फोन कर घटना की सूचना दी थी। सूचना

> शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांचोपरांत नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच शुरू कर दी है।
> **–बृजेश कुमार मौर्य, थानाध्यक्ष।**

- **आत्महत्या से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर सोशल पर किया वायरल**

मिलने पर मैलानी थानाध्यक्ष युवक को बांकेगंज सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक युवक की पहचान भीरा कस्बे के स्वामी विवेकानंद मोहल्ले निवासी सुमित गुप्ता पुत्र स्व. सीताराम के रूप में हुई है। सुमित बाइक एजेंसी पर काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपने दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी, दो बच्चे और एक छोटा भाई है।

# ला माटीना स्कूल अकादमी ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** अंडर-16 स्व. अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रॉयल फूड्स डिग्री कॉलेज मैदान में खेले गए लीग मुकाबले में ला माटीना स्कूल अकादमी ने जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी को सात विकेट से पराजित किया।

टॉस जीतकर ला माटीना स्कूल अकादमी ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी की टीम 25 ओवर के मुकाबले में 19.4 ओवर में मात्र 88 रन पर ऑलआउट हो गई। जेनेसिस की ओर से कार्तिक अग्रवाल ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, जबकि पुष्कर गुप्ता 20 रन बनाकर नाबाद रहे।

ला माटीना की ओर से शिखर सिंह और समर्थ ने शानदार गेंदबाजी


बैटिंग करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **अंडर-16 स्व. अमिय त्रिपाठी मेमोरियल इंटर अकादमी लीग क्रिकेट प्रतियोगिता हुई**

करते हुए 3-3 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ला माटीना स्कूल अकादमी ने 12.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 90 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अर्थव ने 31 रन बनाए, जबकि आराध्य 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जेनेसिस स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से कार्तिक ने 2 विकेट हासिल किए।

अपने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए शिखर सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार प्रतियोगिता के मालिक इरफान द्वारा प्रदान किया गया। मैच के दौरान अभिषेक शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, अनुपम त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि त्रिपाठी, पारिजात त्रिपाठी, रामजी कश्यप, इरफान, नीरज शुक्ला, श्याम मोहन श्रीवास्तव, रवि शंकर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कार में टक्कर मारने वाला ट्रक पूरनपुर में पकड़ा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलालपुर मोड़ के आगे एक पुलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में कार को टक्कर मारने वाला ट्रक पुलिस ने पूरनपुर में पकड़ लिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हादसे में चार लोगों की जान चली गई थी।

गोला लखीमपुर रोड पर गुरुवार सुबह एक कर और ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर में दो भाई, बहन, बहनोई सहित चार लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना कर भाग रहे ट्रक को पूरनपुर में पकड़ लिया है। मृतक के पिता रमेश सिंह निवासी जिला बहराइच के रामगांव थाना क्षेत्र के गांव धर्मकुंडा ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके परिजन दिल्ली

- **गुरुवार को ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोगों की हुई थी मौत**

से बहराइच कार से घर आ रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार उल्टी साइड में ट्रक चलाते हुए अज्ञात चालक ने कार में टक्कर मार दी, जिसमें कार में संतोष सिंह पुत्र रमेश सिंह, सुधा सिंह पत्नी सुनील सिंह, सुनील सिंह पुत्र बिन्द्रा सिंह और दुर्घटना में गंभीर घायल मुकेश सिंह पुत्र रमेश सिंह को इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। कार में सवार प्रवेश सिंह पुत्र अजयपाल सिंह और मानवी पुत्री सुनील सिंह गंभीर घायल हो गये है।

कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। ट्रक को पूरनपुर में पकड़ लिया गया है। चालक की तलाश जारी है।

# खुशीपुर पहुंचे हाथियों के झुंड ने फसलें कीं चौपट

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** दुधवा नेशनल पार्क के कोर एरिया से बाहर निकलकर जंगली हाथियों का आतंक पलिया तहसील क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात जंगली हाथियों के एक झुंड ने ग्राम सभा पटिहन के मजरा खुशीपुर में पहुंचकर किसानों की फसलों को रौंदते हुए भारी नुकसान पहुंचाया।

हाथियों के झुंड ने गांव के खेतों में घुसकर करीब पांच एकड़ क्षेत्र में खड़ी गेहूं और गन्ने की फसल को नष्ट कर दिया। सुबह जब किसान अपने खेतों की ओर पहुंचे तो खेतों में चारों तरफ रौंदी गई फसलें और हाथियों के बड़े-बड़े पैरों के निशान देखकर वे स्तब्ध रह गए।पीड़ित किसान कन्हैया, संजय कुमार, जस्सा सिंह और राम सहारे समेत अन्य किसानों ने


हाथियों द्वारा रौंदी गई गेहूं और गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

बताया कि रात के अंधेरे में हाथियों ने खेतों में जमकर उत्पात मचाया। किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत की पूरी फसल चौपट हो गई है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

किसानों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे पहले भी कई बार जंगली हाथियों द्वारा फसलें नष्ट किए जाने की सूचना अधिकारियों को दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले। कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसका नतीजा यह है कि हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जंगली जानवर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं तो शिकायत के बावजूद कार्रवाई

- **रातभर मचाया तांडव, गेहूं और गन्ने की करीब पांच एकड़ फसल रौंदी**

नहीं होती, लेकिन यदि किसी कारणवश किसी जानवर को नुकसान हो जाए तो ग्रामीणों पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है। किसानों ने इसे दोहरा मापदंड बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई है।

किसानों ने मांग की है कि वन विभाग हाथियों को जंगल से बाहर आने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाए, प्रभावित फसलों का तत्काल आकलन कराकर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। पलिया रेंजर विनय कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों को जंगल की सीमा में ही रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभावित किसानों की फसलों का आकलन कराकर उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।

# रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन की चपेट में आकर लखीमपुर निवासी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सीतापुर बोच लाइन पर उचौलिया रेलवे क्रासिंग पार करते समय एक बुजुर्ग महिला ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गयी। घायल महिला को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका उचौलिया की रहने वाली है।

लखीमपुर खीरी जिले के उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी 60 वर्षीय रामवती गुरुवार की दोपहर बाद खेत पर जा रही थी। उसका खेत उचौलिया रेलवे क्रासिंग के पार था। वह रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी। सीतापुर की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पर रोजा जीआरपी चौकी और घायल महिला बेटा


पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के परिजन। ● अमृत विचार

- **खेत पर जा रही थी, सीतापुर ब्रांच लाइन पर हुआ हादसा**

रामप्रसाद मौके पर पहुंच गया। जीआरपी ने घायल महिला को मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर ने घायल महिला रामवती को मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे ने बताया कि उसके पिता की कई साल पहले मौत हो गयी है। मृतका के दो बेटी है और शादी शुदा है और एक बेटा रामप्रसाद है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टक के लिए भेज दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में प्लाईवुड कर्मचारी की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के फन मॉल के पास किसी वाहन की चपेट में आकर प्लाईवुड के एक कर्मचारी की मौत हो गई। शव की पहचान थाना फरधान के गांव लोनपुरवा निवासी अमर सिंह (40) के रूप में हुई है। बताते हैं कि वह करीब आठ साल से बाला जी प्लाईवुड पर कार्यरत थे। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### घर में घुसे चोर ले गए नकदी-जेवर

**मितौली, अमृत विचार :** गांव सुआताली के रहने वाले अनूप कुमार मिश्र के घर गुरुवार की रात चोर घुस गए। चोरों ने उनके भाई अनिल व धीरेंद्र के मोबाइल फोन चोरी कर लिए। इसके साथ ही घर में रखी माताजी, भाइयों और उनकी पत्नियों की करीब 39,800 रुपये की नकदी और जेवर भी चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर जब मोबाइल गायब मिले। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# छोटी काशी गोला कॉरिडोर कार्य का एसीएस ने किया निरीक्षण

## विधायक, डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी रहे साथ, कार्य तेज करने के दिए निर्देश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने शुक्रवार को छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद संस्था के जिम्मेदारों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद लखीमपुर खीरी पहुंचे। जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। पश्चात अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर विधायक अमन गिरि, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी छोटी काशी गोला कॉरिडोर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के नक्शों और मौके पर कार्य की स्थिति का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निर्माण के संबंध में जानकारी लेते पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात।

एसीएस ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गोला के पर्यटन विकास और छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर से जुड़े सभी कार्य मिशन मोड में किए जाएं। यह परियोजना मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है, ऐसे में इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों, सड़क मार्ग, पर्यटक सुविधाओं एवं मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक चरण की प्रगति की नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि परियोजना समयसीमा में पूर्ण हो सके।

इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी, उप निदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह, यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन के जीएम राकेश वर्मा, सहायक परियोजना प्रबंधक ऋत्यक मिश्रा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अंजू चौधरी, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला तथा सीओ रमेश कुमार तिवारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# प्राचीन शिवालय में नई प्रतिमा की स्थापना की



प्राण प्रतिष्ठा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मेला मैदान रोड पर मथुरा भवन के समीप ऐतिहासिक शिव मंदिर में शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ नई प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा की गई।

आयोजकों ने बताया कि यह मंदिर करीब एक सदी पुराना है और यहां पहले से ही भगवान शिव तथा माता पार्वती की प्रतिमाएं विराजमान थीं। कुछ समय पहले माता पार्वती की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नई प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। शुक्रवार को शुभ अभिजित मुहूर्त में आचार्य रामसागर और आचार्य मधुवन पांडे के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा की रस्में पूरी की गईं। धार्मिक आयोजन में यजमान के रूप में गोपाल खन्ना, सरिता खन्ना, सत्यनारायण तिवारी, रमेश चंद्र गुप्ता और मंजू आदि मौजूद रहे।

# 18 उप निरीक्षकों के किए तबादले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने जिले में 15 उप निरीक्षकों के तबादले किए है। एसपी ने उप निरीक्षक सुरेश चंद्र का थाना पुवायां से सदर बाजार, खरग सिंह का पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर, मनोज कुमार सरोज का कार्यालय एएसपी ग्रामीण से थाना सदर बाजार, यशपाल सिंह का कलान से चौक कोतवाली, पंकज कुमार का थाना मदनापुर से थाना कलान, उप निरीक्षक देव कुमार का पुलिस लाइन से थाना निगोही, उप निरीक्षक रामू आर्या का जैतीपुर से थाना कटरा, उप निरीक्षक विजय कुमार का पुलिस लाइन से मदनापुर, अनिल शर्मा का पुलिस लाइन से चौक कोतवाली, सतीश कुमार का पुलिस लाइन से निगोही, रामवीर का जैतीपुर, गौरव कुमार का थाना कटरा से साइबर क्राइम, गौरव तोमर सिंधौली से थाना साइबर क्राइम, राकेश कुमार पुलिस लाइन से चौक कोतवाली किया स्थानांतरण रद्द, अशोक कुमार का कलान से सदर बाजार तथा गजराज सिंह का बंडा से किया गया सदर बाजार थाना रद्द किया गया।

# गोवंश के तड़पने की सूचना पर पहुंचे पदाधिकारी

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में गोवंश के तड़पने की सूचना के बाद राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस और सीबीओ भी जांच के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान क्षेत्र में गोवंश के कई अवशेष भी मिले हैं।

शुक्रवार को नगर के निजामगंज और मौजमपुर क्षेत्र में गोवंश के तड़पने की सूचना पर राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के सचिन राठौर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनाक्रम की जानकारी पर बिरियागंज चौकी प्रभारी नितिन भी जांच के लिए पहुंचे। कई गोवंश की मौत की सूचना पर आक्रोशित राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान तड़प रहे एक गोवंश का सीबीओ दिनेश कठेरिया के निर्देश पर इंजेक्शन लगाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मृत गोवंश का पोस्टमार्टम करा कर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। क्योंकि संदेह है कि गोवंश को जहर देकर मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मृत गोवंश का शव कुत्ते नोच रहे हैं। इससे दुःखद कुछ नहीं हो सकता। इस दौरान अभिजीत सिंह, राजीव गंगवार, कृष्णा गंगवार आदि मौजूद रहे।

### शहर घूमते रहते हैं पशु

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में सांड़ मुख्य सड़कों पर घूमते रहते है। मालगोदाम रोड, लालइमली चौराहा से आवास विकास तिराहे, स्टेशन रोड, निगोही रो, पुवायां रोड आदि मार्गों आवारा पशु घूमते रहते है। रात के समय सड़क के बीच और किनारे पर बैठ जाते है। कई लोग सांड़ से बाइक से टकराकर घायल हो गए। नगर निगम का छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान फेल हो गया है।

# परौर में हाईटेंशन लाइन से झुलसकर महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिवार वालों ने लगाया बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप
- कहा- तार हटाने के लिए कई बार विभाग को दिया जा चुका पत्र
- बंदर को भगाते समय एचटी लाइन की चपेट में आई महिला

**अमृत विचार :** परौर क्षेत्र में महिला दूसरी मंजिल पर गई थी। मकान के पास से हाईटेंशन लाइन जा रही है। वह बंदर को भगाने लगी। इस दौरान महिला का हाथ हाईटेंशन लाइन पर छू गया और करंट से झुलसकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिवार वालों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार तार हटाने के लिए पत्र दिया, लेकिन हाईटेंशन लाइन के तार नहीं हटाए गए।

परौर थाना क्षेत्र के गांव कौमी निवासी 50 वर्षीय सीमा के पति गुड्डू और बच्चे शुक्रवार को सुबह खेत पर गए थे। घर के अंदर वह और पुत्रवधू थी। मकान में शौचालय दूसरी मंजिल पर बना हुआ है। उसने बहू से दोपहर को कहा कि मकान की दूसरी मंजिल पर शौचालय में शौच करने के लिए जा रही है। सीमा मकान की दूसरी मंजिल पर गई। शौचालय के पास से हाईटेशन लाइन गुजर रही है।



मकान की दो मंजिल पर शोक में डूबे परिजन। ● अमृत विचार

सीमा ने देखा कि दीवार पर बंदर बैठे है। वह बंदरों को भगाने की कोशिश करने लगी। उनका हाथ हाईटेंशन लाइन से छू गया और वह करंट से झुलस गई। उनका बेटा खेत से आधे घंटे बाद घर पर आया और पूछा कि मां कहां है। बहू ने बताया कि वह मकान दूसरी मंजिल पर शौच करने के लिए गई थी। उसने मकान की छत पर मां का शव जमीन पर पड़ा देखा। शव देखकर चीखपुकार मचने लगी।

गांव वालें एकत्रित हो गए। सूचना पर परौर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। परिवार वालों ने बताया कि मकान की आधा फीट की दूरी से हाईटेंशन लाइन निकल रहे है। बिजली विभाग को कई बार कहा कि इन तारों को हटा दिया जाए। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने एक नहीं सुनी। उसका आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही से उसकी मां की मौत हुई है। मृतका अपने पीछे चार पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गयी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रधान पर 2.81 लाख रुपये के दुरुपयोग की पुष्टि

संवाददाता, पुवायां

- इंटरलॉकिंग कार्य में अनियमितता उजागर, दो निर्माण कार्यों में पाई गई गड़बड़ी

**अमृत विचार :** विकास खंड बंडा की ग्राम पंचायत मरेना में कराए गए इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्यों में गंभीर वित्तीय अनियमितता सामने आई है। जिला लेखा परीक्षण अधिकारी की जांच रिपोर्ट में कुल 2,81,407 रुपये की सरकारी धनराशि के दुरुपयोग की पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह की ओर से ग्राम प्रधान की वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां तत्काल प्रभाव से सीज कर दी गई हैं।

जांच रिपोर्ट के अनुसार मैन रोड से नन्हूलाल के मकान तक कराए इंटरलॉकिंग में माप पुस्तिका के आधार पर सामग्री मद में 3,36,202 रुपये और श्रम मद में 77,925 रुपये सहित कुल 4,14,127 रुपये का भुगतान दर्शाया था, जबकि जांच में सामग्री मद में वास्तविक व्यय 2,39,381 रुपये और श्रम मद में 42,026 रुपये पाया गया। इस प्रकार कार्य में 1,32,720 रुपये अतिरिक्त राशि का दुरुपयोग सामने आया। इसी तरह वीरपाल के मकान से महेश जाटव के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य में अभिलेखों में 3,35,336 रुपये खर्च दिखाया, जबकि जांच में वास्तविक लागत 2,50,078 रुपए पाई गई। इस कार्य में 85,258 रुपये की धनराशि का दुरुपयोग प्रमाणित हुआ। दोनों कार्यों को मिलाकर कुल 2,81,407 रुपए की सरकारी धनराशि के दुरुपयोग की पुष्टि की गई है। जांच के दौरान ग्राम प्रधान की ओर से कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण या ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके चलते उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए ग्राम प्रधान की शक्तियां सीज कर दी गईं।

# सीओ ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

संवाददाता, तिलहर

- पुलिस दबिश के दौरान ग्रामीण की मौत होने का मामला

**अमृत विचार :** पुलिस दबिश के दौरान ग्रामीण की मौत होने की जांच पड़ताल करने के लिए सीओ सदर केके तिवारी मृतक के घर पहुंचे। परिजनों से वार्ता कर जांच पड़ताल की। पुलिस दबिश के दौरान सत्यवान की मौत होने पर परिजनों ने दरोगा और एक सहयोगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

6 नवंबर की देर शाम कोतवाली पुलिस की टीम ने नगर के मोहल्ला निजामगंज में दलित सत्यवान के एक घटनाक्रम में वांछित उनके पुत्र को पकड़ने के लिए दबी दी थी। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में सत्यवान छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेखा किया गया था। यहां उनकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी रेखा देवी की तहरीर पर बिरियागंज चौकी प्रभारी राहुल सिसोदिया और उनके एक सहयोगी के खिलाफ अपने पति की हत्या और एससी एसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। घटनाक्रम की जांच पड़ताल सर्वप्रथम सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रयांक जैन के द्वारा की गई। तत्पश्चात सीओ पुवायां प्रवीण मलिक के द्वारा की गई थी। शुक्रवार शाम को बदायूं के दातागंज सर्किल ऑफिसर केके तिवारी अपने अमले के साथ जांच पड़ताल करने के लिए मृतक सत्यवान के घर पहुंचे। केके तिवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही वादी रेखा देवी सहित परिजनों से वार्ता कर जांच पड़ताल की।



जांच करते सीओ केके तिवारी। ● अमृत विचार

# करंट लगने से बालिका की मौत

**निगोही/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खेत पर झटका मशीन से एक बालिका की मौत हो गयी। वह पिता के साथ खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगा रही थी। निगोही थाना क्षेत्र के गांव चकसौपारा निवासी सत्यपाल ने अपने खेत की मेंड़ पर जानवरों से बचाने के लिए झटका मशीन लगा रखी थी। शुक्रवार को दोपहर वह अपनी बेटी 13 वर्षीय सागिनी को लेकर खेत पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगाने के लिए ले गया। उसकी बेटी को पता नहीं था कि झटका वाली मशीन से तार में करंट आ रहा है। पेड़ लगाते समय उसका एक हाथ लोहे के तार से स्पर्श हो गया। उसको करंट लगने पर बेहोश हो गयी। चीख सुनकर सत्यपाल पहुंचा और बेटी को निजी अस्पताल में ले गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना गया। प्रभारी निरीक्षक मौके पर गए और मौका मुआयना किया।

# मूकबधिर युवती को चाकू मारकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घायल युवती को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, मां के साथ घर में रहती है युवती

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला हाथीपुर में कुछ लोग एक घर में घुस गए और वहां अपनी मां के साथ मौजूद दिव्यांग युवती की जमकर पिटाई कर दी। चाकू से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मोहल्ला हाथीपुर निवासी कांती पत्नी राजकुमार ने बताया कि वह घर पर अपनी 18 वर्षीय मूकबधिर पुत्री पूजा के साथ रहती हैं। परिवार के अन्य सदस्य बाहर मजदूरी करने गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर पड़ोसी आरोपी सुनील कुमार, दुर्गा, आशा व कुलदीप उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने पहले युवती के साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी सुनील कुमार ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर जब मां ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की हालत को देखते हुए परिवार में भय व्याप्त है। पीड़िता की मां ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने कटरा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए और विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। थाना परिसर में मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, बैरक, मैस, सरकारी आवास का निरीक्षण किया। महिला डेस्क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला एवं बाल अपराधों संबंधित प्रकरणों का गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए और शिकायतों को गंभीरता से सुनवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय में अभिलेखों का सही रखरखाव रखा जाए।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बचत बैंक खाता इण्डियन बैंक नकहा में रामपती के नाम से संचालित है। मेरी अन्य आई.डी. में मेरा नाम गीता दर्ज है। रामपती व गीता दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे उक्त दोनों नाम जाना व पहचाना जाता है। **गीता पत्नी स्व. रामपाल निवासी रेहरिया कलां पोस्ट नौवापुर घाट तहसील व जिला लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का नाम पुरानी खतौनी में दिलीप सिंह दर्ज है, जबकि उनका पूरा नाम गुरदीप सिंह उर्फ दिलीप सिंह पुत्र सूबा सिंह है। उक्त दोनों मेरे पिता के ही नाम हैं। भविष्य में उन्हें इन्हीं नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **हरदेव सिंह पुत्र गुरदीप सिंह उर्फ दिलीप सिंह निवासी- गांव मैनिया, तहसील पुवायां, जनपद शाहजहांपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान के चैन के मूल बैनामें का आखिरी पेज फोटो स्टेट कराते वक्त कचहरी में किसी फोटो स्टेट की दुकान पर रह गया जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर में दिनांक 08.07.20212 पुस्तक संख्या 1 खंड संख्या 7647 पेज संख्या 329-352 क्रमांक संख्या 8000 के पर दर्ज है जो मकान मोहल्ला बाडूजई प्रथम में स्थित है जिस किसी व्यक्ति को उपरोक्त बैनामें का आखिरी पेज प्राप्त हो वह 15 दिवस में अन्दर मुझे **(श्रीमती संजू पत्नी संजय) को मो. नं. 9250244071 पर सूचित करें।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जुबिश नदीम उर्फ अली को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नदीम इकबाल पुत्र श्री मोहम्मद इकबाल साबिर निवासी 249, गली नवाबान, बड़ा बाजार, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# राज्यसभा में छुट्टा पशुओं की समस्या उठाई

संवाददाता, शाहजहांपुर

- सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने शून्यकाल में रखी मांग, ठोस समाधान की मांग

**अमृत विचार:** राज्यसभा के शून्यकाल के दौरान सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने सड़कों, खेतों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में घूम रहे छुट्टा पशुओं की समस्या को उठाया। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर के ग्रामीण समाज और कृषि व्यवस्था से जुड़ा अहम विषय बताते हुए इस पर आवश्यक कदम उठाने की मांग की।



मिथिलेश कुमार।

सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है और प्रदेश के अनेक जिलों में छुट्टा गोवंश किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह समस्या अब केवल कृषि तक सीमित नहीं रही, बल्कि सड़क सुरक्षा से भी सीधे जुड़ गई है। राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर छुट्टा पशुओं के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें निर्दोष नागरिकों की जान जा रही है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह स्थिति गंभीर चुनौती बन चुकी है। कहा कि गो संरक्षण और गो कल्याण की दिशा में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कई प्रयास किए गए हैं। प्रदेश में गो आश्रय स्थल बनाए हैं और संचालन के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सांसद ने उम्मीद जताई कि सरकार ठोस और प्रभावी कदम उठाएगी, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रहें और सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगे।

# चाइनीज मांझे की छह चर्खी बरामद

संवाददाता, शाहजहांपुर/रौसर कोठी

- आरोपी फरार, रिपोर्ट दर्ज, मांझा उपयोग करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर पुलिस प्रशासन ने जिले में चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाया है। पुलिस ने लोधीपुर में एक मकान में छापा मारा और चाइनीज मांझा की छह चर्खी बरामद की है। पुलिस को आरोपी घर पर नहीं मिला। इसके अलावा कटरा, सदर बाजार, चौक कोतवाली, रामचंद्र मिशन आदि थानों में पतंग की दुकानों पर चेकिंग की गई, लेकिन चाइनीज मांझा नहीं मिला। एसपी ने लोगों से कहा कि चाइनीज बेचने और पतंग उड़ाने वालों के खिलाफ थाना और चौकी पर सूचना दे।

बता दें कि शहर में चाइनीज मांझे से सिपाही समेत दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई लोग घायल हो गए है। इसके अलावा चाइनीज से मांझा एक व्यक्ति के गर्दन में फंस जाने से मौत हो गई थी।



चाइनीज मांझा चेक करतीं सीओ ज्योति यादव।

एसपी राजेश द्विवेदी ने थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि पतंग की दुकानों पर छापे मारकर चाइनीज मांझा चेक किया। रोजा पुलिस को सूचना मिली कि लोधीपुर में एक मकान में चाइनीज मांझा बिक रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने फोर्स के साथ अफजल के मकान पर छापा मारा, जहां एक कमरे में चाइनीज मांझा की छह चर्खी बरामद की है। मांझा बेचने वाला आरोपी अफजाल घर पर नहीं मिला। पुलिस ने मांझे को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

सीओ तिलहर ज्योति यादव ने कटरा कस्बा में प्रभारी निरीक्षक के साथ पतंग की दुकानों पर छापेमारी की, लेकिन चाइनीज मांझा नहीं मिला। उन्होंने तिलहर कस्बा में भी पतंग की दुकानों पर छापेमारी की, किसी दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं मिला। एसपी ने लोगों से कहा कि यदि कोई दुकान या घर में चाइनीज मांझा बेचता है तो उसकी सूचना निकटम थाना पर दे। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा का क्रय विक्रय एवं उपयोग दंडनीय अपराध है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नमाज के दौरान हुआ विवाद फायरिंग में मां-बेटा घायल

संवाददाता, पुवायां

- बीच-बचाव में आई चाची को भी लगी चोट, गांव में दहशत

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव खिरिया पाठक में शुक्रवार को नमाज़ अदा करने के दौरान हुए विवाद के बाद फायरिंग की सनसनीखेज घटना सामने आई। पुरानी रंजिश को लेकर हुए इस विवाद में युवक पर गोली चला दी गई, जिसमें युवक और उसकी मां घायल हो गए, जबकि बीच-बचाव में आई उसकी चाची को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी 20 वर्षीय ममनून पुत्र मोमीन खां मंगलवार दोपहर घर के पास स्थित मस्जिद में नमाज़ पढ़ने गया था। इसी दौरान गांव के ही एक युवक से पुरानी रंजिश को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। नमाज़ समाप्त होने के बाद जैसे ही ममनून मस्जिद से बाहर निकला, पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उस पर हमला कर फायरिंग कर दी। गोली ममनून के पेट के दाहिने हिस्से में लगी। बेटे को बचाने के प्रयास में बीच में आई उसकी मां तजीन बेगम के सिर में छर्रे लग गए। वहीं झगड़े के दौरान बचाव करने पहुंची ममनून की चाची फूलबी पत्नी हासिम खां को ईंट लगने से चोट आई। फायरिंग की आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। हमलावर मौके से फरार हो गए।

ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अश्लील वीडियो बनाकर की वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसकी जान पहचान तीन साल पहले उसके रिश्तेदार अजीत निवासी गांव फैजुल्लापुर थाना हाफिजगंज से हो गई थी।

जान पहचान के चलते वह अजीत से मिलने लगी। आरोप है कि अजीत ने वीडियो कॉल के जरिये उसके कुछ अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद उसने 1 लाख रुपये मांगने शुरू कर दिए। रुपये देने से इंकार करने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोप है कि 4 फरवरी को उसने उसके मामा के फोन पर अश्लील वीडियो भेज दी। अब आरोपी धमकी दे रहा है कि अगर पुलिस से शिकायत की तो जान से मार दूंगा। महिला की तहरीर पर इज्जत नगर पुलिस ने आरोपी अजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना से निर्मित हॉट बाजार में एक टीन शेड युक्त कैंटीन बनायी गयी है। जिसके संचालन हेतु इच्छुक ग्रामवासी अपना आवेदन, ग्राम पंचायत कार्यालय (मनरेगा भवन) में दिनांक 08.02.2026 से दिनांक 14.02.2026 तक जमा कर सकते हैं। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थी का चयन ग्राम पंचायत कार्यालय पर लकी ड्रॉ के द्वारा किया जायेगा।

**अतुल गंगवार** — **सचिव**
**श्रीमती जगवत्ता देवी** — **ग्राम प्रधान**

# प्राथमिक स्कूल की दीवारों पर धार्मिक पोस्टर पर हंगामा, दो अध्यापक निलंबित

## विद्यालय की दीवारों पर पोस्टर देख भड़के संगठनों के लोग, पुलिस से नोकझोंक

**संभल/चंदौसी**

● **महापुरुषों की तस्वीरों को रस्सी से बांधकर कमरे में रख दिया**

**अमृत विचार:** चंदौसी अंतर्गत गांव नगला पूर्वा में प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर आयतों वाला पोस्टर व तस्वीरें टांगने को लेकर शुक्रवार दोपहर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार्यकर्ताओं के साथ नोकझोंक हो गई। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की इंचार्ज अध्यापक व दूसरे समुदाय के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है।

थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के नगला पूर्वा गांव के प्राथमिक परिषदीय विद्यालय में दीवारों पर दूसरे धर्म के पोस्टर व आयतें लिखा फोटो लगे होने की जानकारी पर शुक्रवार दोपहर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता प्राथमिक विद्यालय में पहुंच गए। देखा कि दीवार पर आयतें और उनसे जुड़ी तस्वीरें टंगी थीं। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, मां सरस्वती, भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, रविंद्र नाथ टैगोर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीरों को रस्सी से बांधकर एक कमरे में रख दिया गया था। कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर हंगामा खड़ा कर दिया। प्रधान अध्यापिका पुष्पा रानी व सहायक अध्यापक मौहम्मद नाजिम से महापुरुषों की तस्वीरें हटाकर धार्मिक तस्वीरें लगाने को लेकर जवाब मांगा तो वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये।

विद्यालय में हंगामे की सूचना मिली तो कुढ़ फतेहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने संगठनों के कार्यकर्ताओं को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता अध्यापकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माग पर अड़ गये। इस दौरान पुलिस के साथ भी कहासुनी और नोकझोंक के हालात बने। हंगामे के बीच ही विद्यालय की एक अध्यापिका ने एआरपी एवं सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम पर आयतें लिखवाने का आरोप लगाया। प्रधानाध्यापक पुष्पा रानी और सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर खुद को बचाने का प्रयास करते रहे। मामला बढ़ता दिखा तो पुलिस कर्मियों ने कार्यकर्ताओं से कहा कि तहरीर दें। तहरीर के आधार पर अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। देर शाम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा नेइंचार्ज अध्यापिका पुष्पा रानी व सहायक अध्यापक मौहम्मद नाजिम को निलंबित कर दिया है। कहा कि सभी आरोपों की गहनता से जांच कराई जायेगी।

# उत्तराखंड के ट्रक चोर गैंग सरगना की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के ट्रक चोर गैंग के सरगना उत्तराखंड के नैनीताल जनपद के हल्द्वानी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर कालोनी निवासी नवाब अंसारी उर्फ गुड्डू वारसी उर्फ फिटवेल टेलर की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय राघवेन्द्र मणि ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि एसआई राशिद अली ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर बताया था कि 21 मई 2024 को पुलिस टीम के साथ अपराधी की तलाश में मुस्तैद थे। मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति वाहनों की चोरी करके फर्जी एनओसी तैयार कराकर आरटीओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन कराकर फर्जी इंश्योरेंस कराकर वाहनों की बिक्री करते हैं। इसी क्रम में यह व्यक्ति चोरी के 3 ट्रक लिये बिक्री की फिराक में ग्राहकों के इंतजार में भट्टा तिराहा हाफिजगंज के पास खड़े हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 4 व्यक्तियों को पकड़ा था। पकड़े गये लोगों ने अपने नाम मुजाहिद, शराफत, शाकिर हुसैन व अंजुम बताया था। पुलिस को बताया था कि हम चारों और हमारे सरगना नवाब अंसारी उर्फ गुड्डू वारसी उर्फ फिटवेल टेलर उत्तराखंड का एक संगठित वाहन चोरों का गैंग है। हम लोग जगह-जगह से वाहनों की चोरी करते हैं और हमारे अन्य साथी गौतम तथा निकिल जो आरटीओ के दलाल हैं वह चोरी के वाहनों का कूट रचित रजिस्ट्रेशन व इन्श्योरेंस व एनओसी कराते हैं। वाहनों के इंजन नम्बर व चेसिस नम्बरों की कूटरचना करते हैं। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।**

पताः— ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः— 2996 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा—पत्रा0 / बाण्ड क्लर्क / 2025—26 दिनांकः— 21.01.2026

—:: निविदा सूचना ::—

1— महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन / सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2— तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः—

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | ग्राम करमपुर में देवस्थान के पास, ग्राम सल्था में देवस्थान के पास, ग्राम आनन्दपुर में सार्वजनिक बारात घर के पास, ग्राम धंतिया में मंदिर के पास, ग्राम सैजना में बालाजी मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—मीरगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | ग्राम मण्डनपुर में शिव मंदिर के पास, ग्राम धनेटा में शिव मंदिर के पास, ग्राम बहरोली में नटवीर महाराज के पास, ग्राम फिरोजपुर में होली चौराहा के पास, ग्राम पहुँचा खुर्द में देवस्थान के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—मीरगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | ग्राम समसपुर में मंदिर के पास, ग्राम धंतिया मजरा खुदागंज में शिव मंदिर के पास, ग्राम लभेड़ा में शिव मंदिर के पास, ग्राम सिरोंधी अंगदपुर में प्रा०वि० चौराहा के पास, ग्राम सिमरिया मजरा रम्पुरा में पंचायत घर के पास चौराहा पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—मीरगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | ग्राम तिलमास मजरा कुतकपुर में होली चौराहा के पास, ग्राम नरेली रसूलपुर मजरा खानपुर में होली चौराहा के पास, ग्राम नरखेड़ा में मंदिर के पास, ग्राम नरखेड़ा गौटिया में देवस्थान के पास, ग्राम रम्पुरा किसानान में चौराहा के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—मीरगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | ग्राम लमकन में देवस्थान के पास, ग्राम छोटा वसावनपुर में शिव मंदिर के पास, ग्राम लोहारनगला में मेले में चौराहा के पास, ग्राम भमोरा में शनि देव मंदिर के पास, ग्राम सतुईया खास में चौराहा के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—फतेहगंज पं0) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 6 | बरेली | ग्राम महिमा नगला में देवस्थान के पास, ग्राम जियानगला में देवस्थान के पास, ग्राम विवियापुर कायस्थान में ब्रहमदेव के पास, ग्राम रफियाबाद में जवाहर नवोदय विद्यालय में, ग्राम मढ़ौली में शिव मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—मीरगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 7 | बरेली | ग्राम खजुआ जागीर में मंदिर के पास, ग्राम पीपल साना खातियान में ब्रहमदेव के पास, ग्राम पहाड़ी कालौनी कर्मपुर चौ० में पार्क के पास, ग्राम कुआडांडा में मंदिर के पास, ग्राम धिमनी में मंदिर के पास, हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—भोजीपुरा) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 8 | बरेली | ग्राम मांडा में मंदिर के पास, ग्राम बुझिया शुमाली में देवस्थान के पास, ग्राम बुझिया जनूवी में देवस्थान के पास, ग्राम मुंडिया चेतराम में मंदिर के पास, ग्राम सैय्यदपुर में मंदिर के पास, हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—भोजीपुरा) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 9 | बरेली | ग्राम परसुनगला में देवस्थान के पास, ग्राम सागलपुर में होली चौराहा के पास, ग्राम मोहम्मदपुर ठाकुरान में मंदिर स्कूल पर, ग्राम वोहित में देवस्थान के पास, ग्राम घंघोरा घंघोरी में ब्रहमदेव के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—भोजीपुरा) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | ग्राम बिचपुरी में होली चौराहा के पास, ग्राम प्रहलादपुर में देवस्थान के पास, ग्राम चठिया में राम जानकी मंदिर के पास, ग्राम सेंडा वसुधरन में ब्रहमदेव रोड पर, ग्राम सुन्दर गौटिया में शिव मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—शेरगढ) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | ग्राम नगरिया खुर्द में देवस्थान पर, ग्राम इटौआ में स्वतन्त्रा संग्राम सेनानी बाबा प्रदास की तपोस्थली पर, ग्राम बालपुर में मंदिर के पास, ग्राम आकलाबाद में मंदिर पर, ग्राम निरभुआ में मंदिर पर हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—शेरगढ) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | ग्राम गहलुईया में देवस्थान के पास, नगर पं० शेरगढ़ में राधा स्वामी सत्संग आश्रम में, नगर पं० शेरगढ़ में जनता मंदिर पर, ग्राम भदरक में चौराहे पर, ग्राम तकिया शिशु मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। सां0नि0—शेरगढ) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | ग्राम विशेषपुर में प्रा०स्वा० केन्द्र के पास, ग्राम मुंडिया चौधरी में तिराहे के पास, ग्राम किशनपुर में चौराहा के पास, ग्राम जगीडांडी में मंदिर के पास, ग्राम अब्दुल्ला मे देवस्थान के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना । (सां0नि0—भदपुरा) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | ग्राम मेथी नवदिया में होली चौराहा के पास, ग्राम इंडिया सफदर अली में चौराहा के पास, ग्राम तिगरी में मंदिर के पास, ग्राम कटैइया आत्माराम में देवस्थान के पास, ग्राम जगराजपुर में देवस्थान के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—भदपुरा) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | ग्राम कितुकापुर में देवस्थान के पास, ग्राम डंडिया मुर्तजानगर में देवस्थान के पास, ग्राम हररईया में देवस्थान के पास, ग्राम अधकटा रब्बानी बेगम में देवस्थान के पास, ग्राम हरचन्दपुर में ब्रहमदेव के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—भदपुरा) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | ग्राम हंसा में मौर्य बस्ती में चौक के पास, ग्राम खामपुर उर्फ गंगापुर में देवस्थान के पास, ग्राम इनायतपुर में मंदिर के पास, ग्राम बरौरा में देवस्थान के पास, ग्राम नवदिया के पृथ्वीपुर में तिराहे के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—नवाबगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 17 | बरेली | ग्राम तुमड़िया में मंदिर के पास चौराहा पर, ग्राम गौटिया लाड़पुर में तिराहे के पास, ग्राम नौआनगला में होली चौराहा के पास, ग्राम हरदुआ में मौर्य चौराहा के पास, ग्राम लाइखेड़ा में शिव मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—नवाबगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 18 | बरेली | ग्राम परोथी टांडा में मंदिर के पास, ग्राम डंडिया बाबूराम में शिव मंदिर के पास, ग्राम सैदपुर सरौरा में चौराहा के पास, ग्राम नन्दपुर में शिव मंदिर के पास, ग्राम मानपुर में मंदिर के पास हाईमास्ट लाइट की स्थापना। (सां0नि0—नवाबगंज) | 9.070 | 18200.00 | 766.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधिः दिनांकः 23.02.2026 से 25.02.2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 26.02.2026 को मध्याहन 12:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद—बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 26.02.2026 अपरान्ह 12:30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :— उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

**UP-245296 दिनांक** 05.02.2026
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई—टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समाडि), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं. **M-198-1-1 CAMC-SPARTLKU-D** के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए "सिंगल पैकेट सिस्टम" के आधार पर सिंगल ई—निविदा आमंत्रित की जाती हैं:— **कार्य का नाम:** "सीएएमसी फॉर हाई स्पीड स्पार्ट (डीजी सेट एंड लोको इंजन) अवेलेबल एट लालकुआँ फॉर अ पीरियड ऑफ 47 मंथ ऑन सिंगल टेंडर बेसिस थ्रू ओईएम आर ऑथोराइज्ड डीलर बाई ओईएम"; **कार्य की अनुमानित लागत(₹ में):** ₹69,37,309.62; **बयाना राशि (₹ में):** ₹1,38,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹ में):** निल; **कार्य की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 47 महीने; **ई—निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 02.03.2026 को समय 17:00 बजे। • निविदाकार ई—निविदा को दिनांक 02.03.2026 को समय 17:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं ई—निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल यांत्रिक इंजी० (समाडि)
मुजाधि / यांत्रिक—136 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

# राजस्थान में आईवीआरआई के खिलाड़ियों का दबदबा

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) ने राजस्थान के अविकानगर में आयोजित आईसीएआर पश्चिमी क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार समग्र चैंपियनशिप जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आईसीएआर संस्थानों के 95 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें 89 पुरुष और 6 महिला खिलाड़ी थीं। आईवीआरआई ने बैडमिंटन पुरुष, महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं, वालीबॉल व चार गुणा सौ मीटर रिले में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, शतरंज और कैरम में रजत पदक, गोला फेंक, लंबी कूद एवं भाला फेंक में कांस्य पदक हासिल किया। टीम की यात्रा और खेल गतिविधियों का सफल संचालन मुख्य दल प्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। टीम प्रबंधन में डॉ. अभिषेक, डॉ. सागर चंद, विश्वदीप का योगदान रहा। डॉ. ज्ञानेंद्र ने कहा उपलब्धि संस्थान की खेल उत्कृष्टता और संगठित प्रयासों का प्रतीक है।

# चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध को कमेटियां गठित

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● **पकड़े जाने पर पांच साल की जेल या एक लाख रुपये का जुर्माना डाला जाएगा**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चाइनीज मांझे से मौत होने पर उसे हत्या मानते हुए कार्रवाई करने के निर्देश देने के बाद जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार को जनपद में सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाईनीज मांझे के निर्माण, भंडारण और उपयोग व बिक्री पर पूर्णता रोक लगाने के लिए कमेटियां गठित की हैं।

इसमें पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही राज्य कर विभाग के अधिकारी भी शामिल किए गए हैं। खूनी मांझे पर प्रतिबंध लगाने के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्र के लिए तीन और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रत्येक तहसील में अलग-अलग कमेटी गठित की हैं। जिलाधिकारी की ओर से जारी किए गए आदेश में बताया है कि पर्यावरण विभाग ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-5 के अन्तर्गत 2 मार्च 2016 को आदेश जारी कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पतंग उड़ाने के लिए चीन में निर्मित मांझे का प्रयोग, घटनाओं के दृष्टिगत उस पर प्रतिबंधित लगाया था। इसको ध्यान में रखते हुए जनपद में सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाईनीज मांझे के निर्माण, भण्डारण, उपयोग एवं बिक्री पर लगाए गये प्रतिबंध का अनुपालन कराने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत सघन तलाशी अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई करने को कमेटी गठित की हैं। यदि कोई भी नियमों या निर्देशों का उल्लंघन करेगा तो इस संबंध में पांच वर्ष कारावास या एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि असफलता या उल्लंघन दोष सिद्धि की तारीख के बाद एक वर्ष की अवधि में जारी रहा तो 7 वर्ष की सजा होगी। अधिकारियों की टीम आवश्यक कार्रवाई करेगी। उस कार्रवाई की आख्या से जिलाधिकारी को भेजेगी। यह भी अवगत कराया कि मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि किसी भी स्थान पर चाईनीज मांझे से मृत्यु की घटना संज्ञान में आती है तो उसे हत्या मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत वजीरनगर वि.खं. बांकेगंज (खीरी)**

**निविदा सूचना**

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वजीर नगर विकास खंड बांकेगंज-खीरी में मनरेगा योजनान्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य प्रस्तावित एवं स्वीकृत हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित सामग्री लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विलियमगंज में हीरा लाल के घर से श्रीराम के घर के आगे तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 85.00 मी. | 396806.00 | मनरेगा |
| 2. | अमरपाल के घर से राम मूर्ति के घर के आगे तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 60.00 मी. | 260834.00 | मनरेगा |

उक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी की इन्टरलॉक ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, बालू, ईट व अन्य निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 07.02.2026 से 13.02.2026 तक दोपहर 02:00 बजे तक जमा कर सकते हैं, तथा निविदा दिनांक 13.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे गठित समिति के मध्य खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

नोट:- अनुमन्य में जी.एस.टी. अलग से देय होगी।

**बृजेश कुमार सविता** — **ग्राम पंचायत विकास अधिकारी**
**राम सागर** — **ग्राम प्रधान**

# गुरुगावा मुस्तकिल में भ्रष्टाचार डीएम ने जारी किया नोटिस

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** गांव गुरुगावा मुस्तकिल में कराए विकास कार्यों की जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और घटिया निर्माण का मामला सामने आया है। जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान ज्ञानो देवी, सचिव अजय कुमार और शिप्रा को निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी, घटिया सामग्री के प्रयोग और कुल 7,27,297 रुपये के गबन का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिन में स्पष्टीकरण तलब किया है। दोनों सचिवों को भी शीघ्र नोटिस जारी किए जाएंगे।

मझगवां के गुरुगावां मुस्तकिल निवासी तरुण ने पिछले साल शपथ पत्र के साथ ग्राम पंचायत में कराए गए कामों में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी की डीएम से शिकायत की थी। इसके बाद डीएम ने पीडी डीआरआईए चंद्र प्रकाश श्रीवास्ता को जांच सौंपी। जांच में कई निर्माण कार्यों में अनियमितता की पोल खुल गई। दो कंपोजिट पिट की दीवारें टूटी मिलीं तो वहीं, नालों की दीवारों पर कई स्थानों पर प्लास्टर उखड़ा था। एक नाले की दीवार पर प्लास्टर भी नहीं किया गया था। मिट्टी के भराव कार्य में दस हजार रुपये का गलत भुगतान किया गया था। मेन गौटिया वाला नाला टूटा पाया गया। हैंडपंप रिपेयर और सफाई कार्य में भी लाखों रुपये का भुगतान अनियमित तरीके से हुआ। जांच में तालाब की सफाई के नाम पर 75,310 रुपये का गबन पाया गया। इससे यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम पंचायत में निगरानी की कमी ने सरकारी धन के दुरुपयोग का अवसर दिया। डीएम ने जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रधान से 15 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। डीपीआरओ कमल किशोर का कहना है कि मामले में दोनों सचिवों को भी शीघ्र नोटिस जारी किए जाएंगे।

# बिना ओटीपी और जानकारी दिए खाते से कटे 1.32 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** बिना ओटीपी या कोई और जानकारी दिए युवक के बैंक खाते से 1.32 लाख रुपये कट गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य से मामले की शिकायत की गई। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला कटघर निवासी जफरुल हक ने बताया कि उसका बैंक खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। उसके खाते से बिना जाककारी एवं सूचना के 1 सितंबर 2025 को दो बार में 1 लाख रुपये कट गए। इसके बाद 2 सितंबर को 32 हजार रुपये और कट गए, जबकि पैसे निकलने का उसके पास कोई मैसेज भी नहीं आया। वहीं इसके अलावा उसकी तरफ से न तो कोई ओटीपी बताया गया और न ही कोई अन्य डिटेल किसी को दी गई। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 462 / ई—टेण्डर / 25—26 दिनांक 31.01.2026

अल्पकालीन ऑन—लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1— महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई—निविदा दिनांक 12.02.2026 से दिनांक 19.02.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 19.02.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:—

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत (लाख रू0) कुल अनुमानित लागत | निविदा की धरोहर धनराशि (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+ जी0एस0टी0 (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म / ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद बरेली में सर्किट हाउस परिसर के मार्गों का हॉट मिक्स प्लॉट द्वारा बी0सी0 से सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 23.65 | 2.37 | 944.00 | 02 माह | ए,बी,सी,डी (मार्ग कार्य) |
| 2 | जनपद बरेली में डी0एम0 व ए0डी0एम0 परिसर के मार्गों का हॉट मिक्स प्लॉट द्वारा बी0सी0 से सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 15.83 | 1.58 | 944.00 | 02 माह | ए,बी,सी,डी (मार्ग कार्य) |
| 3 | जनपद बरेली में आफिसर्स हॉस्टल परिसर के मार्गों का हॉट मिक्स प्लॉट द्वारा बी0सी0 से सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली | 4.52 | 0.45 | 767.00 | 02 माह | ए,बी,सी,डी (मार्ग कार्य) |

2— निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर Login किया जा सकता है।

UP - **245287 दिनांकः** 05/02/2026
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 381/मु.अभि./नि.वि./2025-26 दिनांक 06.02.26

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| प्रथम बार निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 15 से 15 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 12.02.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 12.02.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 05.03.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 05.03.2026 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**

## घर में तोड़फोड़ कर लाखों की चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में चोरों ने एक घर में तोड़फोड़ कर लाखों रुपये के जेवर और कीमती सामन समान चुरा लिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीसीटीवी फुटेज के जरिये चोरों की तलाश की जा रही है।

थाना क्षेत्र के मेगा मेंसन कॉलोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि 5 फरवरी को चोरों ने उनके मकान की दीवार में सेंध लगाकर अलमारियों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, नकदी समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिया।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बढ़ेगी एमएसएमई की दक्षता

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



एक दिवसीय कार्यशाला में उद्यमी।

**अमृत विचार:** वधवानी फाउंडेशन ने इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर और ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के सहयोग से शुक्रवार को शहर के एक होटल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें उद्यमियों को एआई के व्यावहारिक और व्यवसाय-केंद्रित उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को उभरती तकनीकों, विशेषकर एआई के व्यावसायिक अनुप्रयोगों से परिचित कराना था।

ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के असिस्टेंट डायरेक्टर एकता नैय्यर ने बताया कि किस तरह एआई का इस्तेमाल उत्पादन क्षमता बढ़ाने, लागत नियंत्रण और मानव संसाधन से लेकर वित्तीय निर्णयों तक में किया जा सकता है। प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। वाधवानी फाउंडेशन की श्वेता सिंह ने प्रतिभागियों को वधवानी एक्सेलेरेट बिजनेस ग्रोथ सपोर्ट प्रोग्राम, वधवानी स्प्रिंट प्लेटफॉर्म और लिफ्ट ऑफ एआई प्लेटफार्म जैसे संसाधनों की जानकारी दी। बताया कि इन प्लेट फॉर्म्स के माध्यम से एमएसएमई उद्यमी व्यवसायिक चुनौतियों की पहचान और एआई आधारित रणनीतियों और योजनाओं को अपने व्यवसाय में लागू कर सकते हैं। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में एआई को अपनाना उद्योगों के लिए आवश्यकता बन चुका है। इस प्रकार की कार्यशालाएं उद्यमियों को नई तकनीक से जोड़कर उन्हें अधिक सक्षम, प्रतिस्पर्धी एवं भविष्य के लिए तैयार बनाती हैं।

न्यूज ब्रीफ

### पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस विभाग में पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के डीआईजी अखिलेश कुमार चौरसिया को डीआईजी स्थापना बनाया गया है। इसी तरह एसटीएफ के एसएसपी से प्रोन्नत होने पर घुले सुशील चन्द्रभान को एसटीएफ में ही डीआईजी पद पर तैनाती दी गई है। गौतमबुद्धनगर के डीसीपी यमुना प्रसाद को प्रोन्नति के बाद एसटीएफ का डीआईजी बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात हेमराज मीना को प्रोन्नति के बाद डीआईजी यूपी एसआईएफएस के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा 44 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के सेनानायक रहे संचिन्द्र पटेल को प्रोन्नत के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन का डीआईजी बनाया गया है।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" का शुभारंभ हो गया है। यह विशेष अभियान 6 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल रोजगार से जोड़ना ही नहीं, बल्कि उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारकर उन्हें प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनाना है। कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, उपायुक्त (एमएसएमई) एवं जिला सेवायोजन अधिकारी शामिल हुए। मिशन निदेशक ने निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षित दिव्यांग युवाओं की अद्यतन सूची तैयार कर उन्हें विभिन्न रोजगार अवसरों से जोड़ा जाए। साथ ही कहा कि पूर्व में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान' के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर चुके 720 दिव्यांगजनों से फीडबैक लिया जाए।

### 2.39 लाख अल्पसंख्यक छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के 2.39 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 71.35 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 और 10 में पढ़ने वाले 1,09,084 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसके लिए लगभग 32.19 करोड़ रुपये वितरित किए गए। वहीं पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत 11वीं–12वीं सहित तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 1,30,265 विद्यार्थियों को करीब 39.16 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।

### अमेरिका के दबाव में खोला कृषि बाजार : हिंदवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकारों ने सबसे अधिक अन्याय किसानों पर किया है। किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। अब सरकार ने अमेरिका के दबाव में अपना कृषि बाजार भी उनके लिए खोल दिया है। इस एक कदम का आने वाला समय में हमारे किसान भाइयों पर कितना दुष्प्रभाव पड़ेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। वह शुक्रवार को किसान कांग्रेस (मध्य जोन) के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन–पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# आवारा कुत्तों से निजात को शेल्टर होम व एबीसी सेंटर की तैयारी पूरी

## डॉग बाइट पर सख्ती, जन सुरक्षा और पशु कल्याण का संतुलित रोडमैप, नगर निगमों और जिला मुख्यालयों में स्थापना प्रक्रिया तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रति शेल्टर होम 4.70 करोड़ से 5.31 करोड़ रुपये होगी लागत

**अमृत विचार:** प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगमों और जिला मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्देश्य है कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और पशु कल्याण को मानवीय व वैज्ञानिक ढंग से आगे बढ़ाया जाए। हर शेल्टर होम की लागत 4.70 करोड़ रुपये से 5.31 करोड़ रुपये अनुमानित की गई है।

सरकार ने इस पूरे अभियान को प्राथमिकता सूची में रखते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाइयों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया है। नीति स्तर पर यह पहल सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुरूप की जा रही है, जिनमें नसबंदी, टीकाकरण, पुनर्वास और समुदाय सहभागिता जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया है। राज्य सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग-अलग विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई है।



प्रस्तावों के मुताबिक प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से 531 लाख रुपये तक की लागत का अनुमान है। डीपीआर में क्षमता निर्धारण, केनेल्स, पशु चिकित्सा यूनिट, सर्जरी कक्ष, आइसोलेशन वार्ड, भोजन-पोषण, स्वच्छता, सुरक्षा और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी आवश्यक घटक शामिल हैं।

शासन ने इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिससे क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। अन्य नगर निगमों से भी सूचनाएं जुटाई जा रही हैं ताकि पूरे प्रदेश में एक समान, प्रभावी और टिकाऊ व्यवस्था लागू की जा सके।

### आक्रामक कुत्तों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था

एबीसी सेंटरों में आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी–रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इससे प्रजनन दर नियंत्रित होगी और रेबीज जैसी घातक बीमारी का प्रसार रुकेगा। शेल्टर होम में घायल, बीमार या आक्रामक कुत्तों के लिए सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था होगी।

### नगर निकायों की जवाबदेही तय

हर नगर निगम को उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने, समयबद्ध प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने और संचालन के लिए मानक प्रोटोकॉल अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। निगरानी तंत्र के जरिए प्रगति की नियमित समीक्षा होगी।

### शेल्टर होम की प्रमुख सुविधाएं

- आधुनिक केनेल्स व आइसोलेशन वार्ड
- पशु चिकित्सा, सर्जरी व टीकाकरण यूनिट
- स्वच्छता, भोजन–पोषण व सुरक्षा
- प्रशिक्षित केयरटेकर व डॉक्टरों की तैनाती

### भूमि (चयनित)

- ललितपुर : 12.182 हेक्टेयर
- हरदोई : 0.2 हेक्टेयर
- बुलंदशहर : 2000 वर्ग मीटर
- फतेहपुर : 0.769 हेक्टेयर

### यूपी में 'गोदान' फिल्म टैक्स फ्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गो संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म गोदान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। राज्य सरकार के इस निर्णय को गो सेवा, गोरक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सरकार का मानना है कि इस तरह की फिल्मों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और गो संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जनजागरूकता बढ़ती है। 'गोदान' फ़िल्म गोवंश संरक्षण, ग्रामीण जीवन, मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर आधारित है।

# मंत्री का घेराव करने वाले भाजपा विधायक से किया जवाब तलब

## भाजपा का पार्टी अनुशासन पर सख्त रुख, प्रदेश अध्यक्ष ने भेजा कारण बताओ नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का महोबा में सरेआम घेराव करना भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक को भारी पड़ता दिख रहा है। मामले में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी इसे खुली अनुशासनहीनता मान रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधायक द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का काफिला रोकना और कथित रूप से उन्हें बंधक जैसी स्थिति में डालना पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा है। यह मामला केवल असंतोष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सरकार और संगठन दोनों की छवि पर सवाल खड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रदेश नेतृत्व ने बिना देरी किए अनुशासनात्मक कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है।



कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का घेराव करते विधायक बृजभूषण राजपूत (फाइल फोटो)।

### विधायक बृजभूषण राजपूत का पलटवार

नोटिस जारी होने के बाद विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा है कि उन्हें अभी तक कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वह शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे। राजपूत का दावा है कि उन्होंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की, बल्कि जनता की समस्याएं उठाई हैं।

पूरा मामला 30 जनवरी का है, जब महोबा जिले में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला सड़क पर रोक लिया गया। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू अपने क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और मंत्री से सीधे बातचीत की मांग करने लगे। इस दौरान सड़क पर ही लंबी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई। विधायक का आरोप था कि उनके क्षेत्र में घर-नल-जल योजना के तहत भारी लापरवाही हो रही है। पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, मरम्मत नहीं कराई गई और अधिकारी कथित रूप से लूट-खसोट में लिप्त हैं। ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विधायक का दावा है कि इसी जनसमस्या को लेकर वे मंत्री से प्रधानों के साथ सीधे बात करना चाहते थे।

- 7 दिन में जवाब नहीं देने पर बढ़ सकती मुश्किलें, महोबा प्रकरण में सियासत गरमाई

### विपक्ष को मिला हमला करने का मौका

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। जहां एक ओर भाजपा संगठन के भीतर अनुशासन और मर्यादा को लेकर सवाल उठे हैं, वहीं विपक्ष को योगी सरकार पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता का बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्ष लगातार यह सवाल उठा रहा है कि जब सत्तारूढ़ दल के विधायक ही खुलेआम मंत्री का घेराव कर रहे हैं, तो जमीनी हालात कितने खराब होंगे।

# विकास के एजेंडे संग विपक्ष के सवालों का जवाब देने की पूरी तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सदन में जनवरी की बैठकों में हुए अहम निर्णयों पर लगेगी मुहर
- लोकलुभावन बजट से पहले नीतिगत प्राथमिकताओं पर रहेगा जोर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र नए साल के बजट के साथ विधायी और नीतिगत प्राथमिकताओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़े प्रावधानों को और मजबूत करने पर है। सत्र के दौरान सरकार जहां विकास से जुड़े एजेंडे को आगे बढ़ाएगी, वहीं विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए भी पूरी तैयारी की गई है।

इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों और संशोधन प्रस्तावों को पारित किए जाने की तैयारी है। जिन प्रस्तावों को सदन में लाया जाएगा, उनमें प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने, प्रक्रियाओं को सरल करने और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को कानूनी मजबूती देने से जुड़े विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा कुछ मौजूदा कानूनों में संशोधन के प्रस्ताव भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे, ताकि बदलती जरूरतों के अनुरूप उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सरकार का मानना है कि इन विधेयकों के पारित होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहूलियत मिलेगी।

सरकार की दो हालिया कैबिनेट बैठकों में पारित प्रस्तावों पर सदन में की मंजूरी ली जाएगी। इनमें वित्तीय प्रबंधन, औद्योगिक विकास, नगरीय व्यवस्था, ग्राम्य विकास और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विषय प्रमुख हैं। 15 लाख से अधिक बेसिक और माध्यमिक शिक्षा जगत के शिक्षकों-कार्मिकों समेत सभी के परिवारों तक को कैशलेस इलाज की सौगात के लिए बजट के प्रावधान किए जाएंगे। जीसीबी नीति से औद्योगिककरण, शहरी पुनर्विकास नीति 2026, सीएम फेलो, पीसीएस–जे समेत अन्य पारित प्रस्तावों और उनसे जुड़े संशोधन पर सदन की मुहर लगेगी।



सरकार का लक्ष्य एक ऐसा बजट पेश करना है, जो न केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास को बढ़ावा दे, बल्कि महंगाई और रोजगार जैसे मोर्चों पर भी आम जनता को राहत पहुंचाए। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से सदन में प्रस्तुत करने के लिए बजट प्रावधान लगभग पूरी तरह तैयार है।

–सुरेश कुमार खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री

## बजट सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो : महाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2026 में विधानसभा के प्रथम सत्र के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और सुरक्षा प्रबंधों एवं विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो तथा समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। विधान सभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा कि लोकतांत्रिक गरिमा एवं संसदीय परंपराओं की रक्षा के लिए सुरक्षा एवं सुविधा दोनों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की तैनाती, एंटी एक्सप्लोसिव एवं एंटी सबोटाज जांच व्यवस्था, विधानसभा के सभी प्रवेश द्वारों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा विधायकों के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

## लोकमंगल को समर्पित है श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा: योगी

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा लोकमंगल, जनसेवा और सामाजिक चेतना को समर्पित एक प्रेरक अभियान है, जो महायोगी गुरु गोरखनाथ के संदेश- सबका कल्याण, सबका उत्थान का प्रभावी प्रसार कर रही है। मुख्यमंत्री ने नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) और इस यात्रा से जुड़े सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों व आयोजकों को बधाई दी। एनएमओ के अवध व गोरक्ष प्रांत द्वारा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से 8 फरवरी तक चल रही तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत नेपाल सीमा से लगे सात जिलों के दूरदराज थारू बहुल गांवों में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। पहले ही दिन 70 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



# चालकों-परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब 2.32 रुपये प्रति किमी मिलेगा भुगतान

**अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत संचालित बसों के चालकों व परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी कर दी गयी है। अब उन्हें प्रति किलोमीटर 14 पैसे अधिक भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देश से यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब तक संविदा चालकों और परिचालकों को 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर 2.32 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाली बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में 20 प्रतिशत कम रखा गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को कम खर्च में यात्रा की सुविधा मिल रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 क्षेत्रों में स्वीकृत 395 मार्गों पर कुल 299 बसों का संचालन किया जा रहा है।

### चाइनीज मांझे के नेटवर्क की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद प्रदेशभर में चाइनीज मांझे के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में चाइनीज मांझे के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और परिवहन से जुड़े पूरे नेटवर्क की सघन जांच की जा रही है। थोक विक्रेताओं, ऑनलाइन सप्लायर्स, परिवहन चैनलों और गोदामों पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रदेश में चाइनीज मांझे की एक भी रील न बिके और न ही कहीं संग्रहित हो। हर जिले में 24×7 मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जा रहे हैं।

# अग्निवीर भर्ती में शामिल हुए 265 अभ्यर्थी

## एएमसी स्टेडियम में पहले दिन एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों की कराई प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय), लखनऊ द्वारा शुक्रवार से अग्निवीर भर्ती शुरू हो गई। पहले दिन छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के लिए भर्ती रैली कराई गई।

इस श्रेणी के लिए 13 जिले लखनऊ, औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर और फतेहपुर के कुल 370 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें 265 अभ्यर्थियों ने भर्ती रैली में हिस्सा लिया। गुरुवार रात से ही अभ्यर्थी परिसर में जुटने लगे थे। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (यूपी और यूके) ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने लंबी कूद, गड्ढा कूद, 1.6 मीटर की दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा दिखाई। 13 जिलों से लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। 7 फरवरी को इन सभी जिलों की तहसीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल (एसकेटी) श्रेणी के लिए भर्ती रैली कराई जाएगी। भर्ती रैली 16 फरवरी तक चलेगी।



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में भर्ती रैली को झंडी दिखाते मेजर जनरल मनीष कुमार जेडआरओ। अमृत विचार

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल हुए थे कुल 127 एनसीसी कैडेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीसी निदेशालय उप्र ने शुक्रवार को जन भवन में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया। इस समारोह में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी)-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया।

लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज व मेरठ के कुल 11 एनसीसी ग्रुपों से 127 एनसीसी कैडेटों ने कर्नल अमिताभ कुमार, कंटिंजेंट कमांडर के नेतृत्व में आरडीसी- 2026 में उप्र का प्रतिनिधित्व किया। कैडेटों ने अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व तथा सांस्कृतिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय (उप्र) ने संबोधित करते हुए कैडेटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उच्च प्रशिक्षण मानकों की सराहना की। एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को इंटर-ग्रुप कंपीटिशन बैनर भेंट किया गया, जिसे ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत समुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को भी आरडीसी - 2026 के दौरान विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ के लेफ्टिनेंट कर्नल अनिमेष राय के विशेष मार्गदर्शन में इन कैडेटों का चयन राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों को योजना के संबंध में ब्रीफिंग देने के लिए किया गया।



जन भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सम्मानित एनसीसी कैडेट व सेना के उच्च अधिकारी।

- बरेली की एसयूओ महक और यूओ माधव पुरस्कृत

### स्वर्ण पदक विजेता

एसयूओ अजीत कुमार सिंह–वाराणसी 'ए', एसयूओ दिया नेहरा– अलीगढ़, एसयूओ महक– बरेली, यूओ रूबी–गाजियाबाद, एल/कॉर्पोरल सूरज वर्मा–लखनऊ, कैडेट शिवम तिवारी– प्रयागराज

### रजत पदक विजेता

एसयूओ यश चंद्रा–अलीगढ़, यूओ माधव–बरेली, सार्जेंट आरव सक्सेना–गाजियाबाद, कैडेट सार्जेंट चंद्रमौली उपाध्याय– वाराणसी 'बी', कैडेट अक्षिता सिंह–मेरठ, एसयूओ इशिका यादव–आगरा

# माफिया की जेल से अवैध रिहाई पर सख्त निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जांच के दायरे में आ रहे बांदा जेल के आधा दर्जन कर्मी

**अमृत विचारः** कुख्यात स्कैप माफिया और गैंगस्टर रविन्द्र उर्फ रवि काना की बांदा जेल से अवैध रिहाई के बाद जहां जेल अफसरों और कर्मियों की दिक्कतें दिनों दिन बढ़ रही हैं, वहीं प्रदेश के महानिदेशक कारागार पीसी मीणा ने भी तल्ख रुख अपनाया है। उन्होंने प्रदेश भर के जेल अधीक्षकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि बंदियों की रिहाई में यदि लापरवाही हुई तो फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर रवि काना को फरार हुए सप्ताह भर बीत चुका है। लेकिन अभी तक गिरफ्तारी तो दूर पुलिस उसका सुराग तक नहीं लगा सकी है।

उधर इस मामले में बांदा जेल के अधीक्षक, जेलर और डिप्टी जेलर के निलंबन के बाद बांदा के एडीशनल पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष टीम रवि काना की रिहाई की जांच कर रही है। टीम ने दर्जन भर जेल कर्मियों के बयान लिए हैं, वहीं अन्य साक्ष्यों को भी एकत्र किया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि विशेष जांच में आधा दर्जन बंदी रक्षक भी संदेह के घेरे में आ रहे हैं। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर आला अफसरों को भेज दी जाएगी।



संघर्ष के बिना सफलता नहीं मिलती।
–लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री



## असहज करते आंकड़े

लोकसभा में पेश देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के सरकारी आंकड़े भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र को लेकर किंचित असहज करने वाले हैं। पिछले 13 महीनों में 377 विमानों में बार-बार आने वाली तकनीकी खराबियां तथा ऑडिट किए गए लगभग आधे विमानों में दोहराई जाने वाली गड़बड़ियां मिलना चिंता का सबब है। सवाल स्वाभाविक है कि क्या भारतीय विमान यात्रियों की यात्रा असुरक्षित हो चुकी है, इसके पीछे निजी विमानन की होड़ तथा नियामक एजेंसियों की विफलता कितनी जिम्मेदार है?

विमानन उद्योग में छोटी-मोटी तकनीकी खामियां सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा मानी जाती हैं। 'रिकरिंग डिफेक्ट' का अर्थ यह नहीं कि हर उड़ान दुर्घटना के कगार पर है। परंतु जब वही गड़बड़ी बार-बार सामने आए, तो यह रख-रखाव, निरीक्षण या प्रणालीगत खामी का संकेत हो सकता है, यही चिंताजनक है। भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। सस्ती हवाई यात्रा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने यात्री संख्या में भारी वृद्धि की, पर रखरखाव, अवसंरचना और नियामकीय निगरानी उसी अनुपात में मजबूत नहीं हुई। डीजीसीए जैसी नियामक संस्था को विमानों की नियमित जांच, ऑडिट और अनुपालन सुनिश्चित करना होगा, क्योंकि एक ही प्रकार की खराबियों का दुहराव केवल एयरलाइंस की समस्या नहीं, बल्कि निगरानी तंत्र की भी परीक्षा है। देखना होगा कि लगातार खराबी के कारण क्या हैं, विमानों का पुराना होना, जिनमें तकनीकी समस्याओं की आशंका अधिक होती है, या फिर प्रतिस्पर्धा की होड़ में लागत घटाने का दबाव अक्सर मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता को प्रभावित करने के साथ रखरखाव की गुणवत्ता पर असर डाल रहा है। इसके अलावा मानव संसाधन और प्रशिक्षण, तकनीकी कर्मियों की कमी या उनकी थकान भी इसकी वजह हो सकती है। हम विमान को जमीन पर रख कर राजस्व नुकसान के भय से सामान्य गड़बड़ी के बावजूद सीमित उड़ान की अनुमति दे देते हैं, जबकि अमेरिका और यूरोप में नियामक एजेंसियां काफी कठोर ऑडिट और दंडात्मक प्रावधान लागू करती हैं। उदाहरण के तौर पर, बोइंग 737 मैक्स संकट के बाद अमेरिकी नियामक ने पूरे बेड़े को ग्राउंड कर दिया था। यूरोप में भी गंभीर तकनीकी गड़बड़ी पर तत्काल उड़ान रोकने का प्रावधान है। भारत में भी ऐसी शक्तियां मौजूद हैं, परंतु उनका प्रयोग कितनी दृढ़ता से होता है, यही मूल प्रश्न है, हालांकि यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि भारत में हवाई यात्रा व्यापक रूप से असुरक्षित हो चुकी है। परंतु चेतावनी संकेत साफ हैं।

सरकार को डीजीसीए की क्षमता, तकनीकी स्टाफ और ऑडिट प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना होगा। एयरलाइंस को लाभ से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। बेड़े का आधुनिकीकरण, पारदर्शी रख-रखाव रिपोर्टिंग और तकनीकी कर्मियों में निवेश अनिवार्य है। यात्रियों की भी भूमिका है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण देरी पर असंतोष स्वाभाविक है, पर सुरक्षा जांच में समय लगना बेहतर है, बनिस्बत जोखिम उठाने के। शिकायत तंत्र का उपयोग, पारदर्शिता की मांग और जागरूकता, ये सब दबाव बनाते हैं कि प्रणाली बेहतर हो।

### प्रसंगवश

## बदले में हम पहाड़ों को क्या दे रहे हैं!

पहाड़ और समुद्र दो ऐसी चीजें हैं, जिनका आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों को पहाड़ हमेशा से अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। आदमी के मन को बरबस अपनी और खींच लेने वाले पहाड़ सैलानियों को वर्षों से ठंडी हवाओं, एकांत शांति और सुकून का आश्वासन देते रहे हैं। आज भी पहाड़ का यह आश्वासन आदमी को अपनी ओर खींच कर मंत्र मुग्ध, चकित कर देता है, पर इन सबके बीच सवाल यह है कि हम पहाड़ को क्या दे रहे हैं? बीते वर्षों में पहाड़ पर जाने वालों का एक ऐसा तबका उभरा है, जो स्वयं पहाड़ की शांति में खलल डालने लगा है।

पुरानी अवधारणा के अनुसार पर्यटन और तीर्थाटन में ज्यादा अंतर नहीं था। सही मायने में तीर्थाटन के मतलब को समझा जाए, तो उसमें काफी दिक्कतें हैं, शारीरिक कष्ट शामिल हैं। उत्तराखंड के संदर्भ में तीर्थ यात्रा का मतलब यही दुख और कष्ट था। कल के हिसाब से पर्यटन का अर्थ था, एक लंबी यात्रा, जिसे गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ लोग कष्टदायक नहीं मानते थे, लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं है। आज पर्यटन और तीर्थाटन दोनों के मतलब बदल गए है।



दीपक नौगाई
लेखक

गर्मियों में पहाड़ की ओर प्रस्थान करने का प्रबंध अंग्रेजों ने किया था। वे गर्मियों में अपनी राजधानी को दिल्ली से उठाकर नैनीताल या शिमला ले जाते थे। तब कई जगहों पर तो भारतीयों का प्रवेश एक तरह से वर्जित ही था, लेकिन आजादी की बाद पहाड़ अंग्रेजी साहबों के कब्जे से आजाद होकर हिंदुस्तानी साहबों के कब्जे में आ गए। बीते 10-15 सालों में पहाड़ पर जाने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एक नए धनाढ्य वर्ग का जन्म हुआ है, जो वीकेंड पर सारे तामझाम के साथ अपने वैभव का प्रदर्शन करने हिल स्टेशन पहुंच जाता है।

पहाड़ तो हमेशा चुप रहते हैं। पता नहीं पहाड़ ऐसे सैलानियों को किसी विस्मय से देखते हैं या नहीं पर वे पहाड़ को किसी विस्मय से नहीं देखते। अगर झील नगरी नैनीताल की बात करें, तो अब यह एक कंक्रीट जंगल में बदल गया है। पहले जाड़ों में यहां बहुत कम पर्यटक आते थे, पर अब तो साल भर भीड़ रहती है। आज सब कुछ है पर शांति नहीं है। सीजन के समय मल्लीताल बाजार से नीचे उतरें, तो फ्लैट कारों से भरा दिखेगा और माल रोड पर तिल रखने की जगह नहीं मिलेगी।

स्थानीय कारोबारियों की बात करें, तो वे करें भी तो क्या करें। पर्यटकों से ही तो उनकी कमाई है, इसलिए वे पर्यटकों के हर नाज-नखरे सहने को बाध्य हैं। होटल वाले खुश हैं कि पर्यटकों की भीड़ है, पर कोई पहाड़ से पूछे कि उसके क्या हालात हैं। क्या पर्यटकों की भीड़ से पहाड़ खुश हैं। इस तरह का पर्यटन पहाड़ विरोधी सभ्यता को जन्म देता है, जो किसी न किसी रूप में पहाड़ के गरिमामय जीवन के मूल्यों पर एक तरह से कुठाराघात ही करता है। क्या नैनीताल, मसूरी, शिमला या कुल्लू मनाली इस तरह के पर्यटन और पर्यटकों की भीड़ को सहने का सामर्थ्य रखते हैं।

नए सैलानी आज अपनी चीजों और पैसों का प्रदर्शन करने ही पहाड़ जाते हैं। पहाड़ क्या चाहता है, उन्हें इससे कोई मतलब नहीं। देखा जाए तो आज पहाड़ों में बचा ही क्या है? पेड़ों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। सड़कें चौड़ी की जा रही हैं, ताकि लोग आराम से अपनी महंगी गाड़ियों में बैठकर पहाड़ को रौंद सकें। अब इससे पहाड़ धंस जाए और भूस्खलन ज्यादा होने लगे, तो इससे किसी को क्या मतलब। कल क्या होगा इसकी चिंता आज क्यों करे आदमी?

## प्रधानमंत्री का मलेशिया दौरा और उम्मीदें





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया दौरे पर जा रहे हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा। यह यात्रा भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

जब एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी का मलेशिया दौरा दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा।

भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी।

व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

ऊर्जा क्षेत्र में यह दौरा भविष्य की हरित क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने की पूरी क्षमता रखता है। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा संक्रमण पर सहयोग के नए द्वार खुलने की प्रबल संभावना है। मलेशिया के तेल और गैस संसाधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएंगे, जबकि भारत की उन्नत सोलर और विंड तकनीक मलेशिया को नेट-जीरो लक्ष्य के और अधिक निकट पहुंचाएगी। ऊर्जा संक्रमण से जुड़े संभावित समझौते दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक साझा और प्रभावी मोर्चे पर खड़ा करेंगे। यह साझेदारी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।

मैरिटाइम सिक्योरिटी इस यात्रा का सबसे संवेदनशील, रणनीतिक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच भारत और मलेशिया का नौसैनिक सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अनिवार्य बन चुका है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता होगी। मलक्का जलडमरू मध्य की सुरक्षा वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा है, जिसकी स्थिरता दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। यह सहयोग समुद्री सुरक्षा को नई दिशा देगा, जहां साझेदारी टकराव पर भारी पड़ेगी।

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्व भूमिका इस दौरे के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावशाली होगी। एक्ट ईस्ट नीति और मलेशिया की लुक ईस्ट रणनीति का संगम एक मजबूत और संतुलित क्षेत्रीय ढांचा तैयार करेगा। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर होने वाली चर्चा सुरक्षित, पारदर्शी और स्थिर व्यापार मार्गों के विकास में सहायक होगी। क्वाड, आसियान और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के साथ समन्वय बढ़ने से क्षेत्र में संतुलित शक्ति व्यवस्था स्थापित होगी। निवेश के क्षेत्र में यह यात्रा अवसरों के नए द्वार खोलने वाली सिद्ध होगी।

मलेशियाई कंपनियां मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। सीईओ फोरम में होने वाले समझौते रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण को नई गति प्रदान करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय निवेशकों और सरकारों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएगा। मोदी की उद्योगपतियों से मुलाकात एफडीआई को विशेष रूप से ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करेगी। यह निवेश साझेदारी आपसी विश्वास, स्थायित्व और दीर्घकालिक सहयोग का मजबूत आधार बनेगी।

सॉफ्ट पावर के क्षेत्र में भी यह दौरा गहरा और दूरगामी प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और हेल्थ टेक में बढ़ता सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को मानवीय और संवेदनशील आधार प्रदान करेगा। महामारी के बाद हेल्थ टेक और वैक्सीन सहयोग की बढ़ती अहमियत इस साझेदारी को और सुदृढ़ बनाएगी। छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध साझेदारियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जन-संपर्क से दोनों समाजों के बीच भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। यह यात्रा प्रमाणित करेगी कि कूटनीति केवल समझौतों तक सीमित नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाली निरंतर प्रक्रिया भी है।

यह केवल दो देशों की औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य की दिशा तय करने वाला रणनीतिक प्रयास है। भारत-मलेशिया साझेदारी वैश्विक चुनौतियों के सामने एक सशक्त और अटूट दीवार बनकर उभरेगी। यह यात्रा उम्मीद, आत्मविश्वास और रणनीतिक दूरदृष्टि की प्रतीक बनकर इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

### आमने सामने




उत्तर के लोग तमिलनाडु में टेबल साफ करने आ रहे हैं। वे यहां मजदूरी, पानी पूरी बेचने आते हैं, क्योंकि उन्होंने सिर्फ हिंदी सीखी है। इसके उलट हमारे बच्चे विदेश जाते हैं, क्योंकि हम दो-भाषा नीति का पालन करते हैं और हमने अंग्रेजी अच्छी तरह सीखी है।

–एमआरके पनीरसेल्वम
कृषि मंत्री, तमिलनाडु सरकार

आपकी कुंठा का इलाज तो नहीं है पन्नीरसेल्वम जी, लेकिन आपकी भ्रांतियां अवश्य दूर कर सकता हूं। यहां के बच्चे UPSC, IAS, IPS जैसी परीक्षाओं में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं। IIT, AIIMS और देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में बिहार के युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

–अशोक चौधरी
मंत्री, बिहार सरकार



## एआई किसानों के लिए क्रांति या संकट!



जयदेव राठी
अधिवक्ता

एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले कृषि क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक गेम चेंजर के रूप में पेश किया है। अपने बजट भाषण में उन्होंने रिकॉर्ड 11 बार एआई का जिक्र किया और 'भारत विस्तार' नामक एक बहुभाषी एआई प्लेटफॉर्म की घोषणा की। सवाल यह है कि क्या यह तकनीकी हस्तक्षेप वाकई भारत के लगभग 14 करोड़ किसानों की तस्वीर बदल सकेगा, या यह महज एक और सरकारी घोषणा बनकर रह जाएगी?

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष से लगभग 7% अधिक है। इसमें सबसे उल्लेखनीय है 'भारत विस्तार' प्लेटफॉर्म की स्थापना। यह एक बहुभाषी एआई टूल है, जो एग्रीस्टैक पोर्टल और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की सत्यापित कृषि पद्धतियों को एआई सिस्टम के साथ एकीकृत करेगा।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को कई सुविधाएं मिलेंगी। मिट्टी की गुणवत्ता, जलवायु परिस्थितियों और फसल के आधार पर विशिष्ट सुझाव। सटीक और स्थानीय मौसम की जानकारी, जो सिंचाई और बुआई के फैसलों में मदद करेगी। फसलों में लगने वाली बीमारियों की शीघ्र पहचान और समाधान। फसलों के सही दाम और बाजार की मांग की जानकारी। किसानों को उनकी अपनी भाषा में सलाह, जिससे डिजिटल विभाजन कम होगा। इसके अतिरिक्त, बजट में 'कृषि साथी' नामक एआई चैटबॉट की भी घोषणा की गई है, जो वॉयस और वीडियो के माध्यम से किसानों के सवालों का जवाब देगा। पशुपालन क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम, नारियल प्रोत्साहन योजना जो एक करोड़ किसानों समेत तीन करोड़ लोगों को लाभान्वित करेगी और 500 जलाशयों के एकीकृत विकास की भी योजना है।

आधुनिक तकनीक और एआई के सही इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव संभव हैं। सबसे पहले, प्रिसिजन फार्मिंग के माध्यम से संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सकता है। एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए, जिससे लागत में 20-30% तक की कमी आ सकती है।

दूसरा, समय पर सही जानकारी मिलने से फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी। मौसम का सटीक पूर्वानुमान, बीमारियों की शीघ्र पहचान और बाजार की सही जानकारी से किसान बेहतर फैसले ले सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे उपज में 15-25% तक की वृद्धि संभव है। तीसरा, जोखिम प्रबंधन में सुधार होगा। एआई सिस्टम ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान परिस्थितियों के विश्लेषण से फसल विफलता के जोखिम को पहले से भांप सकता है और निवारक उपाय सुझा सकता है। यह खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो एक ही फसल पर निर्भर रहते हैं।

चौथा, बाजार से बेहतर जुड़ाव मिलेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ सकते हैं, बिचौलियों की भूमिका कम कर सकते हैं और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिला सकते हैं। कई किसान संगठन और कृषि स्टार्टअप इस दिशा में पहले से काम कर रहे हैं।

एआई की इन संभावनाओं के बावजूद, भारतीय कृषि क्षेत्र में इसके व्यापक कार्यान्वयन में कई गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर छोटे और सीमांत किसानों में डिजिटल साक्षरता की गंभीर कमी है। जो किसान 85% कृषक समुदाय का हिस्सा हैं, उनमें से अधिकांश स्मार्टफोन का बुनियादी उपयोग तो कर लेते हैं, लेकिन एआई-आधारित जटिल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। एक औसत भारतीय किसान की उम्र 50 वर्ष से अधिक है और उनमें से कई अनपढ़ या अर्ध-साक्षर हैं।

यदि 'भारत विस्तार' जैसे प्लेटफॉर्म को सफल बनाना है, तो सिर्फ बहुभाषी इंटरफेस काफी नहीं है। किसानों को इन तकनीकों के उपयोग का व्यापक प्रशिक्षण देना होगा, जिसके लिए जमीनी स्तर पर कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में आवश्यकता होगी। भारत के लगभग 6.44 लाख गांवों में से 6.13 लाख से अधिक गांवों में 3G/4G इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध हैं। बाकि गांवों में अभी भी मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट की सुविधा नहीं है, जहां इंटरनेट उपलब्ध है, वहां भी कनेक्टिविटी अस्थिर और धीमी है।

एआई-आधारित प्लेटफॉर्म को काम करने के लिए स्थिर और तेज इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होती है। बिना मजबूत डिजिटल अवसंरचना के, ये सारी योजनाएं कागज पर ही रह जाएंगी। सरकार ने प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) और भारतनेट परियोजना के माध्यम से ग्रामीण कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका कार्यान्वयन अभी भी अपर्याप्त है।

### सोशल फोरम

## पीर डोले शाह के 'चूहे'

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरात जिले में पीर डोले शाह की मज़ार है। पीर साहब का दावा था कि वो बांझ औरतों को औलाद दे सकते हैं, परंतु उनकी शर्त ये थी कि औरतें अपना पहला बच्चा उनकी दरगाह पर पीर की सेवा के लिए छोड़ जाएंगी। ये परंपरा आज तक चली आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक़ पिछले तीन सौ साल में एक लाख से ज़्यादा बच्चे दरगाह की नज़र किए गए।



रंजन शर्मा
रिटायर्ड अफसर

ये बच्चे जो दरगाह पर पल कर बड़े होते थे, इनकी खासियत ये थी की ये अपनी उम्र के हिसाब से शारीरिक तौर पर तो लम्बे-चौड़े, हष्ट-पुष्ट हो जाते थे, परंतु इनका सर एक-दो साल के बच्चे जितना बड़ा ही रहता था। साथ में ये मंदबुद्धि भी होते थे। दरगाह इनसे भीख मंगवा कर अपनी कमाई करती थी।

इसका कारण यह था कि यहां छोड़े गए साल-दो-साल के मासूम बच्चों को इसी उम्र से सर पर एक लोहे का हेलमेट पहना कर कस दिया जाता था। ये लोहे की टोपी सालों तक बंधी रहती थी। इससे इन बच्चों के सर के बनावट उतनी ही रह जाती थी और साथ में इनका मानसिक विकास भी रुक जाता था। इनको 'चूहों' का नाम दिया जाता था और इन्हे भीख मांगने के लिए दूर-दूर तक भेजा जाता था।

दरगाह पर हो रही इस अमानवीय हरकत की ख़बर अंग्रेज़ी हुक़ूमत तक पहुंची तो उसने इसकी जांच कराई, परंतु सबूतों और गवाहों के अभाव में ये साबित नहीं हो सका कि यहां पर रह रहे बच्चों की शारीरिक और मानसिक अपंगता का कारण क्या है?

हुक़ूमत की दख़ल के चलते दरगाह के स्थानीय अक़ीदतमंदों (श्रद्धालुओं) में नाराज़गी भी पनपने लगी। अतः अंग्रेज़ अधिकारियों ने इसे 'माइक्रोसेफली' नामक बीमारी का नाम देकर पल्ला झाड़ लिया। परंतु वो ये नहीं समझा पाए कि ये बीमारी सिर्फ दरगाह विशेष के बच्चों तक ही क्यों सीमित है?

आज़ादी के बाद भी इस मज़ार पर 'चूहों' की संख्या बेरोक-टोक बढ़ती गई। 1969 में तत्कालीन फौजी तानाशाह जनरल अयूब खान के आदेश पर पाकिस्तान के वक़्फ़ विभाग ने मज़ार का अधिग्रहण कर लिया। इसके चलते नए 'चूहों' की संख्या में कुछ अंतर आया, परन्तु 1977 में पाकिस्तान के तीसरे फौज़ी तानाशाह जनरल ज़िया उल हक़ की हुक़ूमत के दौरान मौलवियों की मनमानी फ़िर से शुरू हो गई। नतीजतन आज भी गुजरात शहर में दस हज़ार से ज़्यादा 'चूहे' भीख मांग कर दरगाह का खज़ाना भर रहे हैं और एक नारकीय ज़िन्दगी जीने के लिए अभिशप्त हैं। –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला हिंसा सिर्फ घर का मामला नहीं होता

'हम औरतों की बहुत इज्जत करते हैं।' गांवों में यह वाक्य कई बार सुनने को मिलता है। पुरुषों के लिए यह एक सामान्य वाक्य था, लेकिन महिलाओं की खामोशी इसके बिल्कुल उलट कहानी कहती है। बातचीत के दौरान जैसे ही शारीरिक हिंसा का विषय आता है, महिलाओं के शब्द रुक जाते हैं और आवाज़ धीमी हो जाती है। जैसे वह इस शब्द का अर्थ अच्छे से समझ रही हों, लेकिन समाज का डर उन्हें इस पर बात करने से रोक रहा था।

गांवों में जब महिलाओं से लैंगिक हिंसा पर बात की जाती है तो शुरुआत में उनका जवाब होता है, 'थोड़ी-बहुत होती है', लेकिन उनके चेहरे और हावभाव बता देते हैं कि सच्चाई इससे कहीं ज़्यादा गहरी है। वे खुलकर बात करने से डरती हैं। वहीं जब पुरुषों से इस विषय पर सवाल किया जाता है, तो उनका जवाब लगभग एक-जैसा होता है, 'हम अपनी औरतों की बहुत इज़्ज़त करते हैं, उन्हें पूरी आज़ादी दी है।'



जिया कर्मियाल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से घिरे गांव जखेड़ा की आबादी लगभग 600 के करीब है। आर्थिक रूप से कमजोर यह गांव शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत अधिक समृद्ध नहीं है। गांव की अधिकतर आबादी कृषि पर निर्भर है। सरकारी सेवा में उपस्थिति लगभग नगण्य है। किसानी के अलावा अधिकतर युवा सेना में कार्यरत हैं। वहीं 12वीं के बाद ज़्यादातर लड़कियों की शादी कर दी जाती है। ऐसे में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस गांव की बहुत कम लड़कियां पहुंच पाती हैं। बालिका शिक्षा का कम दर ही लैंगिक हिंसा को उभरने का मौका देता है।

गांव में बातचीत से यह भी महसूस हुआ कि सामान्य समस्याओं पर तो लोग खुलकर बातचीत करते हैं, समाधान खोजने का प्रयास करते हैं, लेकिन जैसे ही बात महिलाओं पर होने वाली हिंसा की आती है, या तो खामोशी छा जाती है या फिर इसे स्वीकार करने से ही इंकार कर देते हैं। जाहिर है कि यह इंकार पुरुषों की तरफ से आया था, लेकिन महिलाओं की खामोशी सच को बयां करने के लिए काफी था। शायद उनकी इस चुप्पी के पीछे जागरूकता की कमी, सामाजिक दबाव और बदनामी का डर होगा।

अगर हम इन अनुभवों को व्यापक संदर्भ में देखें, तो तस्वीर और भी चिंताजनक हो जाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल घरेलू हिंसा के हजारों केस दर्ज होते हैं। देशभर में महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या चार लाख से अधिक है। यह वह आंकड़े हैं जो रिपोर्टों में दर्ज होते हैं, जबकि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को घर का मामला बता कर दर्ज किया ही नहीं जाता है।

उत्तराखंड जैसे शांत और पहाड़ी राज्य की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और यौन अपराधों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य में हर साल सैकड़ों ऐसे मामले सामने आते हैं, जो बताते हैं कि प्राकृतिक सुंदरता के बीच भी महिलाओं की ज़िंदगी सुरक्षित नहीं कही जा सकती है। इन आंकड़ों और जमीनी अनुभवों को जोड़कर देखें, तो यह साफ हो जाता है कि समस्या कानून की कमी की नहीं, बल्कि कार्यान्वयन, सामाजिक सोच और चुप्पी की संस्कृति की है। जब तक हिंसा को 'घर का मामला' कहकर टाल दिया जाएगा, तब तक महिलाएं न्याय और सुरक्षा से दूर ही रहेंगी।

सवाल उठता है कि क्या महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए, अपने सम्मान के लिए और अपनी सुरक्षा के लिए खुद खड़े होने का पूरा मौका मिलता है? और सबसे अहम सवाल क्या हमारे समाज में महिलाएं कभी सच में हिंसा मुक्त जीवन जी पाएंगी?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# काकतीय विरासत की यात्रा वारंगल और कोटा गुल्लू



राजीव सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार, नोएडा

हैदराबाद घूमने के बाद हमारा अगला पड़ाव तेलंगाना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर वारंगल था। सड़क मार्ग से लगभग 170 किलोमीटर की दूरी हमने रास्ते में एक जगह रुकते हुए चार घंटे में तय कर ली। वारंगल एक ऐतिहासिक शहर होने के साथ मंदिरों और स्मारकों की भूमि है। इसे किंवदंतियों का शहर भी कहा जाता है। 12वीं से 15वीं शताब्दी के बीच यह काकतीय राजवंश की राजधानी था। वारंगल का गौरवशाली अतीत यहां के स्मारकों में देखा जा सकता है। वारंगल किला, हजार स्तंभों वाला मंदिर, वीरनारायण मंदिर, काकातिया रॉक गार्डन आदि की सैर के बाद हमने घनपुर जाकर कोटा गुल्लू मंदिरों को देखने का निर्णय लिया। यह स्थान वारंगल से करीब 55 किमी दूर स्थित है। स्थानीय भाषा में कोटा गुल्लू का अर्थ 'किले के अंदर मंदिर' बताया गया।

## उत्कृष्ट वास्तुकला

घनपुर गांव उत्कृष्ट काकतीय वास्तुकला वाले कोटा गुल्लू मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां इन मंदिरों का निर्माण 13 वीं शताब्दी के आरंभ में काकतीय वंश के राजा गणपति देव के शासनकाल में हुआ था। प्रसिद्ध रामप्पा मंदिर से 12 किमी दूरी पर स्थित ये मंदिर चालुक्य और काकतीय शैलियों के मिश्रण हैं। 14 वीं और 16 वीं शताब्दी के बीच मुस्लिम सेनाओं के हमलों तथा 17 वीं शताब्दी में इस इलाके में आए बड़े भूकंप में इन मंदिरों को काफी नुकसान पहुंचा था। यहां जटिल नक्काशीदार लाल बलुआ पत्थर के मंदिर, किलेबंद परिसर और खूबसूरती से डिजाइन किए गए स्तंभों वाले हॉल मध्यकालीन तेलंगाना के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक-राजनीतिक जीवन की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसी कारण यह परिसर इतिहास और वास्तुकला प्रेमियों के साथ आध्यात्मिक यात्रियों के लिए दर्शनीय स्थल है।





## यात्रा का जीवंत केंद्र

मंदिर के लगभग 200 मीटर आगे चबूतरों पर शिलालेख वाले पत्थर और मूर्तियां स्थापित हैं। इनमें भगवान शिव और विष्णु के खड़ी मुद्रा में विभिन्न रूप दर्शाए गए हैं। यहां सबसे खास सभा मंडप के बरामदे हैं। बरामदे के उत्तरी हिस्से में दो मदनिकाएं दिखाई देती हैं। पूर्वी और दक्षिणी बरामदे गज केसरी की कई पौराणिक आकृतियों से सुशोभित हैं, जो हाथी पर सवार आधे मानव-आधे शेर की आकृति हैं और हाथी पर घोड़े के सिर वाले शेर की पीठ है। कोटा गुल्लू वास्तव में स्थापत्य चमत्कार के साथ पूजा और तीर्थयात्रा का जीवंत केंद्र है। आसपास के जिलों से श्रद्धालु नियमित रूप से मंदिरों में प्रार्थना करने और स्थानीय अनुष्ठानों में भाग लेने आते हैं।





## 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम

कोटा गुल्लू में 22 मंदिर हैं, जो आकार और डिजाइन में अलग-अलग होने के साथ काकतीय लोगों का अद्भुत वास्तुशिल्प प्रदर्शित करते हैं। मुख्य मंदिर, गणपेश्वरलयम , भगवान शिव को समर्पित है और काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसके गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग की पूजा की जाती है। गर्भगृह के सामने 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम है, जिसमें तीन तरफ से प्रवेश द्वार और एक बरामदा है। गर्भगृह के द्वार के चौखटों पर द्वारपालों और उनके सेवकों की मूर्तियां बनी हुई हैं। मंडपम में दो सिर कटे ऋषियों की मूर्तियां हैं। मंदिर की वास्तुकला में जटिल नक्काशी और टिकाऊ लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। मुख्य मंदिर के चारों ओर पंक्तियों में व्यवस्थित 19 सहायक मंदिर हैं, साथ ही उत्तर दिशा में एक और शिव मंदिर है। मंडपम के स्तंभ काकतीय वास्तुकला के अनुसार तराशे गए हैं और इनमें छत के बिना बीम लगे हैं। सामने की दीवारों पर देवी-देवताओं, नर्तकियों, संगीतकारों, मदनिकियों, शेरों की सुंदर मूर्तियां बनी हुई हैं।

# कहां गए शांत और सुंदर पहाड़


हरीश उप्रेती करन
हल्द्वानी

पहाड़ पहले कितना शांत, सुंदर और आत्मिक सुख देने वाला हुआ करता थे। हर सुबह पक्षियों की चहचहाहट से खुलती थी, ठंडी हवा की सरसराहट से शरीर में नया जीवन भर जाता था और हर दिशा में हरियाली ऐसे लहराती थी मानो कुदरत खुद हमें आशीर्वाद दे रही हो। तब का जीवन कठिन जरूर था, पर उसमें एक मिठास थी, एक अपनापन था और सबसे बड़ी बात, एक सुरक्षित भविष्य का आभास था। बारिश तब भी होती थी। हम उसे सतझड़ कहते थे।

गांव के चारों ओर बहने वाले गधेरे (छोटे बरसाती नाले) गुस्से से सरसराते हुए बहते थे, जैसे कोई नागिन अपनी पूरी ताकत से अपनी राह बना रही हो। दूर तक फैली पहाड़ियों पर पानी ऐसे गिरता था मानो सैकड़ों झरने एक साथ फूट पड़े हों। पानी, हरियाली और प्रकृति की लयबद्ध ध्वनि यही था मेरा पहाड़, लेकिन पर आज अब तो हर दिशा में बस त्रासदी है। अब गधेरे जीवन के संकेत नहीं, बल्कि तबाही की आहट है। पानी अब जीवन नहीं, मृत्यु का संदेश लेकर आता है।

अब जब बारिश होती है, तो मन में सुकून नहीं डर पैदा होता है, कहीं भूस्खलन न हो जाए, कहीं किसी का घर जमींदोज न हो जाए। कभी प्रकृति की गोद में लोरी सुनता मेरा पहाड़ आज कराह रहा है। किसकी नजर लग गई मेरे पहाड़ को?

अब समझ आता है, यह प्राकृतिक नहीं, मानवीय त्रासदी है। आज मेरे पहाड़ की रगों में बहते पानी पर खनन माफियाओं की नजर है। जिन खेतों में हम फसलें उगाते थे, उन पर अब भू-माफियाओं की कुदृष्टि है, जो जंगल कभी हमें



जीवन देते थे, उन्हें वन माफिया बेरहमी से काट रहे हैं। यह सब एक संगठित तंत्र के तहत हो रहा है, जिसमें सरकारें भी शामिल हैं। सरकार अब पहाड़ों को बस 'टूरिज्म जोन' मानकर देखती है। मंदिरों की भी पवित्रता अब बाजार में तौल दी गई है, जो स्थान कभी साधना और एकांतवास के प्रतीक थे, आज वहां पर्यटकों की भीड़ है। कैमरे, हंसी-ठिठोली, शोर और प्रदूषण। न देवी-देवताओं को एकांत मिल रहा है, न पहाड़ को चैन। ऐसे में अगर शिवजी अपना तीसरा नेत्र खोलें, तो क्या गलत होगा? हमने पहाड़ की आत्मा को छलनी कर दिया है। खनन के लिए पहाड़ों का सीना चीरा जा रहा है, सड़कों के नाम पर पेड़ों की कतारें साफ की जा रही हैं, बड़े-बड़े होटल और अट्टालिकाएं बन रही हैं, जिनका फायदा केवल बाहरी लोगों को है और जब ये पहाड़ टूटते हैं, जब मलबा गांवों को बहा ले जाता है, तो मारे जाते हैं स्थानीय लोग, जिनका कसूर बस इतना है कि वे यहां रहते हैं। किसी को उनके दर्द की परवाह नहीं है। सरकारी फाइलों में बस आंकड़े दर्ज होते हैं, इतने मरे, इतना नुकसान हुआ, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे जो जिंदगियां हैं, जो सपने हैं, उनका क्या? और सबसे दुखद बात यह है कि यह सब जानते हुए भी कोई कुछ नहीं करता। बहती गंगा में सभी हाथ धो रहे हैं। पहाड़ की आत्मा हर रोज मरती जा रही है। अब भी वक्त है, अगर अब भी नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं, जब पहाड़ हमारे बचपन की स्मृति बनकर रह जाएंगे और आज के बच्चों को हम सिर्फ कहानियों में बताएंगे कि कभी यहां शांति हुआ करती थी, कभी यह धरती स्वर्ग से कम नहीं थी। क्या हम ऐसा पहाड़ अपने आने वाली पीढ़ियों को देना चाहते हैं? सोचना होगा, नहीं तो पहाड़ फिर टूटेगा और अगली बार शायद संभलने का मौका भी न मिले।

# मीर तकी मीर : दर्द को शायरी बनाने वाला शायर

मीर तकी मीर सिर्फ गजल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज थे। मीर उर्दू गजल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। उन्हें 'खुदा-ए-सुखन' यानी कि शायरी का खुदा कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती हैं। उर्दू ही नहीं फारसी भाषा पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है, जिसमें फारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। मीर तकी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया।


सुनील कुमार महला
लेखक

मीर तकी मीर का मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियां जिक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दु रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फारसी (फारसी रचनाओं का संग्रह), फैज-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फारसी जुबान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की जिंदगी मुफलिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एकबार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने गम जमा किए तो दीवान किया।'

दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी




थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना, तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतना' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज, जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो।

शायर मिर्जा गालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि गालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना। गालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-'रेख्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो गालिब,कहते हैं अगले जमाने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाजुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्मस्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुकाबला कौन करे।'

मीर सिर्फ उर्दू गजल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज हैं। उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे जख्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और गजल को आत्मा की आवाज बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

# पहली जिम्मेदारी का एहसास औपचारिकताओं की चुनौती



## जॉब का पहला दिन


नयन कुमार सोनकर
ओ.एस.डी., जिलाधिकारी
कानपुर नगर

वर्ष 2001 को मैं शिक्षण संस्थान (गौरव टाइपिंग इंस्टिट्यूट), ईदगाह कॉलोनी में अपनी टाइपिंग मशीन पर अभ्यास कर रहा था। तभी लगभग सायं 6:00 बजे शिक्षक/मार्गदर्शक बनारसी तिवारी जी ने खुशखबरी दी कि मेरा चयन समूह 'घ' भर्ती परीक्षा 2001 के अंतर्गत तहसील कानपुर देहात में आशुलिपिक पद पर हो गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 दिसंबर को मूसानगर, कानपुर देहात में मुख्यमंत्री की रैली में नियुक्ति-पत्र प्राप्त होगा। यह समाचार सुनकर हम सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं और रात 9:00 बजे घर लौट आया।

1 दिसंबर की सुबह 6:00 बजे तैयार होकर संस्थान पहुंचा। वहां मेरे साथ उसी संस्थान के अन्य चयनित साथी भी उपस्थित थे। 6:15 बजे सफेद रंग की एम्बेसडर कार आई, जिसमें जिला अधिकारी कार्यालय, कानपुर देहात में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक हमें लेने आए। हम कार से ईदगाह कॉलोनी से निकलकर शहर पार करते हुए घाटमपुर तहसील पहुंचे और वहां से सामान्य लिपिक कलेक्टरेट को साथ लेकर मूसानगर के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने हमें आश्वस्त किया कि रैली में उच्च अधिकारी उपस्थित रहेंगे, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, जैसा बताया जाए, वैसा ही करना है।

कुछ समय बाद मुख्यमंत्री रैली में पहुंचे। जनता का अभिनंदन अत्यंत दर्शनीय और उल्लासपूर्ण था। रैली के दौरान ही नियुक्ति-पत्र वितरण आरंभ हुआ। पहले मेरे एक साथी का नाम पुकारा गया, फिर मुझे मंच पर बुलाया गया। जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने हाथों से मुझे नियुक्ति-पत्र प्रदान किया, तो वह क्षण मेरे लिए अत्यंत भावुक और अविस्मरणीय था। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए परिश्रम और लगन से कार्य करने की सीख दी।

रैली समाप्त होने के बाद हम उसी मार्ग से लौट आए। 2 दिसंबर को रविवार होने के कारण विश्राम किया। अगले दिन ज्वाइनिंग के लिए आवश्यक कागज तैयार कराए। निर्देश मिला कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाकर, आवश्यक अभिलेखों सहित उप जिलाधिकारी, रसूलाबाद कार्यालय में योगदान प्रस्तुत करना है। एक मोटरसाइकिल सवार की सहायता से मैं सायं 5:40 बजे उप जिलाधिकारी महोदय के आवास पहुंचा और नियुक्ति-पत्र व अभिलेख प्रस्तुत किए। अनुमति मिलने पर जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप कराने का निर्देश मिला।

कार्यालय में जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप की। समय 6:00 बजे के आसपास हो गया, इसलिए अंतिम बस पकड़ने की सलाह दी गई। मैं रोडवेज बस से कानपुर लौटा। थकान के कारण रास्ते में नींद आ गई और रात 9:30 बजे कानपुर पहुंचकर घर पहुंचा। यह मेरी नौकरी की पहली यात्रा थी बिना किसी परिजन या मित्र के। आज नौकरी करते हुए 24 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, पर वह पहला दिन और उसकी संघर्षपूर्ण यात्रा आज भी स्मृतियों में जीवित है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,580.40 | 25,693.70 |
| बढ़त | 266.47 | 50.90 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.20 |

सोना 1,57,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 7 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2610, राज श्री 1940, फ़ॉर्चून कि. 2425, रविन्द्रा 2530, फॉर्चुन 13 किग्रा 2145, जय जवान 2140, सचिन 2130, सूरज 2140, अवसर 1945, उजाला 2125, गृहणी 13 किग्रा 1985, क्लासिक (किग्रा) 2325, मोर 2335, चक्र टिन 2375, ब्लू 2215, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2560

**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 18000-23000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, प्रति किलो : लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10000, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4150, लाडली 4100

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9700, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10600, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 9000, अरहर पटका मोटा 9700, अरहर कोरा मोटा 10000, अरहर पटका छोटा 11500-12200, अरहर कोरी छोटी 13400

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 4000, मसूरी- 1500, बासमती- 8400-9200, परमल- 2800-3200

**दाल दलहन :** काला चना- 3000-4200, साबुत चना दाल- 1200, मूंग साबुत- 5600, राजमा- 9400-11300, दाल उड़द- 7200, साबुत मसूर दाल- 4000, मसूर दाल- 1000, उड़द साबुत- 10200, काबुली चना- 8000-10200, अरहर दाल- 10100 -11000, लोबिया/करमानी- 2900-4200

# बड़ा फैसला... 1000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी का पंजीकरण अनिवार्य नहीं

## एमपीसी की बैठक के बाद रिजर्व बैंक गवर्नर ने की घोषणा, सार्वजनिक धन न लगा होने की शर्त लागू

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसमें शर्त लागू की गई है कि एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन न लगा हो।

मल्होत्रा ने इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया। 'आकार आधारित नियामकीय मसौदा' उन एनबीएफसी के लिए अलग नियामक व्यवस्था की परिकल्पना करता है जो सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं करती हैं और जिनका आम ग्राहक से सीधा संपर्क नहीं है। इन एनबीएफसी की विशिष्ट प्रकृति को देखते हुए उन पर लागू नियमों की समीक्षा की गई है। मल्होत्रा ने वर्तमान वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि उनके काफी कम प्रणालीगत-जोखिम को देखते हुए, यह प्रस्ताव है कि 1,000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली ऐसी 'टाइप-1' एनबीएफसी को कुछ निर्दिष्ट शर्तों के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकरण की जरूरत से छूट दी जा सकती है। इससे इन एनबीएफसी के लिए अनुपालन आवश्यकताओं में कमी आएगी। हितधारकों से प्रतिक्रिया के लिए जल्द मसौदा जारी होगा। मल्होत्रा ने कहा कि कुछ एनबीएफसी के लिए 1,000 से अधिक शाखाएं खोलने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता को खत्म करने का प्रस्ताव है।

**फैसला- 1**

### एमएसएमई के लिए गारंटी मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की

**फैसला- 3**

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए गारंटी मुक्त ऋण की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने बैठक के बाद वित्तीय समावेशन और ऋण उठाव बढ़ाने के उपायों की घोषणा करते हुए कहा, एमएमएमई के लिए गारंटी मुक्त ऋण की सीमा काफी लंबे समय से 10 लाख रुपये है। कहा, इस पहल का उद्देश्य औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाना, उद्यमों को बढ़ावा देना और सूक्ष्म तथा मध्यम उद्यमों का वित्त पोषण है। एमएसएमई बढ़ी हुई ऋण सीमा का लाभ एक अप्रैल 2026 से प्राप्त कर सकेंगे।

## बैंकों को दी जा सकती है रीट को ऋण देने की अनुमति

**फैसला- 2**

- कॉमर्शियल बैंकों को अब तक नहीं थी ऋण देने की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए वित्तपोषण के स्रोत को व्यापक बनाने के उद्देश्य से बैंकों को कुछ विवेकपूर्ण रक्षोपायों के साथ 'रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया।

रीट ऐसे निवेश माध्यम हैं जो आय उत्पन्न करने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के मालिक होते हैं या उनका संचालन करते हैं, जिससे निवेशक सीधे संपत्ति खरीदे बिना उससे होने वाली आय में हिस्सा पाने में सक्षम होते हैं। भारत में रीट और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) की अवधारणा संस्थानों और खुदरा निवेशकों के एकत्रित कोष के माध्यम से निवेश को पुनर्वित्त कर, पूर्ण और परिचालन वाली रियल एस्टेट व बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में फंसे बैंकों के कोष को मुक्त करने के लिए की गई थी।

रिजर्व बैंक ने कहा कि इन उद्देश्यों के अनुरूप, वाणिज्यिक बैंकों को शुरुआत से ही इन संस्थाओं को ऋण देने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, बाद में इनविट्स को बैंक ऋण की अनुमति दी गई, लेकिन रीट को ऋण देने की अनुमति नहीं थी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, इनविट्स को ऋण देने के संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों को भी रीट को ऋण देने के लिए प्रस्तावित रक्षोपायों के साथ समानता के लिए सुसंगत बनाया जा रहा है।

# मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और 'रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा।

कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिली। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 723.77 अरब डॉलर पर

**सर्वकालिक उच्चस्तर**

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था। आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 562.39 अरब डॉलर रह गईं।

## सोने-चांदी की मूल्यवृद्धि से मुद्रास्फीति का अनुमान बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी**



- चालू वित्त वर्ष के लिए 2.1%, अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी वृद्धि का अनुमान

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोना-चांदी समेत कीमती धातुओं के मूल्य में बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर शुक्रवार को 2.1 प्रतिशत कर दिया है। अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी अनुमान ऊपर की ओर संशोधित किए गए हैं।

केंद्रीय बैंक ने 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति क्रमशः चार प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने दिसंबर में 2025-26 के लिए इसके दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। वहीं 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत और चार प्रतिशत आंकी गई थी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि 2026-27 की पहली व दूसरी तिमाही के लिए संशोधित सीपीआई मुद्रास्फीति अनुमान क्रमशः 4.0 प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत बना हुआ है। यह अनुकूल होने के साथ ही मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति अनुमान को मामूली रूप से ऊपर की ओर संशोधन मुख्यतः कीमती धातुओं के मूल्यों में बढ़ोतरी के कारण किया गया। इनका योगदान करीब 0.60 प्रतिशत से 0.70 प्रतिशत है। अंतर्निहित मुद्रास्फीति अब भी निम्न स्तर पर बनी हुई है।

### यूपीआई को टिकाऊ बनाने, बुनियादी ढांचे में सुधार के तरीके खोजे जाएंगे

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक यूपीआई को हितधारकों के लिए टिकाऊ बनाने और इसके बुनियादी ढांचे में सुधार करने के तरीके खोजेगा। इससे ग्राहकों के लिए भुगतान बुनियादी ढांचे से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इस समय यूपीआई सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग मुफ्त है और बैंकों को लेनदेन करने के लिए सरकार द्वारा बजटीय सहायता के माध्यम से मुआवजा दिया जाता है।

### नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर रहेंगी, एफडी पर घट जाएगा ब्याज

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि प्रमुख नीतिगत ब्याज दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा आगे इनमें और कमी भी हो सकती है। मल्होत्रा ने कहा, नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा इनमें आगे और गिरावट भी आ सकती है। उन्होंने इसके साथ यह भी कहा कि ब्याज दरों पर अंतिम फैसला एमपीसी लेगी।

## चांदी में 13,000 रुपये की टूट सोने 3,400 रुपये की गिरावट



- निवेशकों के मुनाफा वसूली करने से आई गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के लगातार दूसरे दिन मुनाफावसूली जारी रखने से चांदी लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी 13,000 रुपये यानी 4.85 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। यह बृहस्पतिवार को 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था।



# गर्भ रखने को मजबूर नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट ऐतिहासिक फैसला, नाबालिग को 30 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका बच्चे को जन्म देने का मन न हो और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे।

हालांकि सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। दोनों न्यायमूर्ति की पीठ ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए नाबालिग लड़की के गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें।



नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अदालत किसी भी महिला को अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। - **सुप्रीम कोर्ट**

### प्रजनन स्वायत्तता पर मील का पत्थर : 24 सप्ताह की कानूनी सीमा पर लड़की की इच्छा को वरीयता

यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत प्रजनन अधिकारों की व्याख्या में मील का पत्थर माना जा रहा है। क्योंकि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी अदालत ने लड़की की इच्छा को प्राथमिकता दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में डॉक्टर की सलाह से 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, विशेष श्रेणी जैसे दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमार महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह की है। इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भस्थ शिशु को गंभीर बीमारी है तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति से 24 सप्ताह बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। अगर गर्भवती महिला के जीवन को तत्काल कोई गंभीर खतरा हो तो कोई कानूनी समय सीमा नहीं लागू होती।

### किसी व्यक्ति को सिर्फ पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को महज पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारी की ओर से की जाने वाली गिरफ्तारी केवल एक वैधानिक विवेकाधिकार है, जिसे अनिवार्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के रूप में। इसका यह मतलब नहीं है कि पुलिस अधिकारी महज पूछताछ करने के लिए किसी को गिरफ्तार कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात वर्ष तक की कारावास की सजा वाले अपराध के संबंध में जांच संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिए बिना प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ सकती। इसके विपरीत कोई भी व्याख्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(1)(ख) और धारा 35(3) से 35(6) के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से विफल कर देगी। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत इस प्रश्न पर विचार कर रही थी कि क्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस उन सभी मामलों में अनिवार्य रूप से जारी किए जाने हैं जो सात साल तक के कारावास के अपराध से संबंधित हैं।

## जनता के नकारने पर कोर्ट चले आते हैं सियासी दल... जनसुराज की याचिका को किया खारिज

- प्रशांत किशोर की पार्टी ने दायर की थी बिहार चुनाव को रद्द करके दोबारा कराने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधानसभा चुनाव निरस्त किए जाने संबंधी पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की याचिका पर शुक्रवार को खारिज कर दी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने चुनाव हारने के बाद लोकप्रियता हासिल करने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश को लेकर नाराजगी भी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सवालिया लहजे में कहा, आपको कितने वोट मिले, उन्होंने कहा- जब लोग आपको नकार देते हैं तो आप राहत के लिए न्यायिक मंच का सहारा लेते हैं। किसी को तो उसी समय योजना को चुनौती देनी चाहिए थी। आप तो पूरे राज्य के चुनाव को अमान्य घोषित करने के लिए निर्देश चाहते हैं। पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला सिर्फ एक राज्य से संबंधित है, इसलिए कृपया उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं।

### मुफ्त योजनाओं का मुद्दा गंभीर, पड़ताल करेंगे

न्यायालय ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में मुफ्त योजनाओं का गंभीर मुद्दा है, जिसकी वह गंभीरता से पड़ताल करेगा। दरअसल जन सुराज पार्टी ने याचिका में बिहार चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला दिया था। कहा गया था कि कर्ज में डूबी राज्य सरकार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर चुनाव से ठीक पहले 15,600 करोड़ रुपये बांट दिए, जिससे अन्य दलों को समान अवसर नहीं मिल पाया। वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि जिस योजना के तहत भुगतान किया गया था, उसकी घोषणा चुनाव से ठीक पहले की गई थी और भुगतान तब किया गया जब चुनाव आचार संहिता लागू थी।

## दल बदल मामले पर तीन सप्ताह में फैसला करें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष वर्ना अवमानना कार्यवाही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर सकारात्मक रूप से निर्णय लें वर्ना उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि दिसंबर 2025 में सात याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, जबकि तीन अभी भी लंबित हैं। तेलंगाना राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ को सूचित किया कि लंबित तीन मामलों में से एक पर निर्णय ले लिया गया है और शेष दो पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# लोकसभा में गतिरोध बरकरार, हंगामे के बीच कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन में सोमवार से गतिरोध बना हुआ है और कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने, विपक्ष के आठ सदस्यों को आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने समेत कई मुद्दों पर हंगामा कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के जवाब के बिना पारित कर दिया गया था। लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को जब एक बार के स्थगन के बाद शुरू हुई तो स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'जो उचित समझो, वो करो' (नरवड़े के संस्मरण का एक वाक्य) के नारे लगाए।

### विपक्ष ने लगाए 'जो उचित समझो, वो करो' के नारे



संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया।

### विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अमेरिका के साथ देश के व्यापार समझौते, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विवाद और लोकसभा से आठ सदस्यों के निलंबन को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार के निकट एकत्र हुए और उन्होंने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नरवणे के संस्मरण में उद्धृत एक अंश का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष कटाक्ष किया, जो उचित समझो, वो करो। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संसद के वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए सांसद और कई अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। उन्होंने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का हवाला देते हुए 'ट्रैप डी' लिखा हुआ था।



### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन एवं तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

## हिमंत के सांप्रदायिक बयानों का संज्ञान ले असम हाईकोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

- शिक्षाविदों, चिकित्सकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 प्रमुख नागरिकों ने की अपील

शिक्षाविदों, चिकित्सकों, लेखकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 से ज्यादा जाने-माने नागरिकों ने पत्र लिखकर गुवाहाटी हाईकोर्ट से अपील की है कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के एक खास समुदाय के खिलाफ हाल ही में दिए गए बयानों पर स्वतः संज्ञान ले। इन लोगों ने कहा है कि संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ चुप्पी या निष्क्रियता संविधान की नैतिक शक्ति को कमजोर कर सकती है।

मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार को बृहस्पतिवार को लिखे एक पत्र में नागरिकों ने हाईकोर्ट का ध्यान हिमंत विश्व शर्मा के उन सार्वजनिक बयानों की ओर आकृष्ट किया है उच्च जो प्रथमदृष्टया नफरती भाषण, सरकारी धमकी और एक खास समुदाय को खुलेआम बदनाम करने जैसे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री की 'मियां' (बांग्ला भाषी मुसलमानों) के खिलाफ टिप्पणियों का जिक्र किया गया है।

# सरकार गठन में कुकी विधायकों की भागीदारी का विरोध, रैली निकाली

● मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों में विरोध प्रदर्शन में हजारों शामिल

इंफाल/चूराचांदपुर, एजेंसी

मणिपुर में सरकार गठन में कुकी समुदाय के तीन विधायकों की भागीदारी के खिलाफ राज्य के तीन पहाड़ी जिलों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विधायकों पर समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

चूराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने कुकी विधायक नेमचा किपगेन, जो समुदाय से आने वाले एलएम खौते और हमार जनजाति से ताल्लुक रखने वाले एन सनाते के पुतले जलाए। ये तीनों ही विधायक सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े हुए हैं। किपगेन ने राज्य की नवगठित सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। कांगपोकपी और तेंगनुपाल जिलों में भी विरोध रैलियां निकाली गईं। चूड़ाचांदपुर में कुकी महिला मानवाधिकार संगठन (केडब्ल्यूओएचआर) और स्वदेशी जनजातीय नेता मंच की महिला शाखा ने सरकार गठन में किपगेन की भागीदारी के विरोध में संयुक्त रूप से रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने कोइटे मैदान से स्मृति दीवार तक लगभग तीन किलोमीटर मार्च किया।

### विधायकों के घर की बढ़ाई गई सुरक्षा

विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर चूराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल जिलों में तीनों विधायकों के आवासों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। इस बीच, नवगठित सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले गोविंदास कोंथौजम ने कहा कि चूड़ाचांदपुर में थोड़ी अशांति है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारी अपना गुस्सा और असंतोष जाहिर कर रहे हैं। कुछ नहीं होगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

## आसमान में तैरती मौत की डोर

# चाइनीज मांझा



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एक युवा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव मोहम्मद शोएब अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी हवा में लहराते हुए चाइनीज मांझे ने उनकी गर्दन को रेत दिया। यह कोई पहली घटना नहीं है; पिछले कुछ महीनों में जौनपुर, मेरठ और शाहजहांपुर जैसे शहरों से भी ऐसी ही रूह कंपा देने वाली खबरें आई हैं। जिसे हम चाइनीज मांझा कहते हैं, वह अब केवल पतंगबाजी का शौक नहीं, बल्कि सड़कों पर मौत का जाल बन चुका है। चाइनीज मांझा पर कानूनी रोक के बावजूद इसकी बिक्री जारी है, जो प्रशासन की विफलता और समाज की लापरवाही का परिणाम है। यह समझना जरूरी है कि चंद रुपयों का मजबूत मांझा किसी के घर का चिराग बुझा सकता है।

### क्या है चाइनीज मांझा

- आम धारणा के विपरीत, अधिकांश चाइनीज मांझा चीन से नहीं आता, बल्कि इसका नाम इसकी मजबूती और सिंथेटिक बनावट के कारण पड़ा है।
- बनावट : यह पारंपरिक सूती धागे के बजाय नायलॉन या प्लास्टिक (सिंथेटिक) जैसे मोनोफिलामेंट धागे से बना होता है।
- घातक कोटिंग : इस धागे पर पिसे हुए कांच, लोहे के चूरे, टंगस्टन कार्बाइड और औद्योगिक गोंद की परत चढ़ाई जाती है।
- क्यों है जानलेवा : नायलान का बना यह धागा इतना मजबूत होता है कि त्वचा, नसें और पतली हड्डी को भी आरी की तरह काट सकता है।

### सरकारों का कदम और अदालती आदेश

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) : 2017 में ही एनजीटी ने पूरे देश में नायलॉन या किसी भी सिंथेटिक मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।
- सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट : विभिन्न अदालतों ने सरकारों को फटकार लगाते हुए इस पर प्रभावी रोक लगाने और पीड़ितों को मुआवजा देने की नीति बनाने के निर्देश दिए हैं।
- उत्तर प्रदेश सरकार की सख्ती : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया मौतों के बाद कड़े आदेश दिए हैं। अब यूपी में चाइनीज मांझे से होने वाली मौत को 'हत्या' की श्रेणी में रखकर मुकदमा चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे राज्य में छापेमारी और अवैध बिक्री करने वालों पर रासुका जैसी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।
- पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 : इसके तहत दोषी पाए जाने पर 5 साल की जेल और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### डराता हुआ सच

- उत्तर प्रदेश के आंकड़े : अकेले पिछले एक साल में यूपी में कम से कम 6 लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। जौनपुर में एक फिजियोथेरेपिस्ट और एक प्रोफेसर की मौत हुई, जबकि मेरठ और अलीगढ़ में भी युवाओं ने अपनी जान गंवाई।
- राष्ट्रीय स्थिति : दिल्ली, राजस्थान (जयपुर/कोटा) और तेलंगाना (हैदराबाद) में मकर संक्रांति और स्वतंत्रता दिवस के आसपास मौतों का ग्राफ तेजी से बढ़ता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि पिछले दो वर्षों में दिल्ली, यूपी और राजस्थान में कम से कम 15 मौतें दर्ज की गई हैं।

### सुरक्षा के उपाय

- बाइक चलाते समय फुल-फेस हेलमेट पहनें और उसका वाइजर नीचे रखें। गले में मफलर या कोई मोटा कपड़ा लपेटें। फ्लाईओवर्स और ब्रिज पर बाइक की रफ्तार धीमी रखें। बाइक के हैंडलबार पर यू-गार्ड लगवाएं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने जब्त किए दो विदेशी तेल टैंकर

**मस्कट।** ईरान ने फारस की खाड़ी में ईंधन की कथित तस्करी कर रहे दो विदेशी तेल टैंकर को जब्त किया है। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट में इन टैंकर की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया गया और न ही यह बताया गया कि उन पर किस देश का झंडा था। रेवोल्यूशनरी गार्ड की नौसेना के क्षेत्रीय कमांडर जनरल हैदर होनारियन मोजर्रद ने कहा कि टैंकर डीजल समेत लगभग 10 लाख लीटर ईंधन (लगभग 6,300 बैरल) ले जा रहे थे और उन्हें फारसी द्वीप के पास जब्त कर लिया गया तथा बुशहर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों टैंकर पर सवार चालक दल के 15 सदस्य न्यायिक निकायों की हिरासत में हैं लेकिन उन्होंने उनकी राष्ट्रीयता के बारे में जानकारी नहीं दी।

### जिमी लाई को सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके एप्पल डेली अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है।

### नेपाल में बस दुर्घटना में 13 लोगों की गई जान

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लोगों को ले जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इलाज के दौरान पांच और लोगों ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया। यह हादसा गुरुवार को नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश में हुआ था। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पांच अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### तुर्की में मोसाद के लिए जासूसी में दो गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के अधिकारियों ने इजराइल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के लिए जासूसी करने के संदेह में इस्तांबुल में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। संदिग्धों को मोनिटम नामक एक जासूसी अभियान के तहत हिरासत में लिया गया। यह अभियान अभियोजक कार्यालय और इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद विरोधी शाखा के समन्वय में तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन द्वारा चलाया गया था। दोनों संदिग्धों ने मुख्य रूप से इजराइली नीतियों का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों से संपर्क कर खुफिया जानकारियां एकत्र की।

# अमेरिका ने दी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की चेतावनी

## ईरान में वर्चुअल यूएस एंबेसी ने कहा-खुद निकलें, मदद का इंतजार न करें

● दोनों देशों के बीच बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए जारी किया परामर्श

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान में में रह रहे अपने नागरिकों को दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर चेतावनी जारी की है और उन्हें देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में वर्चुअल यूएस एम्बेसी की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक ईरान से प्रस्थान की ऐसी योजना बनाएं जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हो, क्योंकि सुरक्षा जोखिम, अशांति और अचानक यात्रा बाधित होने की आशंका बढ़ गई है।

यह चेतावनी ओमान में शुक्रवार को अमेरिका-ईरान वार्ता से ठीक पहले जारी की गई है। दूतावास ने सड़क बंदी, सार्वजनिक परिवहन में व्यवधान, व्यापक इंटरनेट प्रतिबंध और उड़ानों के रद्द होने का उल्लेख किया है। हाल के सप्ताहों में तनाव और बढ़ा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों का बेड़ा तैनात करने की घोषणा की थी, जिसमें विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और उसके एस्कॉर्ट जहाज शामिल हैं। परामर्श में कहा गया है कि इंटरनेट व्यवधान जारी रह सकते हैं, इसलिए वैकल्पिक संचार व्यवस्था अपनायें। परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नागरिकों को आर्मेनिया या तुर्किये के रास्ते जमीनी मार्ग से निकलने पर विचार करने की सलाह दी गई है। उड़ानें थोड़ी सूचना पर रद्द या बाधित हो सकती हैं, इसलिए एयरलाइंस से सीधे पुष्टि करने को कहा गया है। जो लोग तुरंत नहीं निकल सकते, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने, भोजन-पानी-दवाइयों का पर्याप्त भंडार रखने, प्रदर्शनों से दूर रहने और लो-प्रोफाइल बने रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय मीडिया पर नजर रखने, फोन चार्ज रखने, परिजनों से नियमित संपर्क बनाए रखने और रीयल-टाइम सुरक्षा अपडेट के लिए स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण कराने को कहा गया है।



### ईरान ने सैन्य बेस पर तैनात की बैलिस्टिक मिसाइल

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल खोर्रमशहर-4 को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। खोर्रमशहर-4 की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर है और यह 1,500 किलोग्राम तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता।

### दोनों देशों में दूसरे दौर की वार्ता शुरू

**तेहरान।** ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का दूसरा चरण ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो गया है। ईरान की आधिकारिक संवाद समिति इरना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पहले चरण में विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी योजना ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अल्बुसैदी को दी। इसके बाद ओमानी विदेश मंत्री ने इस प्रस्ताव को अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के नेतृत्व वाली अमेरिकी वार्ता टीम तक पहुंचाया। दूसरे चरण में ईरान के प्रस्ताव पर अमेरिकी दल की प्रतिक्रिया ईरानी पक्ष को भेजी जाएगी।

## बांग्लादेश से भारत के संबंध अन्य देशों के रिश्तों से अलग

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध अन्य देशों के साथ उसके संबंधों से अलग हैं और नई दिल्ली की नजर राष्ट्रीय हितों को प्रभावित करने वाले घटनाक्रमों पर बनी रहती है तथा उनकी रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाते हैं। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन के बारे में अंतरिम सरकार को सभी संबंधित वार्ताओं में जानकारी दी गई है। एक और प्रश्न के लिखित उत्तर में, मंत्री ने कहा कि वह पड़ोस में होने वाले घटनाक्रमों पर लगातार नजर रखती है। सिंह ने कहा, सरकार पड़ोसियों के साथ उसके संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, जो बहुआयामी हैं और आपसी हितों, संवेदनशीलता और मौजूदा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार विकसित होते हैं। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध वर्तमान में एक संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं और क्या पाकिस्तान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, जो देश के लिए हानिकारक हो सकता है।

# रूस में सेना के खुफिया उपप्रमुख को मारी गोली

● अस्पताल में भर्ती, किसी ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर ने सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेव को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव (64) पर हमले की यह घटना रूस के कई वरिष्ठ सैन्य एवं खुफिया अधिकारियों की हत्या के बाद सामने आई है, जिनके लिए मॉस्को ने यूक्रेन को दोषी ठहराया है।

जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेत्रेंको ने एक बयान में कहा कि मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक अपार्टमेंट में एक अज्ञात हमलावर ने लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव को कई गोलियां लगी हैं और उनका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पेत्रेंको ने यह नहीं बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर हमले के पीछे किसका हाथ हो सकता है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव साल 2011 से रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रथम उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सीरिया में मॉस्को के सैन्य अभियान में अहम भूमिका निभाने के लिए हीरो ऑफ रूस पदक से सम्मानित किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की यह घटना यूक्रेन में लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी, यूक्रेनी और अमेरिकी वार्ताकारों के बीच अबू धाबी में संपन्न दो दिवसीय वार्ता के एक दिन बाद हुई है।

### पहले भी हुए हैं सैन्य अफसरों पर हमले

रूसी अधिकारियों ने रूस में कई सैन्य अधिकारियों और सार्वजनिक हस्तियों की हत्याओं के लिए कीव को दोषी ठहराया है। यूक्रेन ने इनमें से कुछ हत्याओं की जिम्मेदारी भी ली है। पिछले साल दिसंबर में रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के परिचालन प्रशिक्षण निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवरोव की एक कार बम हमले में मौत हो गई थी। इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव और इगोर किरिलोव की कार बम हमले में मौत हो गई थी।

# पाकिस्तान में शिया मस्जिद में आत्मघाती हमलावर ने किया विस्फोट, 31 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● जुमे की नमाज के दौरान हुए धमाके में 169 अन्य नमाजी हुए घायल



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद सह इमामबारगाह में शुक्रवार को नमाज के दौरान हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत हो गई और 169 अन्य घायल हो गए। मरने वालों में इस्लामाबाद पुलिस महानिरीक्षक के एक चचेरे भाई भी शामिल हैं, जिनकी पहचान हसन के रूप में हुई है।

पुलिस और जिला अधिकारियों ने बताया कि यह धमाका तरलाई इलाके में इमामबाड़ा के द्वार पर हुआ, जब नमाज़ी नमाज के लिए अंदर जा रहे थे। धमाके से आस-पास के घरों की खिड़कियां टूट गईं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अब तक 31 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, लेकिन कई घायल गंभीर हालत में हैं, जिससे मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने इमामबाड़ा में जबरन घुसने की कोशिश की, लेकिन द्वार पर रोके जाने के बाद उसने अपने विस्फोटक जैकेट में धमाका कर खुद को उड़ा दिया।

जांचकर्ताओं ने हमलावर को आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जोड़ा है, जिसे पाकिस्तानी अधिकारी फितना अल-ख्वारिज भी कहते हैं। आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और तरलाई जाने वाली सड़कों को सील कर दिया गया।

एंबुलेंस घायलों को कई अस्पतालों में ले गईं, जबकि बम निरोधक टीमों और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया। रेंजर्स और सेना के जवानों की एक अतिरिक्त टुकड़ी भी तैनात की गई। इस्लामाबाद के सभी अस्पतालों को आपातकालीन स्थिति में रखा गया, कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं और अतिरिक्त चिकित्सा आपूर्ति जुटाई गई।

## मोदी के स्वागत पर नृत्य में रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान एक बड़े नृत्य प्रदर्शन के जरिए मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 750 से ज्यादा कलाकार एक साथ नृत्य करेंगे। आयोजकों के मुताबिक, इसमें एक ही नृत्य प्रस्तुति में सबसे ज्यादा नर्तक होंगे, जो भारतीय समुदाय द्वारा किए जाने वाले भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य रूपों की एक भव्य प्रस्तुति को दिखाएंगे। यह प्रस्तुति सेलामत दतांग मोदी जी कार्यक्रम में होगी, जहां प्रधानमंत्री मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भारतीय मूल के समुदाय को संबोधित करेंगे।

# शाह ने कठुआ सीमा पर सुरक्षा का लिया जायजा

जम्मू, एजेंसी

● बीएसएफ के जवानों से बातचीत कर बढ़ाया उनका हौसला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को कठुआ में अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे अग्रिम क्षेत्रों में पहुंचे। गृह मंत्री ने हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबियां सीमा चौकियों का दौरा किया और सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की।

शाह का यह दौरा सीमा पर बढ़ायी गई चौकसी के बीच हो रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना है। साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान भी तेज किए गए हैं, जिनमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और किश्तवार जिलों में लगभग करीब 12 मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद के चार पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। शाह गुरुवार देर रात जम्मू पहुंचे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। कठुआ में गृह मंत्री ने बोबियां में सीमा रक्षकों के लिए छह कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया व आधारशिला रखी। शाह जम्मू के लोक भवन में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## केस स्थगन की नीरव मोदी की याचिका खारिज


**लंदन।** लंदन उच्च न्यायालय ने बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें उसने दृष्टिहीनता, अवसाद और जेल की बाध्यताओं के कारण अपने मुकदमे को स्थगित करने का अनुरोध किया।

नीरव (54) पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर के धोखाधड़ी और धन शोधन मामले में भारत प्रत्यर्पित किए जाने का विरोध कर रहा है। वह उत्तरी लंदन की एचएमपी पेंटनविले जेल से वीडियोलिंक के माध्यम से 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बैंक ऑफ इंडिया के अलग मामले में मुकदमा पूर्व समीक्षा के लिए पेश हुआ।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 8 फरवरी 02.54 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 8 फरवरी 02.28 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** - आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नए संपर्कों से आपको लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। व्यस्तता के बावजूद कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**वृष** - आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को चिंता रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मिथुन** - आज अधीनस्थ कर्मचारियों का काफी अच्छा सहयोग मिलेगा। मौसम में बदलाव के कारण परेशानी हो सकती है। क्रोध को अपने ऊपर हावी न होने दें। अपने काम की गुणवत्ता में कमी न आने दें। प्रशासन के लोगों से आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**कर्क** - आज कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संबंध बनेंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। कोई बड़ी डील आपको मिल सकती है।

**सिंह** - आज व्यापार में आपको कुछ आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। मानसिक शांति में कमी रहेगी। बातचीत के दौरान शब्दों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या** - आज राजनीति से जुड़े लोगों की छवि बहुत अच्छी होगी। आप व्यवसाय के लिए लोन ले सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** - आज आपके काम अंतिम समय में खराब हो सकते हैं। भ्रमित करने वाले समाचारों से दूरी बनाकर रखें। अनावश्यक यात्रा हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर अचानक काफी दबाव बढ़ने वाला है। माता-पिता से बहसबाजी न करें।

**वृश्चिक** - आज बड़े भाई-बहनों से मनमुटाव हो सकता है। लोग आपके प्रति काफी अच्छा भाव रखेंगे। कारोबार में अचानक धन लाभ हो सकता है। सभी कार्य उत्साह से करेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु** - आज विनिर्माण के कार्यों से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपकी विचारधारा से अनेक लोग प्रभावित रहेंगे। कारोबार में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। भाइयों के साथ संपत्ति विवाद हल होंगे।

**मकर** - आज आप रिश्तों को अच्छी तरह से निभाएंगे, लेकिन आपको दूसरी ओर से वैसा सहयोग पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलेगा। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। खर्च बढ़ने से आपके कुछ काम प्रभावित होंगे।

**कुंभ** - आज पुराने रोग उभर सकते हैं। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। अपने पद का दुरुपयोग न करें।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। अति उत्साह में काम बिगड़ सकते हैं। भूमि-संपत्ति को लेकर होने वाले विवादों का निपटारा होगा। मित्रों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी।


## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | 6 | 8 | |
| 3 | | 2 | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | | 1 | | 7 | |
| | 9 | | | 2 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| | | 8 | | 9 | | | 2 | |
| | 5 | | 8 | | 3 | | | |
| 4 | 6 | | | | | 9 | | 8 |
| | | 7 | | 4 | | | 1 | |

### सुडोकू - 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |




# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 7 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


> भारत निश्चित तौर पर प्रबल टी-20 विश्व कप का दावेदार है और हर कोई इसे मानेगा। लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। किसी भी दिन विपक्षी टीम के दो सुपरस्टार खिलाड़ी आपको हरा सकते हैं।
>
> –केविन पीटरसन

# वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में रचा इतिहास

## अंडर-19 विश्व कप : सिर्फ 55 गेंदों पर ठोका सैकड़ा, 175 रनों के साथ सर्वोच्च स्कोरर भी बने



वैभव सूर्यवंशी।

**हरारे, एजेंसी**

चौदह साल के सूर्यवंशी ने महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी के नाम अब अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (71 गेंद में) बनाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के बेन मेयेस के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया जिन्होंने 98 गेंद में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी के दबदबे का अंदाजा इससे ही लग जाता है कि उनके 100 से 150 रन तक पहुंचने के दौरान दूसरे छोर पर खड़े वेदांत त्रिवेदी ने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी इतनी जबरदस्त थी कि आधे मैच तक भारत का रन रेट लगभग 10 था और उस चरण पर टीम का अनुमानित स्कोर 500 था।

बिहार के समस्तीपुर का यह खिलाड़ी दो घंटे से भी कम समय में क्रिकेट की दुनिया को हैरान करने के बाद 26वें ओवर में मैनी लम्सडेन की शॉर्ट गेंद को स्कूप करने की कोशिश में आउट हो गया। विकेटकीपर थॉमस रियू ने उनका कैच लपका। इंग्लैंड के खिलाड़ी सूर्यवंशी को ऐसी पारी पर बधाई देने के लिए उनकी ओर दौड़े जो विश्व कप फाइनल में अक्सर देखने को नहीं मिलती। सूर्यवंशी ने अपने कप्तान आयुष म्हात्रे (51 गेंद में 53 रन) के साथ सिर्फ 19 ओवर में 142 रन बनाए। म्हात्रे अपना अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद आउट हो गए। सूर्यवंशी ने अकेले इसी चरण में 22 छक्के लगा दिए और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2022 में 18 छक्कों का रिकॉर्ड बनाया था।

सूर्यवंशी इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट और ऑफ-स्पिनर फरहाद अहमद पर क्रमशः 27 और 22 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद अभिज्ञान कुंडू (31 गेंद में 40 रन), वेदांत त्रिवेदी (36 गेंद में 32 रन), विहान मल्होत्रा (36 गेंद में 30 रन) और कनिष्क चौहान (20 गेंद में नाबाद 37 रन) ने योगदान दिया। भारत 400 रन के पार पहुंचकर जीत का प्रबल दावेदार बन गया था और उनके गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कुछ हद तक यह उपलब्धि अतीत की विश्व स्तरीय भारतीय अंडर-19 टीम के कारनामों से मिलती-जुलती थी जिसमें कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ी शामिल थे।


जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम। एजेंसी

### भारत

**411/9** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| आरोन जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 |
| सूर्यवंशी का रियू बो लम्सडेन | 175 |
| आयुष म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 |
| वेदांत त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 |
| विहान का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 |
| खिलन पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

### सूर्यवंशी ने 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' स्टाफ को समर्पित किया

युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शानदार पारी खेलने के बाद मिला 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' पुरस्कार भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ को समर्पित किया। सूर्यवंशी अंडर-19 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने 80 गेंद में 175 रन की तूफानी पारी खेलकर बड़े मंच पर धमाल मचाया और भारत को इंग्लैंड पर 100 रन की जीत के साथ रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया। पुरस्कार वितरण समारोह में सहयोगी स्टाफ के योगदान को सराहा।

### हाईलाइट

#### रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का तरीका हो सकता है : नेत्रवलकर

**मुंबई।** पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के नायक और भारत के खिलाफ दो अहम विकेट चटकाने वाले अमेरिका की टीम के खिलाड़ी सौरव नेत्रवलकर का मानना है कि भारतीय उपमहाद्वीप में खेलते समय रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। अमेरिका की टीम शनिवार से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। नेत्रवलकर मुंबई के उन तीन खिलाड़ियों में से एक होंगे जो भारत के खिलाफ अमेरिका के लिए मैदान पर उतर सकते हैं। नेत्रवलकर वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय सरजमीं पर अपने पहले मैच के लिए तैयार हैं, लेकिन चुनौतियों से भी वाकिफ हैं।

#### अभ्यास मैच में इटली ने यूएई को हराया

**चेन्नई।** एंथनी मोस्का (56) और जस्टिन मोस्का (48) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इटली ने शुक्रवार को विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 112 रनों से शिकस्त दी। आज यहां टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इटली ने 20 ओवर में सात विकेट पर 193 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद यूएई को सिर्फ 81 रन पर समेट कर 112 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

#### मुंबई पर कर्नाटक ने बनाया दबदबा

**मुंबई।** प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा और श्रेयस गोपाल की शानदार गेंदबाजी के बाद मयंक अग्रवाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध (21 रन पर तीन विकेट) और कावेरप्पा (38 रन पर तीन विकेट) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (चार रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए। वह मुंबई से अब सिर्फ 10 रन पीछे हैं और उसके आठ विकेट बचे है। अन्य मध्यप्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 194 रनों पर समेट दिया। कुलदीप सेन ने पांच विकेट लिए।

# ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का प्रबलतम दावेदार

**टी-20 विश्व कप आज से**

- भारत और श्रीलंका में संयुक्त रूप से हो रहा आयोजन
- पहली बार टी-20 विश्व कप में भाग ले रहीं 20 टीमें
- फुटबॉल प्रेम के लिए मशहूर इटली भी पेश करेगा चुनौती
- अमेरिकी टीम में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले चर्चा खिलाड़ियों या खेल की नहीं बल्कि मैदान से बाहर की गतिविधियों की ही रही है और शायद राजनीति का इतना असर किसी विश्व कप पर पहले देखने में आया हो। भारत और श्रीलंका में शनिवार से टी-20 विश्व कप शुरू हो रहा है। जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है। लेकिन चर्चा खिलाड़ियों या प्रबल दावेदारों पर हो कहां रही है।

खेल की राजनीति या राजनीति में खेल का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला है। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं, अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया। दोनों देशों ने इस संकट के लिए भारत को कसूरवार ठहराया, जिसकी शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर हुई।


अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव (दाएं) व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### नजरें अमेरिका पर शानदार जीत के साथ आगाज पर

**मुंबई।** सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी, तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा होगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम बहुत मजबूत है।

**टीम : भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर।

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नीदरलैंड्स-पाकिस्तान | सुबह 11 बजे |
| स्काटलैंड-वेस्टइंडीज | दोपहर 3 बजे |
| भारत-अमेरिका | शाम 7 बजे |

### राणा चोट के कारण बाहर, मो. सिराज को मिली जगह

**मुंबई।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को टी20 विश्व कप से बाहर होना पड़ा और सूत्रों के मुताबिक उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति अच्छी नहीं लग रही। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। सूर्यकुमार ने शुक्रवार को मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा राणा का हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है।


कोलकाता में स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच की तैयारी करते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। एजेंसी

# बांग्लादेश से सहानुभूति, पर स्कॉटलैंड खेलने का हकदार

- स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने कहा- हमारी टीम ने विश्व कप के लिए की है बहुत मेहनत

**कोलकाता, एजेंसी**

स्कॉटलैंड के स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने शुक्रवार को कहा कि वह बांग्लादेश खिलाड़ियों के लिए सहानुभूति रखते हैं लेकिन आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल की गई स्कॉटलैंड टीम अपनी जगह की पूरी हकदार थी।

बांग्लादेश की टीम भारत में नहीं खेलने के अपने सरकार के रुख के कारण टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकी। वाट ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, लेकिन स्कॉटलैंड ने कड़ी मेहनत की है और उसे वैश्विक प्रतियोगिता में खेलने का पूरा अधिकार मिला है। स्कॉटलैंड शनिवार को ईडन गार्डन्स में ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। टीम की कोशिश जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने की होगी। आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद स्कॉटलैंड को अंतिम समय में प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा हमें बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए बहुत दुख है पर हमें पूरा विश्वास है कि हमें यहां होना चाहिए।

# महिला टीम खिताब बचाने में रही नाकाम

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

- पुरुष टीम को कोरिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा

**किंगदाओ, एजेंसी**

भारत की महिला टीम का खिताब बचाने का सफर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीन की दूसरे दर्जे की टीम से मिली 0-3 की हार के बाद निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया जबकि पुरुष टीम को कोरिया से 1-3 से हार मिली।

भारतीय महिला टीम ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9 . 21, 9 . 21 से हार गई ।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता 17 वर्ष की तन्वी चीनी खिलाड़ी की रफ्तार का सामना नहीं कर सकी । गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22 . 24, 18 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा ।

पहले गेम में 10 . 16 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने वापसी करके बराबरी की लेकिन करीबी मुकाबले में पहला गेम गंवा दिया । दूसरे गेम में एक समय भारतीय जोड़ी के पास 13 . 10 की बढत थी लेकिन फिर लगातार अंक गंवाकर चीनी जोड़ी को जीत सौंप दी ।

### रुद्रांक्ष पाटिल ने एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि ओलंपियन अर्जुन बबूता ने दूसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और गगन नारंग के बाद देश से उभरते हुए बेहतरीन राइफल निशानेबाजों में से एक रुद्रांक्ष ने फाइनल में शानदार 251.9 का स्कोर किया और हमवतन बबूता (250.7) की चुनौती को पीछे छोड़ते हुए दबदबा बनाया। इस जोड़ी ने विशाल सिंह के साथ मिलकर भारत को इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक भी दिलाया। बाईस साल के रुद्रांक्ष को देश के लिए कोटा स्थान हासिल करने के बावजूद पेरिस ओलंपिक से चूकने की निराशा झेलनी पड़ी थी।

**डेविस कप क्वालीफायर**

**पहले दौर में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला आज से**

# दक्षिणेश्वर सुरेश को रास आएगा तेज कोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है। इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है।

नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है। वैसे वह यहां बेंगलुरू ओपन और डब्ल्यूटीएल खेल चुके हैं लिहाजा हालात से वाकिफ हैं। दक्षिणेश्वर पिछले साल स्विटजरलैंड में अहम एकल मुकाबला जीते थे जिससे भारत ने विदेशी धरती पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने पहला मुकाबला जीतकर लय बनाई थी जिसके बाद नागल ने दूसरा मैच जीता । नीदरलैंड के खिलाड़ियों को भी तेज कोर्ट रास आते हैं और उसके खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलने के अभ्यस्त हैं। शीर्ष एकल खिलाड़ी टालोन ग्रीकस्पूर (विश्व रैंकिंग 29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) की कमी हालांकि उसे खलेगी । ऐसे में भारत के लिये बराबरी का मौका रहेगा।


बाएं से, नीदरलैंड्स के सैंडर एरेंड्स, डेविड पेल, मैक्स हाउकेस, गाइ डेन ओडेन, जेस्पर डे जोंग और पॉल हारहुइस, भारत के कप्तान रोहित राजपाल, सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी। एजेंसी

### नीदरलैंड्स की अगुआई कर रहे जोंग

नीदरलैंड्स टीम की अगुवाई 88वीं रैंकिंग वाले जेस्पर डे जोंग कर रहे हैं जिन्होंने शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। वहीं 162वीं रैंकिंग वाले गाय डेन ओडेन डेविस कप में पदार्पण कर रहे हैं जिन्हें इस स्तर पर खेलने का अनुभव नहीं है। युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी ।